ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • फाल्गुन शुक्ल पक्ष 10 • विक्रम संवत 2079 • गुरुवार, 02 मार्च 2023 • वर्ष-24 • अंक-31 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 1.50

'चंद्रमुखी 2' के सेट पर लौटीं कंगना... पेज 12 पर





# रेलवे की रिपोर्ट आने के बाद राज्य सरकार कार्रवाई करेगी : बादल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन बुधवार को विधायक अमित कुमार यादव के सवाल पर मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि जिन जगहों की विधायक बात कर रहे हैं वहां की रिपोर्ट लेकर केंद्र सरकार को पत्र लिखा जायेगा। उन्होंने बताया कि उन जगहों पर रेलवे ट्रैक की घेराबंदी को लेकर रेलवे को पत्र भी लिखा गया है। रेलवे की रिपोर्ट आने के बाद राज्य सरकार आगे की कार्रवाई करेगी। अमित कुमार यादव ने सदन में कहा कि केंद्र सरकार दिल्ली से कोलकाता तक हाई स्पीड ट्रेन का ट्रैक बनवा रही है, जहां-जहां ट्रैक घनी आबादीवाले जगह से गुजर रहा है। वहां घेराबंदी की जा रही है। इसके कारण हजारीबाग जिला के चलकुशा प्रखंड के ऋकी मास्केडीह, कोडरमा के जयनगर प्रखंड के गड़गी, धरौजा, गोहाल, यदुवाडीह से पीसपीरो, हीरोडीह से रेभनाडीह समेत अन्य जगहों पर घेराबंदी होने से आम लोगों का आवागमन बंद हो जायेगा। इसलिए जिन जगहों से ट्रैक गुजर रहा हो वहां अंडरपास का निर्माण कराया जाये। विधायक ने कहा कि जबतक कोई वैकल्पिक व्यवस्था न हो तबतक सड़कों को न घेरा जाये। इस बाबत जिलों के डीसी को निर्देश दिया जाये। कांग्रेस विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि आज देश में राज्यपालों की भूमिका टीम के 12वें प्लेयर के रूप में दिख रही है। ये लोकतंत्र के लिए बहुत खतरनाक है। केरल में राज्यपाल ने बजट सत्र में सरकार के अभिभाषण के कुछ अंश छोड़ दिये और चले गए। यह संविधान के साथ मजाक है।

## सीए सुमन कुमार के आरोप गठन पर सुनवाई दो मार्च को

**रांची।** ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में बुधवार को निलंबित आईएएस पूजा सिंघल के सीए सुमन कुमार, बर्खास्त जूनियर इंजीनियर राम बिनोद प्रसाद सिन्हा और खूंटी के तत्कालीन सहायक अभियंता शशि प्रकाश की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई। कोर्ट ने सुमन कुमार और शशि प्रकाश पर आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई के लिए दो मार्च की तिथि निर्धारित की। राम विनोद प्रसाद सिन्हा के खिलाफ पूर्व में आरोप गठन हो चुका है। उल्लेखनीय है कि सुमन कुमार , राम विनोद सिन्हा और शशि प्रकाश अभी जेल में है। सुमन कुमार , राम विनोद सिन्हा जमानत याचिका ईडी कोर्ट खारिज कर चुका है। प्रवर्तन निदेशालय ने ईडी की अदालत में इन चारों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। आरोप पत्र में बताया गया है कि चतरा, खूंटी और पलामू डीसी रहते हुए पूजा के खाते में सैलरी से 1.43 करोड़ अधिक थे।

## जोरार में होली मिलन समारोह का आयोजन

**नामकुम।** नामकुम जोरार स्थिति कांग्रेस के महासचिव सह समाजसेवी रमेश पांडे के निवास स्थान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान हिनू मंडली द्वारा होली भजन कीर्तन का आयोजन किया गया।इस मौके पर मुख्य अतिथि से थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुनील तिवारी शामिल हुए। इस मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि होली पर आपसी भाईचारा का संदेश देता है, लोगों को किसी बिना भेदभाव के साथ इस पर को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की जरूरत है। इस मौके पर विनय मिश्रा, सतनारायण यादव,बबलू मुंडा, अनिरुद्ध पांडे, मनीष यादव, रामकुमार, प्रभात झा,परमेश्वर मिश्रा, सीता मुंडा, प्रिया मुंडा, सावित्री मुंडा, ललिता कच्छप सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# शहर में जंगली हाथियों ने किया प्रवेश, दहशत में लोग

### राजा साहेब के चहारदीवारी समेत खपचा बेड़ा गाँव के दर्जनों घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया था

**नवीनमेल संवाददाता। सिल्ली**
सिल्ली शहर के समीप फिर मंगलवार की रात हाथियों का झुंड फिर से आ गया है।सिल्ली के रिहायशी इलाके के समीप अंबेडकर पार्क के निकट से रात के 10 बजे हाथियों का झुंड गुजरा। इस खबर से आसपास के लोग सहमे से है। खबर लिखे जाने तक हाथी इन्ही पार्क के इलाके के आसपास ही जमे हुए है लोग हाथियों के डर के मारे रत जगा कर रहे है। ज्ञात हो कि पिछले शनिवार को ही हाथियों ने शहर के समीप ही आतंक मचाया था। राजा साहेब के चहारदीवारी समेत खपचा बेड़ा गाँव के दर्जनों घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया था।इस सम्बंध में और अधिक जानकारी लेने के लिये वन विभाग के जयप्रकाश साहू को कई बार फोन लगाया पर उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

**जंगलों में आग लगी हाथी जाएं तो जाये कहां:** सिल्ली के शहरी इलाके में हाथियों का झुंड आ चुका है इसे भागने के लिये वन विभाग एवं हाथी भगाओ दल लगे है। दूसरी ओर सिल्ली के नजदीक के जंगलों में मंगलवार को आग लगा दिये गये। लोवापीडी के निकट एवं आसपास के पहाड़ों एवं जंगलों में आग की ऊंची लपटें देर रात तक देखी जा रही थी।भयावह आग की रोशनी दूर तक जा रही थी ऐसे में हाथी जाएं भी तो कहां अगर उन्हें खदेडे भी तो वे आग की लपटों के डर से जंगलों में नहीं जा सकते नतीजा हाथियों को गावं के निकट ही शरण लेना पड़ रहा है।

## चैंबर के कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

# होल्डिंग टैक्स, बिजली खनन मामलों पर हुई चर्चा





**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स की कार्यकारिणी समिति की सातवीं बैठक बुधवार को संपन्न हुई। इस दौरान झारखंड बजट पर चैंबर द्वारा दिये गये सुझावों पर बैठक के दौरान चर्चा की गई। चैंबर महासचिव डॉ। अभिषेक रामाधीन ने अवगत कराया कि राज्य के स्थानीय स्टेकहोल्डर्स के अनुकूल नीतियों का समायोजन हो सके, इस हेतु फेडरेशन द्वारा बजट के लिए हर जरूरी सुझाव दिये गये हैं। गिरिडीह से क्षेत्रीय उपाध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल ने कहा कि सरकार को समीक्षा कर, वैध खनन में आ रही बाधा को दूर करने की पहल करनी चाहिए। उन्होंने गिरिडीह जिले में पावरकट के कारण हो रही परेशानियों से भी अवगत कराया। होल्डिंग टैक्स में अप्रत्याशित वृद्धि से हो रही परेशानियों से लोहरदगा चैंबर के पदाधिकारियों ने आपत्ति जतायी। यह कहा गया कि धर्मशालाओं से भी कई गुणा टैक्स मांगी जा रही है जबकि धर्मशाला का संचालन व्यापारिक उद्देश्य से नहीं होता है। यह चैरिटेबल संस्था है। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने अवगत कराया कि चैंबर द्वारा दस बडे संस्थान और प्रतिष्ठानों की वर्षवार तुलनात्मक विवरणी उपलब्ध कराते हुए सरकार से होल्डिंग टैक्स में कमी का आग्रह किया गया है। सरकार ने उचित कार्रवाई के लिए आश्वस्त किया है। बैठक के दौरान व्यापारियों ने ट्रेड लाइसेंस लेने की प्रक्रिया की जटिलताओं से अवगत कराते हुए इसके सरलीकरण का आग्रह किया। व्यापारियों ने कहा कि कागजातों की अधिकता के कारण कई व्यापारी ट्रेड लाइसेंस लेने से वंचित रह जा रहे हैं। राजधानी रांची में जी20 समिट के आयोजन पर प्रसन्नता जताते हुए चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने व्यापार जगत से डेलिगेट्स के स्वागत में अपने प्रतिष्ठानों को सुसज्जित करने की अपील की।

## शहरी क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुगम करने का निर्देश

**रांची।** आईसीएसई की परीक्षा को लेकर शहरी क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुगम करने के संबंध में पुलिस उपाधीक्षक, यातायात प्रथम एवं द्वितीय तथा शहरी क्षेत्र के सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया गया है। वर्तमान में सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एडूकेश (सीबीएसई) एवं इंडियन सर्टिफिकेट ऑफ सेकेंडरी एडूकेशन बोर्ड की 10वीं (दसवीं) एवं 12ईं (बारहवीं) की परीक्षा क्रमशः दिनांक- 15।02।2023 एवं 27।02।2023 से राँची जिला अन्तर्गत विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर आरम्भ हो चुकी है एवं परीक्षा की अंतिम तिथि 05 अप्रैल, 2023 है। इस पूरी अवधि में छात्रों को परीक्षा केन्द्रों पर जाने के क्रम में ट्रैफिक जाम की समस्या का सामना न करना पड़े इसके लिए निर्धारित समय पूर्वाह्न 10:30 बजे से पूर्व सुगम यातायात व्यवस्था बनाये रखने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित का निर्देश दिया गया है।

# श्री श्याम मण्डल का तीन दिवसीय सतरंगी मोहत्सव शुरू



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
श्री श्याम मण्डल, रांची का 3 दिवसीय फाल्गुन सतरंगी मोहत्सव के प्रथम दिन गुरुवार को को विराट श्री श्याम निशान (ध्वजा) पद यात्रा के साथ प्रारम्भ होने जा रहा है। इस निशान यात्रा में रांची एवम रांची के आस पास से 501 श्री श्याम भक्त श्री श्याम निशान को अपने कन्धे पे लहराते श्री श्याम नाम का गुण गान करते हुए श्री श्याम प्रभु को अर्पित करेंगे। इस निशान यात्रा में श्री श्याम भक्तों के लिए संपूर्ण मार्ग में प्रसाद, शुद्ध जल, जूस इत्यादि की वयवस्था रहेगी। श्री श्याम निशान यात्रा में ताशा पार्टी, ढोल, नगाड़े आगे चलेंगे साथ ही श्री श्याम मण्डल की भजन की 2 टोली श्री श्याम भक्तों के साथ श्री श्याम प्रभु के भजन नाचते गाते हुए सम्पूर्ण यात्रा में शामिल रहेंगे। इस यात्रा का मुख्य आकर्षण दिव्य रथ पर विराजमान श्री श्याम प्रभु का दिव्य स्वरूप नगर के लक्ष्मी नारायण मन्दिर से प्रारम्भ - बंसीधर अडुकिया लेन - बड़ालाल स्ट्रीट - जे. जे रोड - गांधी चौक - माडवाड़ी टोला - ढिबरी पट्टी - ईस्ट मार्केट रोड - कार्ट सराय रोड - बंसीधर अडूकिया रोड होते हुए अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में इस विराट निशान यात्रा का समापन होगा । इस यात्रा को सफल बनाने में मण्डल के सदस्यगण समर्पण भाव से लगे हुए हैं। वहीं दूसरी ओर श्री श्याम सतरंगी मोहत्सव के दूतीय दिवस एकादशी पर बसंतउत्सव भजन पुस्तिका का विमोचन श्री श्याम प्रभु का अनुपम श्रृंगार , छप्पन भोग , सवामणि भोग , संगीतमय संकीर्तन एवम इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु के साथ केसरिया होली कार्यक्रम रात्रि 9 बजे से प्रातः 4 बजे तक अग्रसेन पथ श्री श्याम मन्दिर में आयोजित है ।

# रांची विवि का तीन सदस्यीय नैक की टीम ने किया दौरा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची विश्वविद्यालय का बुधवार को तीन सदस्यीय डॉ. डीके कामले, डॉ. नीलेश पांडेय और डॉ श्रीकांत स्वामी नैक टीम ने दौरा किया। इस दौरे में नैक के बारे में प्रश्नों का समाधान किया गया। आईक्यूएसी समन्वयक डॉ स्मृति सिंह ने एक स्लाइड शो के माध्यम से रांची विश्वविद्यालय की स्थापना के बाद की उपलब्धियों को प्रस्तुत किया। साथ ही रांची विश्वविद्यालय, इसके कॉलेजों में चलाए जा रहे विभिन्न पाठ्यक्रमों और राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलों में आरयू के छात्रों के योगदान पर चर्चा की। इस दौरन कुलपति प्रोफेसर अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि नैक का दौरा रांची विश्वविद्यालय के लिए सौभाग्य की बात है। नैक के सभी विशेषज्ञों को सुनने के बाद प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया। ऑडिटोरियम में उपस्थित विभिन्न कॉलेजों के प्रमुखों, डीन और प्रोफेसरों ने अपने सवाल पूछे, जिनका तीनों सदस्यों ने जवाब दिया। कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. मुकुंद चन्द्र मेहता, परीक्षा नियंत्रक डॉ. आशा कुमार झा, डॉ. जीएस झा, सभी विभागों के हेड, डीन, शिक्षक और प्राचार्य शामिल हुए। नैक के सलाहकार डॉ. नीलेश पांडेय ने कहा कि रांची विश्वविद्यालय झारखंड का हीरा है। हम सभी विश्वविद्यालयों में उत्कृष्टता के लिए जो कुछ भी देखते हैं, हमें वह सब रांची विश्वविद्यालय में दिखता है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के अधिकारियों को उचित ग्रेडिंग के लिए सभी आवश्यक मानदंडों के अनुसार तैयारी करने की सलाह दी। नैक के एकडेमिक विशेषज्ञ डॉ. श्रीकांत स्वामी ने रिपोर्ट तैयार करने से लेकर नैक में जमा करने तक की तमाम तकनीकी विधियों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि इनमें गलतियों के कारण अच्छा विश्वविद्यालय या कॉलेज भी पिछड़ जाता है। साथ ही सलाह दी कि आपको सभी दस्तावेज और सहायक दस्तावेज ठीक से तैयार करने चाहिए। नैक के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. कांबले ने कहा कि मैं अपने अनुभवों के आधार पर कह सकता हूं कि रांची विश्वविद्यालय एक उत्कृष्ट विश्वविद्यालय बनने की राह पर है। उन्होंने कहा कि आपको नैक में केवल अच्छे ग्रेड के लिए ही काम नहीं करना चाहिए, बल्कि अपनी कमियों को पहचानने और उन्हें सुधारने के साथ-साथ अपने विश्वविद्यालय को ऊंचे स्थानों पर ले जाने का भी लक्ष्य रखना चाहिए।

## जोहार में होली मिलन समारोह का आयोजन

**नामकुम।** नामकुम जोरार स्थिति कांग्रेस के महासचिव सह समाजसेवी रमेश पांडे के नेतृत्व में उनके निवास स्थान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान हिनू मंडली द्वारा होली भजन व फागू गीत के दौरान मौजूद लोग को होलियाना कर दिया। इस मौके पर मुख्य रूप से थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुनील तिवारी शामिल हुए। समरोह के अवसर पर लोगों से थाना प्रभारी ने कहा कि होली पर आपसी भाईचारगी का पर्व है, लोगों को इस पर्व को किसी बिना भेदभाव के साथ इस पर को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की जरूरत है। इस मौके पर कांग्रेस के वरीय नेता सुरेश बैठा, विनय मिश्रा, अखिलेश सिंह, जानकी साहू, जय कुमार मिश्रा, काशीनाथ शर्मा, अनिल यादव, सत्यनारायण यादव, बबलू मुंडा, अनिरुद्ध पांडे, मनीष यादव, विनय सिंह, रामकुमार, प्रभात झा, विक्कि सिंह, सहदेव राय, साधु यादव, सिकंदर ठाकुर, परमेश्वर मिश्रा, सीता मुंडा, प्रिया मुंडा, सावित्री मुंडा, लालीत कच्छप सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# कोल इंडिया लिमिटेड को एचआर पुरस्कार से नवाजा गया



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
बुधवार को भारतीय महारत्न कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड को समावेशी कार्यस्थल के लिए वर्ष 2023 के प्रतिष्ठित आइआइएसडब्ल्यूबीएमडेव उलरीच एचआर एक्सीलेंस पुरस्कार से कोलकाता में सम्मानित किया गया। सीसीएल, रांची की ओर से जानकारी दी गयी कि निदेशक (कार्मिक एवं औ। सं), सीआइएल विनय रंजन ने कोल इंडिया की तरफ से यह पुरस्कार ग्रहण किया। यह पुरस्कार कोलकाता में हो रहे एचआर कॉन्फ्रेंस में दिया गया। कोल इंडिया लिमिटेड को यह पुरस्कार व्यावसायिक सफलता में समावेशिता को महत्व देने के लिए प्रदान किया गया। यह पुरस्कार कोल इंडिया की विविधता को बढ़ावा देने को दशार्ता है। साथ ही साथ सफल मानव संसाधन नीति को भी रेखांकित करता है। कोल इंडिया लिमिटेड हमेशा से विविधता और समावेशिता को अपने कार्य संस्कृति का अभिन्न अंग मानता है।

## कब्रिस्तान चारदीवारी निर्माण को लेकर दो गुटों में हुई झड़प

**बुढ़मू।** बुढ़मू थाना क्षेत्र के उमेडंडा गांव में बुधवार को कब्रिस्तान, चारदीवारी निर्माण मामले में हुए विवाद में दो गुटों में जमकर मारपीट हुई है, जिसमें बीच बचाव करने गए उमेडंडा गांव के कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए है। इस दौरान उत्पन्न हुए विवाद में उमेडंडा गांव निवासी अधिवक्ता सरफराज अहमद उर्फ गुड्डू गंभीर रुप से घायल हो गए। सरफराज अंसारी को मथा, चेहरा व शरीर के अन्य अंदरूनी हिस्सों मे गंभीर चोटे आयी है।, और सीएचसी केंद्र बुढ़मू में इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए उन्हें रिम्स रेफर कर दिया गया है। वही जानकारी के अनुसार दूसरे पक्ष के अलीमुदिन अंसारी का दाहिना हाथ टूट गया है, साथ घटना में शमीर उर्फ टिंकु अंसारी की आंख में चोट एवं मोबिन अंसारी को माथा में चोट आई है। सरफराज अहमद उर्फ गुड्डू के बयान पर बुढ़मू थाना मे चार नामजद सहित अन्य अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है, वहीं दूसरे पक्ष की और से भी बुढ़मू थाना में आवेदन देकर मारपीट का मामला दर्ज कराया गया है।

## बाबूलाल मरांडी ने कहा, हेमंत सरकार को पैसा खर्चा नहीं करना है

रांची। झारखंड विधानसभा में बुधवार को 4546 करोड़ 27 लाख का तृतीय अनुपूरक बजट पेश करने पर विधानसभा परिसर में पत्रकारों बातचीत में भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि खर्चा तो इन्हें करना नहीं है। इन्हें तो सिर्फ कमाना है तो खजाना से जितना निकाल सको तो निकाल लो। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जब ईडी वाले पकड़ेंगे, जब सीबीआई वाले पकड़ेंगे तो बोलेंगे कि हम आदिवासी हैं, इसीलिए हमें तंग किया जा रहा है। बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार से डॉक्टरों को सुरक्षा देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि दुखद पहलू यह है कि इस दिशा में सरकार गंभीर नहीं है, जिसके कारण एक के बाद एक घटनाएं हो रही हैं। ऐसे में सरकार को चिकित्सकों को पूरी सुरक्षा मुहैया करानी चाहिए।

**भव्य यात्रा** 751 पवित्र ध्वज का शोभायात्रा निकाली गई

# जय-जयकारों से वातावरण गूंजा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मार्च डोरी खींच के राखियो है बाबा को निशान पैदल जा लेनी है के सारे चाले बाबा श्याम के लोकप्रिय भजनों की धुन पर रांची के सड़कों पर खाटू नरेश के कांधे पर उचित ध्वज लहराते हुए चल रहे थे ढोलक डफली गिटार जांच पड़ताल की गूंज से पूरा वातावरण श्याम में हो रहा था श्री श्याम मित्र मंडल के 51वें स्थापना दिवस के पंच दिवसीय अमृत महोत्सव के दूसरे दिन बुधवार को 751 पवित्र ध्वजा की शोभायात्रा निकाली गई शोभायात्रा ज्यादा टोली महावीर चौक गांधी चौक सहित चौक कोतवाली रोड जेजे रोड कार्ड सराय रोड गाड़ी खाना होते हुए हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर पहुंची जहां सभी भक्तों ने अपनी अपनी मनोकामना ओं के साथ खाटू नरेश को पवित्र पूजित ध्वजा निशान अर्पित किया सर्वप्रथम मंदिर के सहयोगी श्री अरुण लुधियाने श्री हनुमान जी महाराज को ध्वजा निशान अर्पित किया शोभायात्रा में प्रचार वाहन सभी देवी देवताओं के बैनर लेकर भक्तजन चल रहे थे बैंड पार्टी ताशा पार्टी शोभायात्रा की शान बढ़ा रहे थे शोभायात्रा में महाराष्ट्र अकोला नांदेड़ गांव से आए रंगोली शोभायात्रा की मुख्य आकर्षण का केंद्र बनी रही धनबाद के भजन गायक पंकज मोदी पंकज सांवरिया राजस्थान से आए गौरव पारीक कोलकाता के मशहूर गायक संदीप सुल्तानिया ने अपने भजनों से भक्तों को खूब घुमाया महाराष्ट्र से आए रंगोली बनाने वाले की टीम शोभा यात्रा के संपूर्ण भाग के आगे आगे लाखों रंगोली बनाते चल रहे थे शहरवासी रंगोली बनता देख भाव विभोर हो रहे थे जीवंत झांकी सभी का मन मोह रही थी शोभा यात्रा के मुख्य रथ पर खाटू नरेश की झांकी सजाई गई थी बाबा श्याम कशिश दरबार सजाया गया था मनभावन श्रृंगार आरती की गई मुख्य रथ पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्री विश्वनाथ नर्सरिया सदस्य राजीव रंजन मित्तल आरती पूजन करवा रहे थे रथ की की जगह जगह आरती की गई शोभा यात्रा का मार्ग में अनेक जगह स्वागत तथा पुष्प वर्षा की गई पूरे मार्ग में लगभग 20000 पैकेट प्रसाद का वितरण किया गया एक सौ से ज्यादा कार्यकर्ता महोत्सव संयोजक व मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल के मार्गदर्शन में शोभायात्रा का संचालन कर रहे थे शोभायात्रा में गौरव अग्रवाल मोनू श्रवण जी प्रदीप राजगढ़िया अनिल पंकज गाड़ोदिया रोशन दिनेश अग्रवाल कृष्ण शर्मा विशाल कुमार इत्यादि शामिल ।

## सिल्ली विधायक ने पीसीसी पथ का शिलान्यास किया

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत आज बुधवार को लुपुग पंचायत में ऊपरी चट्टानी से लेकर स्टेडियम तक जिला योजना अनावदध निधि अंतर्गत 860 फीट पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह सिल्ली विधायक के द्वारा किया गया। शिलान्यास के दौरान ग्रामीणों में काफी खुशी का माहौल था। बरसात के मौसम में ग्रामीणों को आने जाने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता था। पीसीसी पथ के निर्माण के बाद ग्रामीणों को समस्याओं से निजात मिल जाएगा। इस मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष बीणा चौधरी, प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक, आजसू के केंद्रीय संगठन सचिव जयपाल सिंह, लुपुग मुखिया सीमा कुमारी, भरत सिंह मुंडा, सुरेश मुंडा, बासारुली पंचायत के मुखिया लालू राम उरांव समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन 6 मार्च को

रांची। अडाणी के पक्ष में भाजपा की मोदी सरकार की घोर पूंजीवाद की नीति के खिलाफ झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने आगामी 6 मार्च को प्रदेश के सभी प्रखंडों में राष्ट्रीयकृत बैंक या एलआईसी के कार्यालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन करने का निर्देश दिया है।

**झारखण्ड सरकार**
**ग्रामीण कार्य विभाग, मुख्य अभियंता का कार्यालय,102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची**

पत्रांक– दिनांक–

**निविदा स्थगन संबंधित सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, **राँची** के निविदा आमंत्रण संख्या– **170/RII/2022-23/ RWD/RANCHI, दिनांक– 20.02.2023, PR NO.- 290762** के द्वारा प्रकाशित निविदा में आईडेन्टीफिकेशन संख्या– **RWD/ RANCHI/38/2022-23** कार्य का नाम **"पतराहातु से दुलमीडीह तक पथ निर्माण (लं– 2.600 कि0मी0)"** कार्य की निविदा को परिणाम विपत्र (Bill of Quantity) पर अनुमोदन प्राप्त नहीं होने के कारण स्थगित किया जाता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मेन्ट सेल

PR 291596 Rural Work Department(22-23)#D

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● फाल्गुन शुक्ल पक्ष 10 ● विक्रम संवत 2079 ● गुरुवार, 02 मार्च 2023 ● वर्ष-24 ● अंक-31 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 1.50

'चंद्रमुखी 2' के सेट पर लौटीं कंगना... पेज 12 पर



## NEWS इन ब्रीफ

### रामगढ़ उपचुनाव का आज आएगा नतीजा

**रामगढ़।** रामगढ़ उपचुनाव का नतीजा गुरुवार यानि आज शाम तक आ जाएगा। सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू होगी। इसके लिए रामगढ़ कॉलेज में तीन कक्ष बनाए गये हैं। इन कक्षों में 40 टेबलों पर वोटों की गिनती होगी। इधर, मतगणना को लेकर बुधवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह रामगढ़ उपायुक्त माधवी मिश्रा ने रामगढ़ कॉलेज में तैयारियों का जायजा लिया और विभिन्न निर्देश दिए।

### सीबीआई की टीम ने रिश्वत लेते दबोचा

**धनबाद।** सीबीआई की टीम ने बुधवार को ब्लॉक दो क्षेत्र के एरिया जीएम रत्नाकर मलिक को रंगेहाथ रिश्वत लेते दबोचा। 10 की संख्या में पहुंचे टीम के सदस्यों ने मलिक के हाथों से रुपये बरामद कर उनके हाथों को धुलावाया। सीबीआई टीम ने मलिक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। एक कर्मी की शिकायत पर सीबीआई टीम ने छापेमारी की। उस कर्मी का तबादला अन्य क्षेत्र में किया जाना है। उसे रिलीज करने के एवज में रिश्वत मांगी गई थी।

### सीएम के सुरक्षा प्रभारी को ईडी ने फिर भेजा समन

**रांची।** साहिबगंज में एक हजार करोड़ के अवैध खनन में आरोपी पॉवर ब्रोकर प्रेम प्रकाश के यहां से एके-47 बरामदगी मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सुरक्षा प्रभारी विमल कुमार को ईडी ने फिर से समन भेजा है। ईडी ने चौथी बार डीएसपी विमल कुमार को समन भेजा है। पिछली बार भेजे गए समन में ईडी ने 28 फरवरी को ईडी के रांची जोनल ऑफिस में उपस्थित होने का निर्देश दिया था। लेकिन तब सीएम के सुरक्षा प्रभारी यह बताते हुए एजेंसी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए थे कि उन्होंने इस मामले में वरीय अफसरों से मंतव्य मांगा है। मंतव्य मिलने के बाद ही वह उपस्थित हो पाएंगे।

### पंकज मिश्रा मामले में पूर्व डीएसपी व पत्रकार को ईडी समन

**रांची।** साहिबगंज में एक हजार करोड़ के अवैध खनन के मुख्य आरोपी पंकज मिश्रा से न्यायिक हिरासत में गैरकानूनी तरीके से मुलाकात करने के आरोप में ईडी ने पूर्व डीएसपी व एक पत्रकार को समन किया है। साहिबगंज में पूर्व में पोस्टेड रहे डीएसपी यज्ञनारायण तिवारी को 13 मार्च को जबकि पत्रकार रवींद्र नाथ तिवारी को 14 मार्च को ईडी के रांची जोनल ऑफिस बुलाया है। ईडी सूत्रों के मुताबिक, यज्ञनारायण तिवारी ने रिम्स में आकर पंकज मिश्रा से मुलाकात की थी, तब वह पुलिस सेवा में ही थे। बीते एक माह पूर्व ही वह पुलिस सेवा से सेवानिवृत हुए हैं। वहीं, पत्रकार रवींद्रनाथ तिवारी भारत वार्ता नाम की पत्रिका के संपादक है।

## जी20 समिट में आए डेलीगेट्स का कुछ इस तरीके से हुआ जोहार





रांची में आज से जी20 प्रतिनिधि स्तर की बैठक शुरू हो रही है। रांची में जी20 देशों के प्रतिनिधि, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय की अगुवाई में क्लीन एंड ग्रीन एनर्जी और 21वीं सदी की चुनौतियों पर चर्चा करेंगे। तीन मार्च को जी20 देशों के डेलीगेट रांची के नजदीक पतरातू लेक रिसॉर्ट का भ्रमण करेंगे। विदेशी मेहमान पतरातू शिल्प ग्राम में झारखंड की मुख्य पारंपरिक वस्तुओं और कला से संबंधित प्रदर्शनी का भी अवलोकन करेंगे। इधर, जी20 की बैठक में शामिल होने के लिए विभिन्न देशों के डेलिगेट्स का आना शुरू हो गया है। सभी प्रतिनिधियों का बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर झारखंड के पारंपरिक नृत्य के साथ जोरदार स्वागत किया गया। प्रतिनिधियों के स्वागत के लिए एयरपोर्ट पर सभी तैयारियां की गई हैं। मेहमानों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो इसका पूरा ख्याल रखा जा रहा है। एयरपोर्ट पर उनके स्वागत के लिए प्रशासन की टीम मौजूद है। उनके बैठने के लिए एयरपोर्ट पर ही अलग गैलरी बनाई गई जहां उन्हें रिफ्रेशमेंट दिया जा रहा है।

## विधानसभा में सीएम का विपक्ष पर तगड़ा हमला

# पूजा आपकी देन

## बोले सीएम : डबल इंजन की सरकार थी तो झारखंड क्यों नहीं बढ़ा आगे

**जोहार बोलने में आप लोगों को क्या तकलीफ होती है?**

**जीएसटी से हर साल 6000 करोड़ की चपत लग रही है**

**आप लोग बुद्धि, धन होते हुए भी झारखंड को क्यों नहीं आगे बढ़ाए**

**आप लोगों ने ही झारखंड को लूटखंड बना डाला है हाथी उड़ा कर जमीन लूट लिया**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी ने झारखंड में सबसे लंबे अर्से तक शासन किया। उनके शासन काल में झारखंड क्यों पीछे चला गया? आप लोग बड़ा पूजा सिंघल का नाम लेते हैं। ये पूजा सिंघल भी तो आपके कार्यकाल की ही देन है। मनरेगा घोटाला क्या मेरे शासन काल में हुआ? ये भी आपकी सरकार की ही देन है। वह बजट सत्र के तीसरे दिन राज्यपाल के अभिभाषण पर बोल रहे थे। राज्यपाल का अभिभाषण ध्वनिमत से पारित हो गया। इससे साथ ही सदन की कार्यवाही गुरुवार की सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित हो गयी। बुधवार को हेमंत सोरेन हमलावर मूड में थे। उन्होंने राज्यपाल के अभिभाषण पर दिन भर चली चर्चा के बाद विपक्ष पर कड़ा प्रहार किया। हेमंत सोरेन ने कहाः आपके (भाजपा के) शासन काल में गुजरात और महाराष्ट्र का विकास हुआ लेकिन आपने झारखंड में लंबे समय तक शासन किया लेकिन राज्य आगे बढ़ने की बजाए पीछे चला गया। आखिर क्यों? झारखंड क्यों पीछे रह गया? आप लोग तो उस वर्ग से आते हैं, जिनके पास पैसा ताकत, बुद्धि सबकुछ है। हम लोग तो ठहरे आदिवासी। हम आपसे जानना चाहते हैं कि लंबे समय तक सरकार में रहने के बावजूद आपने राज्य का विकास क्यों नहीं किया? पिछली बार तो आपके पास डबल इंजन की ताकत ती। फिर क्या हो गया? आपके शासन काल में हाथी तक उड़ा दिया गया। हाथी उड़ाने के नाम पर जमीन लूट ली गई। जो व्यवस्था आपलोगों ने दी, उसे हम साफ कर रहे हैं। इसमें आप लोगों को नाराज नहीं होना चाहिए। सीएम के बयान से नाराज भाजपा विधायकों ने सदन का बायकॉट किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की पहचान और अलग वजूद बना रहे, इसकी जिम्मेदारी सांसदों, विधायकों की तो है ही, आम लोगों की भी है। विपक्ष के साथी जोहार शब्द का प्रयोग तो नहीं करते थे लेकिन आजकल पार्टी ऑफिस में ही जोहार का बोर्ड लगा रखा है। राज्यपाल और ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



### विस में 4546 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश

**बुधवार** को विधानसभा में वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने चालू वित्तीय वर्ष के लिए लगभग 4546 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट पेश किया। सदन में प्रश्नकाल भी सुचारु तरीके से चला। वहीं, सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले भाजपा के विधायकों ने नियोजन नीति की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। भाजपा विधायकों ने युवाओं को रोजगार देने के मामले को लेकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि नियोजन नीति को लेकर भाजपा के विधायक नाटक कर रहे हैं। भाजपा के बिरंची नारायण और भानु प्रताप शाही ने सूचना के तहत जरूरी मुद्दों का जिक्र किया।

### लगता है विधायक... गांजा पीकर आते हैं

**झारखंड** विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन सदन में उस समय अजीबोगरीब स्थिति पैदा हो गई जब भवनाथपुर के भाजपा विधायक भानू प्रताप शाही ने कांग्रेस विधायक उमाशंकर अकेला को कहा कि लगता है विधायक उमाशंकर अकेला सदन में गांजा फूंक के आते हैं। दरअसरल, भानू उमाशंकर अकेला द्वारा बार-बार अपना नाम लिए जाने से नाराज थे। उन्होंने स्पीकर से कहाः अध्यक्ष महोदय विधायक उमा शंकर अकेला लगता है सदन में गांजा फूंक के आते हैं। आपको (स्पीकर को) एड्रेस करने की बजाय मुझे एड्रेस कर रहे हैं। साथ ही भानू ने यह भी कहा कि सरकार अपनी उपलब्धि में पूजा सिंघल और वीरेंद्र राम को भी शामिल करे।

## आईईडी की चपेट में आने से पति की मौत, महिला घायल

**चाईबासा।** चाईबासा जिले के चक्रधरपुर में बुधवार सुबह नक्सलियों के लगाए आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से पति की मौत हो गई जबकि पत्नी घायल हो गई। मृतक ईचाहातु गांव निवासी कृष्णा पूर्ति (52) है, जबकि उसकी पत्नी नंदी पूर्ति (45) गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार, पति-पत्नी बुधवार की सुबह अपने खेत में लगी फसल देखने जा रहे थे। मुख्य सड़क से कुछ दूर पगडंडियों से होते हुए खेतों की ओर जाने के दौरान जमीन के नीचे लगा आईईडी ब्लास्ट हो गया। इससे पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को ग्रामीणों के सहयोग से घटनास्थल से घर लाया गया था, जहां कृष्णा की मौत हो गई। वहीं, महिला को अस्पताल में भर्त्ती कराया गया है।

## खनिजों के अवैध परिवहन की जांच के लिए एसआईटी गठित

**रेलवे के अधिकारियों की होगी भूमिका की जांच**

**सेवानिवृत मुख्य न्यायाधीश होंगे एसआईटी के अध्यक्ष**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य अन्तर्गत खनिजों के अवैध परिवहन में रेलवे की भूमिका की जांच एवं रोकथाम के लिए एक उच्च स्तरीय जांच समिति के गठन का निर्णय लिया है। एसआईटी के अध्यक्ष विनोद कुमार गुप्ता (सेवानिवृत मुख्य न्यायाधीश, झारखंड उच्च न्यायालय) होंगे। एसआईटी का कार्यकाल छह माह निर्धारित किया गया है। आयोग के अध्यक्ष को प्रतिमाह मानदेय, उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के समतुल्य यात्रा भत्ता एवं अन्य सुविधाएं एवं आयोग के कार्यालय हेतु एक सहायक, एक आदेशपाल, एक कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं वाहन की सुविधा उपलब्ध कराने के प्रस्ताव पर स्वीकृति दे दी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा 14 दिसम्बर 2022 को रेल मंत्री को पत्र लिख कर अवगत कराया गया था कि राज्य सरकार द्वारा अवैध खनन एवं इसके परिवहन में रेलवे पदाधिकारियों की संलिप्तता एवं अन्य सभी संबंधित बिन्दुओं की जांच हेतु एक उच्च स्तरीय जांच समिति के गठन का निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री ने पत्र के माध्यम से रेल मंत्री से आग्रह किया था कि रेलवे के पदाधिकारियों को इस उच्च स्तरीय जांच ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## क्या शिंदे गुट के विधायकों की जा सकती है सदस्यता?

**शिवसेना का व्हिप न मानना पड़ सकता है भारी**

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा : एक बार सरकार बन जाने के बाद व्हिप न मानने से जा सकती है सदस्यता**

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच जजों की संवैधानिक पीठ ने शिवसेना विभाजन मामले में सुनवाई के दौरान कहा कि एक बार सरकार बन जाने के बाद सदन के अंदर सत्ताधारी गठबंधन में शामिल राजनीतिक दल का कोई भी सदस्य व्हिप मानने को बाध्य होता है। यदि वह इसका पालन नहीं करता है, तो उसकी सदस्यता जा सकती है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि एक बार सरकार बन जाने के बाद किसी भी सदस्य के पास यह अधिकार नहीं होता कि वह गठबंधन धर्म का पालन नहीं करेगा। किसी भी राजनीतिक दल के किसी भी हिस्से को यह अधिकार नहीं है। इसको नहीं मानने से अयोग्यता का खतरा रहेगा। आप व्हिप से बंधे हैं। जब तक विलय न हो जाए, आप विधायिका के अंदर अपनी पार्टी के साथ वोट देने के लिए बाध्य हैं। सर्वोच्च न्यायालय के इस कहे के परिपेक्ष्य में देखें तो महाराष्ट्र में विधान सभा चुनाव के बाद उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना, राकांपा, कांग्रेस गठबंधन की सरकार बनी थी। बाद में भाजपा के सहयोग से शिंदे ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## अमिताभ, अंबानी और धर्मेंद्र के घर को उड़ाने की धमकी

**नागपुर।** नागपुर पुलिस कंट्रोल को फोने कर एक अज्ञात शख्स ने मुंबई के बड़े नामी लोगों के घर बम धमाका करने की बात कही गई है। सूत्रों ने बताया कि कॉलर ने दावा किया की व्यापारी मुकेश अंबानी के बंगले एंटीलिया में धमाका होगा। इसके अलावा कॉलर ने कहा कि अमिताभ बच्चन के घर और धर्मेंद्र के घर पर भी धमाका होगा। **जांच में जुटी पुलिस :** इस कॉल के बाद नागपुर पुलिस कंट्रोल ने इस बात की जानकारी मुंबई पुलिस को दी। मुंबई पुलिस कॉलर का पता लगाने में जुटी हुई है। मुकेश अंबानी, अमिताभ बच्चन और धर्मेंद्र सहित उनके परिवार को सुरक्षा पहले से है लेकिन इस कॉल के बाद सुरक्षा की समीक्षा की गई है।

## जॉर्ज सोरोस झूठ और नफरत फैलाने का दूसरा नाम

# एक युद्ध, जो सोरोस पहले ही हार चुका है!



प्रफुल्ल कुमार सिंह

### भारत में सोरोस की लंबी है रुचि

**भारत** में सोरोस की रुचि लंबी है और अमेरिका के डीप स्टेट के पाकिस्तान समर्थक, रूस विरोधी तत्वों द्वारा उकसाए जाने की अफवाह है। उनकी हालिया घोषणाओं से यह स्पष्ट है कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में और हिंदुत्व द्वारा निर्देशित राष्ट्र का शानदार उदय उन्हें परेशान करता है। वास्तव में कोई भी गर्वित और समृद्ध राष्ट्र अमेरिका से इजराइल तक और रूस से अपने मूल देश हंगरी तक उसे परेशान करता है। नया भारत एक स्टेटलेस, अराजक दुनिया के उनके विचार से टकराता है जिसमें कठपुतली शासन और मिलिशिया का समर्थन करके उनके जैसे मांस खाने वालों को फायदा होता है। उसे हंगरी, रूस, तुर्की, मलेशिया और अन्य स्थानों पर प्रतिबंधित कर दिया गया है। भारत ने उनके 2020 के शत्रुतापूर्ण भाषण के बाद आने वाले विदेशी धन की सूची में उनके ओपन सोसाइटी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

**जॉर्ज** सोरोस यानी झूठ का दूसरा नाम। पूरी दुनिया में यह नाम झूठ और नफरत फैलाने के लिए जाना जाता है। कुछ ऐसी ही संकीर्ण मानसिकता लेकर भारत के खिलाफ भी वह झूठ और नफरत फैलाने का काम कर रहा है। उसके झूठ बोलने की फेहरिस्त काफी लंबी है। सोरोस पहले ही झूठ बोल चुके हैं कि भारत लाखों मुसलमानों की नागरिकता रद्द करने वाला है। वह संकीर्ण राष्ट्रवाद के लिए एक सभ्यतागत पुनरुत्थान को भूल रहे हैं और एक ऐसे विचार के खिलाफ युद्ध छेड़ रहे हैं जो मौजूद नहीं है।

दुनिया भर में खुले समाजों की स्थापना के अपने स्थायी व्यक्तिगत मिशन में, अरबपति जॉर्ज सोरोस ने अमेरिका, भारत और यूरोप के कुछ हिस्सों जैसे खुले समाजों पर अजीब तरह से हमला किया है, लेकिन वामपंथी और इस्लामवाद जैसी बंद और गुपचुप विचारधाराओं के साथ गठबंधन किया है। यह अमीर आदमी का अहंकार है, जरूरत पड़ने पर लोगों की इच्छा को हवा देकर विश्व राजनीति को आकार देने की उसकी भोली और खतरनाक खोज, और उसके अपने गहरे बौद्धिक अंतर्विरोध और समझौते हैं, जिसके कारण वह बार-बार विफल हुआ है।

## घरेलू रसोई गैस 50 रुपये हुआ महंगा

**नई दिल्ली।** होली के त्योहार के पहले आम आदमी को महंगाई का दोहरा झटका लगा है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने घरेलू रसोई गैस के दाम में 50 रुपये और कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में 350.50 रुपये की बढ़ोत्तरी की है।

## अतीक को सता रहा है गाड़ी पलटने का डर?

**नई दिल्ली।** उमेश पाल हत्याकांड के बाद बाहुबली अतीक अहमद को अपने एनकाउंटर का खतरा लग रहा है। अतीक ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर मांग की है कि उसे यूपी पुलिस के हवाले न किया जाए। अतीक फिलहाल गुजरात की अहमदाबाद जेल में बंद है।

## अपनी जीवनशैली बदलें : राजेंद्र शर्मा

**पुरानी जीवनशैली को अपनाना वक्त की जरूरत, रीसाइकिलिंग पर गौर करें**

**थ्री आर- रिड्यूस, रियूज एंड रीसाइकल के सिद्धांत पर चलें**

**विशेष प्रतिनिधि। रांची**

रीसाइकिलिंग एंड इन्वायरमेंट इंडस्ट्री एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सचिव सह महानिदेशक राजेंद्र पी शर्मा ने कहा है कि अगर हम लोग अपनी लाइफ स्टाइल को नहीं बदलेंगे तो आने वाले दिनों में दिक्कतें ज्यादा बढ़ जाएंगी। उन्होंने कहा कि हमें अपनी जरूरतों को कम करना होगा। उन्होंने थ्री आर का फामूर्ला दिया-रिड्यूस, रियूज एंड रीसाइकल।



पर्यावरण मेले में शिरकत करने आए राजेंद्र पी शर्मा ने कहा कि प्रकृति ने हमें जो भी संसाधन दिये हैं, उन सभी की एक सीमा है। एक सीमा के बाद वो खत्म हो जाएंगे। फिर क्या बचेगा हमारे पास, इस पर अब सोचने का वक्त आ गया है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि हमें अपने जीवन को फिर से रीसेट करना होगा। आज से 30-40 साल पहले जो जिंदगी हम लोग जीते थे, उस जिंदगी को ही फिर से जीना होगा। यह करना ही होगा। तय आपको करना है कि आप इसे कब और कैसे करेंगे। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे पहले या अभी भी आप गांवों में चले जाएं। उन गांवों में आपको डंप नहीं मिलेगा। आप यह पूछ सकते हैं कि डंप क्यों नहीं मिलता। इसका सीधा सा जवाब है : गांव के लोग डंप की स्थिति पैदा ही नहीं होने देते। अव्वल तो कुछ बचता नहीं। अगर बच भी गया तो उसे वे अपने खेत में इस्तेमाल कर लेते हैं। नतीजा यह निकलता है कि वहां न तो कोई गंभीर बीमारी फैलती है, न ही किसी चीज का मिसयूज होता है।

एक सवाल के जवाब में शर्मा ने बताया कि एक चेन बनानी होगी। मान लें, आपने एक शर्ट खरीदी। उस शर्ट को आपने साल-दो साल पहना। फिर उसका कलर उतर गया या फैशन में परिवर्तन हो गया तो आप उसे उतार ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## NEWS इन ब्रीफ

### साइबर ठगी के तीन आरोपित गिरफ्तार



**धनबाद।** जिले की साइबर क्राइम ब्रांच पुलिस ने अंतरराज्यीय साइबर क्राइम गिरोह के तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इन अपराधियों के पास से दो लैपटॉप,11 मोबाइल फोन, एक आईफोन, तीस सीमा कार्ड और आधा दर्जन एटीएम कार्ड बरामद हुआ है। बताया जा रहा है कि इस गिरोह ने साइबर अपराध से जुड़े कई बड़े अपराध को अंजाम दिया है। पूछताछ में इन अपराधियों ने अब तक 30 से अधिक साइबर अपराध करने की बात कबूल किया है। साइबर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सरायढेला थाना क्षेत्र के कोलाकुसमा से किराए के मकान से इन तीनों को गिरफ्तार किया है। यह सभी मकान में रहकर साइबर क्राइम को अंजाम दे रहे थे। डीएसपी अमर कुमार पाण्डेय ने आज इस संबंध में बताया कि पकड़े गए तीनों अपराधी टुंडी थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। साथ ही इनके सहयोगी देवघर, जामताड़ा और सिलीगुड़ी से साइबर ठगी को अंजाम दे रहे हैं।

### प्रेमी युगल ने ट्रेन के आगे कूदकर की आत्महत्या

**धनबाद।** धनबाद रेल मंडल के मुगमा स्टेशन के समीप बुधवार को एक प्रेमी युगल ने ट्रेन के नीचे आकर आत्महत्या कर ली। युवक की पहचान जितेंद्र सिंह के रूप में की गई है। वह मुगमा एरिया हॉस्पिटल के समीप का रहने वाला था। चर्चा है कि युवक पहले से शादीशुदा था। उसका एक युवती के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। बीती रात मुगमा के ही एक गांव में युवक और युवती की शादी करवा दी गई। कहा जा रहा है कि दोबारा शादी करा दिए जाने को लेकर डिप्रेशन में आए युवक-युवती ने जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना की सूचना पर पहुंची जीआरपी कुमारधुबी ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### बच्ची के गले में फंसा सिक्का, गंभीर स्थिति में रिम्स रेफर

**चैनपुर।** गुमला जिला अंतर्गत चैनपुर बिंदोरा कि एक नन्ही सी बच्ची ने देर शाम 1 का सिक्का खा लिया जिससे उसके गले में सिक्का फंस गया, जिसके बाद सांस लेने की तकलीफ होने पर परिजनों ने तत्काल नजदीकी उप स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं सदर अस्पताल गुमला पहुंचने पर डॉक्टरों ने स्थिति को देखते हुए तत्काल रिम्स रेफर कर दिया।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**खूंटी।** जरियागढ़ थाना क्षेत्र के सोटया गांव के पास बुधवार को तेज गति से आ रही बाइक के पेड़ से टकरा जाने से चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान अरमान टोपनो (28 ) के रुप में की गयी है। मृतक कामडारा थाना क्षेत्र के चटनपुर गांव का रहने वाला था। घटना की सूचना मिलने पर जरियागढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### नाबालिग ने फंदे से लटकर की खुदकुशी

**खूंटी।** शहर के बेलाहाथी रोड में लाल कोठी के समीप किराए के मकान में रहने वाली नाबालिग ने आवास में ही साड़ी से फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। नाबालिग की पहचान मारंगहादा थाना क्षेत्र के कातूद गांव निवासी नोगा मुंडा की दसकिर कुमारी उर्फ इतई (16) के रूप में हुई है। बुधवार दोपहर हुए इस घटना की सूचना मिलते ही खूंटी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# सिमडेगा के डॉक्टरों ने किया कार्य बहिष्कार, बंद रही सेवाएं

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

हाल के दिनों में राज्य के अलग-अलग अस्पतालों में चिकित्सकों के साथ हुए दुर्व्यवहार और मारपीट के मामले का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इसे लेकर सिमडेगा में भी आक्रोश देखने को मिला। मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट समेत अन्य मांगों के पूरा नहीं होने से नाराज सिमडेगा के चिकित्सक बुधवार को ओपीडी हड़ताल पर रहे। सदर अस्पताल समेत जिले के सरकारी और गैर सरकारी अस्पतालों की ओपीडी बंद रही, जिससे मरीजों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि इमरजेंसी में चिकित्सक अपनी सेवाएं देते नजर आए। आईएमए और झांसा के बैनर तले जिले के तमाम चिकित्सक हड़ताल पर बैठे रहे और अपनी मांगो के समर्थन में आवाज बुलंद की। सिमडेगा सदर अस्पताल में सभी डॉक्टर एक साथ बैठकर एक दिवसीय कार्य बहिष्कार करते हुए अपने हक अधिकार की मांग की। झांसा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ पदम प्रकाश शाह ने कहा कि पूरे राज्य में चिकित्सकों पर लगातार हमले हो रहे हैं, बावजूद इसके सरकार मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट लागू नहीं कर रही है, ऐसे में नहीं चाहते हुए भी उन्हें मरीजों को कष्ट देकर हड़ताल पर जाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट लागू नहीं होने से राज्य के तमाम चिकित्सकों में असुरक्षा की भावना है, जिसके कारण सुरक्षित माहौल नहीं मिलने से मरीजों का बेहतर ढंग से इलाज भी नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि 5 सालों से मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट को लागू करने की मांग हो रही है लेकिन सरकार ने आश्वासन के सिवा अब तक डॉक्टरों को कुछ भी नहीं दिया। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों स्वास्थ्य मंत्री से वार्ता हुई थी जहां पर उन्होंने इस चीज का आश्वासन दिया था लेकिन वर्तमान समय में जो परिस्थिति है वह किसी से छुपा हुआ नहीं आज गढ़वा हो रांची हो जामताड़ा हो या फिर अन्य जगह हो सभी जगहों पर जनप्रतिनिधि हो या आम जनता के द्वारा डॉक्टरों को प्रताड़ित करने का काम किया जा रहा है जो कि कहीं ना कहीं डॉक्टरों का मनोबल तोड़ने का काम कर रहे हैं उन्होंने कहा कि अगर सरकार हमारी मांगों को अनदेखा किया तो आने वाले दिनों में उग्र आंदोलन की जाएगी इसके अलावा हमारी 50 तक की हॉस्पिटल क्लीनिकल स्टेबलस से बाहर की मांग है जिससे कि छोटे-छोटे हॉस्पिटल में कार्यरत लोगों को दिक्कत ना हो।





इधर ओपीडी बंद रहने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा हालांकि इमरजेंसी सेवाएं शुरू रही जिसमें लोग अपने इलाज कराते हुए देखे गए इधर इस मौके पर मुख्य रुप से झांसा के राज्य अध्यक्ष डॉ पदम प्रकाश शाह सिमडेगा सिविल सर्जन डॉ नवल कुमार उपाधीक्षक डॉ राजेश कुमार,झांसा के सचिव सिलवंत एक्का, योगेंद्र चौधरी,सुषमा प्रभा टोप्पो, डॉ भानु प्रताप साहू, शाहिद सदर अस्पताल एवं प्रखंड स्तरीय सभी चिकित्सा पदाधिकारी पूरी तरह से हड़ताल पर रहे।

# अलग-अलग सड़क हादसों में तीन की मौत, एक घायल

**नवीन मेल संवाददाता। दुमका**

जिले के अलग-अलग दो थाना क्षेत्रों में सड़क हादसों में तीन की मौत हो गई जबकि एक घायल हो गया। पहली घटना रानेश्वर थाना क्षेत्र के दुमका सिउड़ी मुख्य पथ पर झुमरी जोरिया पुल तीखा मुड़ाव के समीप बुधवार को हुई, जिसमें दो व्यक्तियों की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार बजाज पल्सर नंबर डब्लूबी 54 एबी 9200 में तीन व्यक्ति सवार होकर पश्चिम बंगाल के ओर जा रहा था। इस बीच अज्ञात वाहन की टक्कर से चालक का संतुलन बिगड़ा एवं तीखा मुड़ाव में लगे रेलिंग में बाइक टकरा गई। दुर्घटना में दो की मौके पर ही मौत हो गई। तीसरा सवार युवक को कमर में चोट आयी, जिसका इलाज सीएचसी, रानेश्वर में चल रहा है। इलाजरत बप्पा मेहरा ने बताया कि मृतक का नाम लालटू एवं हान्दू है। तीनों पश्चिम बंगाल के सावड़ाकुड़ी, जयपुर के रहने वाला है।






दूसरी घटना गोपीकांदर थाना क्षेत्र के छतरचुआ गांव में समीप घटी। यहां ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। युवक की पहचान थाना क्षेत्र के छतरचुआ गांव निवासी निरोज हांसदा (28) के रूप में हुई। गोपीकांदर पुलिस ने भाग रहे ट्रेलर ट्रक को जब्त कर लिया है। दुर्घटना के संबंध में बताया जाता है कि निरोज गोपीकांदर की ओर से वापस घर जा रहा था। इसी बीच घर के समीप ही सामने से आ रही ट्रेलर ट्रक ने बाइक सवार निरोज को रौंद दिया।

# सत्र : भूषण तिर्की ने विस परिसर में तस्वीर लगाने का मामला उठाया

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर**

गुमला विधानसभा के झामुमो विधायक भूषण तिर्की ने विधानसभा में झारखंड के महान विभूतियों की तस्वीर लगाने की मांग उठायी है। विधानसभा सत्र के दौरान शून्यकाल में विधायक श्री तिर्की विस परिसर में तस्वीर लगाने का मामला उठाया है। उन्होंने इस संबंध में विधानसभा अध्यक्ष को लिखित आवेदन भी सौंपा है। विधायक ने कहा है कि झारखंड के महान विभूतियों में मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा (झारखंड आंदोलनकारी), पंडित रघुनाथ मुर्मू (संथाली के लेखक), कार्तिक उरांव (आदिवासियों के आदर्श), निरल एनेम होरो (झारखंड आंदोलनकारी), शहीद निर्मल महतो (झारखंड आंदोलनकारी), पदम विभूषण फादर कामिल बुल्के (हिंदी भाषा को सरल बनाये), प्यारा केरकेट्टा (खड़िया भाषा को बढ़ाया) के साथ-साथ कई ऐसे महान विभूतियां झारखंड राज्य में हैं। ये सभी झारखंड के महान हस्ती है और जाति संप्रादाय के लोग हैं। उन सभी लोगों की पहचान राज्य सरकार करें। जिन महान विभूतियों का मैंने सदन में जिक्र किया है। उन महान विभूतियों की तस्वीर को झारखंड विधानसभा परिसर में लगाने की मांग सरकार से करता हूं। विधायक ने विस में मांग उठाने के बाद फोन कर कहा है कि महान विभूतियों को याद करने, उनकी जीवनी जानने व उनसे प्रेरणा लेने की जरूरत है। इसके लिए जरूरी है। महत्वपूर्ण स्थानों पर महान विभूतियों की तस्वीर लगे। इसके लिए विधानसभा से ही इन विभूतियों की तस्वीर लगाने की शुरूआत हो।



# तोरपा विधायक ने उठाया जर्जर सड़कों का मामला

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

तोरपा के भाजपा विधायक कोचे मुंडा ने बुधवार को विधानसभा में तारांकित प्रश्न के तहत खूंटी-सिमडेगा मुख्य पथ पर कतारी मोड़ से कुमांग तक 15 किलोमीटर जर्जर सड़क के अलावा सोदे बाजार से नाराहातू जामुन मोड तक चार किलोमीटर जर्जर सड़क का मामला उठाया।

तारांकित प्रश्न के तहत विधायक ने पूछा कि क्या यह बात सही है कि खूंटी जिला अंतर्गत खूंटी-सिमडेगा मुख्य पथ पर कतारी मोड़ से कुमांग तक करीब 15 किलोमीटर सड़क जर्जर और दयनीय है और इसके कारण ग्रामीणों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

इसके उत्तर में ग्रामीण कार्य विभाग के मंत्री आलमगीर आलम द्वारा बताया गया कि मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत पूर्व में ही निर्मित ग्रामीण पथें की मरम्मत के लिए पथों का चयन करते हुए विशेष मरम्मत के लिए डीपीआर उपलब्ध कराने का अनुरोध संबंधित अभियंताओं से किया गया है। सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के उपरांत बजटीय उपबंध के आलोक में संबंधित पथों की मरम्मत की स्वीकृति के संबंध में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

विधायक ने रनिया प्रखंड के सोदे बाजार टांड़ से नाराहातू जामुन मोड़ तक चार किलोमीटर त जर्जर सड़क का मामला उठाते हुए सरकार से पूछा कि क्या सरकार इस सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है। इस पर ग्रामीण कार्य विभाग के मंत्री द्वारा बताया गया कि चालू वित्तीय वर्ष मंग मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत विधानसभा सदस्य द्वारा अनुशंसित कुल सात 7 पथों जिसकी लंबाई 26.695 किलोमीटर की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है।

पथ की विशेष मरम्मत के लिए प्राक्कलन अधीक्षण अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग कार्य अंचल रांची को तकनीकी स्वीकृति के लिए समर्पित किया जा चुका है। तकनीकी स्वीकृत प्राक्कलन प्राप्त होने पर विभागीय नीति एवं बजटीय उपबंध के आलोक में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### एक सम्मान समारोह का आयोजित, सत्यव्रत ठाकुर ने कहा

# नि:स्वार्थ सेवा देने के लिए हमेशा याद करेगा कॉलेज परिवार

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

पार्वती शर्मा इंटर महिला कॉलेज सिमडेगा के सभागार में प्रो अर्जुन प्रसाद के सेवा निवृत होने के उपरांत उनके विदाई में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के दौरान प्रो अर्जुन प्रसाद व द्वितीय वर्ष की छात्राओं को को सर्वप्रथम प्रथम वर्ष की छात्राओं के द्वारा स्वागत गीत व नृत्य के द्वारा सभागार तक लाया गया। इसके बाद स्वागत गीत गाकर एवम बुके देकर उनका स्वागत किया गया। प्रो अर्जुन प्रसाद को कॉलेज के प्राचार्य सत्यव्रत ठाकुर के द्वारा शॉल ओढ़ाकर एवम बुके देकर स्वागत किया गया. इसके बाद प्रथम वर्ष की छात्रा ऐमन रजा के द्वारा छात्राओ के सम्मान में सम्मान पत्र पढ़ा गया.वहीं कॉलेज के व्याख्याता के अर्जुन प्रसाद के सम्मान में याख्याता दुर्गविजय सिंह देव के द्वारा सम्मान पत्र पढ़ा गया.वहीं शिक्षक आर के काशी के द्वारा द्वारा भी अर्जुन सर के द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की गई। शिक्षकेत्र कर्मचारी मनोरमा सुनीता मिंज, के द्वारा भी अर्जुन प्रसाद के कार्यों के बारे में विस्तार से बतलाया गया। अर्जुन प्रसाद लगभग 33 वर्षों से पार्वती शर्मा इंटर कॉलेज में अपनी सेवा देने के उपरांत आज सेवा निवृत हुए। प्रो अर्जुन प्रसाद ने बतलाया कि उन्होंने ने अपने सेवा के दौरान लगातार कई वर्षों तक निशुल्क सेवा देकर कॉलेज को जिंदा रखा। आज उन्ही शिक्षकों के सेवा के बदौलत आज कॉलेज जिंदा है। इससे पहले कॉलेज की द्वितीय वर्ष की छात्राओं को भी फाइल व पेन देकर कॉलेज परिवार के द्वारा शुभ कामना देते हुए उनके उजवल भविष्य के लिए बधाई दी गई। साथ ही उन्हें अच्छे अंक लाकर बेहतर रिजल्ट प्राप्त करने की बात कही गई। मौके पर कॉलेज के पुरण बडाईक, रवि पाढ़ी, सतीश सिंह, कार्यक्रम को सफल बनाने में कॉलेज की छात्रा अमृता कुमारी, आनिमा कुमारी, प्रतिमा कुमारी, सानिया आफरीन, प्रिया लकड़ा, सुमंती कुमारी, भगवती कुमारी, आरती कुमारी, कृति रानी डुंगडुंग, सबीना लुगुन, सहित अन्य की अहम भूमिका रही। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य सत्यव्रत ठाकुर के द्वारा किया गया।




# गुमला एसपी ने घाघरा थाना का किया औचक निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

गुमला के पुलिस अधीक्षक डा. ऐहतेशाम वकारीब ने बुधवार को घाघरा थाना का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने थाना में संधारित होने वाले सभी पंजी/संचिकाओं का अवलोकन किया। साथ ही लंबित कांडों की समीक्षा की। एसपी ने पुलिस अधिकारियों को सभी लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन के निर्देश दिए।

आगामी होली और शब-ए-बारात पर्व के मद्देनजर घाघरा थाना क्षेत्र में विधि-व्यवस्था एवं सुरक्षा-व्यवस्था के संबंध में समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। सड़क दुर्घटना से बचाव हेतु सप्ताह में दो दिन जागरुकता अभियान चलाने तथा प्रतिदिन समय एवं स्थान बदल-बदलकर वाहनों की गहन जॉच के लिए आवश्यक निर्देश दिया गया। घाघरा थानान्तर्गत संवेदनशील जगहों पर क्यूआर कोड लगाकर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिये गये।

प्रतिबंधित गुटों/गिरोहों के विरुद्ध कार्रवाई करने, फरारियों की गिरफ्तारी, जेल से छूटे/संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिये गये। थाना परिसर तथा स्वागत कक्ष को और अधिक अपग्रेड करने के लिए थाना प्रभारी को निर्देश दिये गये। थाना परिसर में जब्त/बेकार पड़े वाहनों का न्यायालय/मालखाना से मिलान करके निष्पादन के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। इस मौके पर कई पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

### थाना प्रभारी ने मानव तस्करी, साइबर क्राइम व नशाखोरी को ले बच्चों को किया जागरूक

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कोलेबिरा के लचरागढ़ के संत वियनी हाई स्कूल लचरागढ़ विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को मानव तस्करी साइबर क्राइम एवं सड़क सुरक्षा एवं नशाखोरी के प्रति जागरुक किया गया। वही मौके पर उनके द्वारा बच्चों को बताया गया कि मानव तस्करी में किसी भी तरह बच्चे बच्चियों को ठग फुसलाकर शहर से बाहर ले जाया जाता है और शहर में बेच दिया जाता है जिससे हम सबों को बचना है और किसी के कहने पर या किसी भी अनजान व्यक्ति से संपर्क दूरी बनाकर रखें और इस तरह का कार्य से बचे रहना होगा। वहीं दूसरी ओर साइबर क्राइम आजकल बहुत ज्यादा बढ़ गई है लोगों को के अकाउंट से सारे सारे रुपया गायब कर दिए जा रहे हैं अनजान कॉल से दूर रहे किसी अनजान व्यक्ति को अपना एटीएम कार्ड का नंबर एटीएम कार्ड का सीवीवी नंबर आधार नंबर पासबुक नंबर कभी भी ना दें और अनजान कॉल से दूरी बनाकर रखें। सड़क सुरक्षा को देखते हुए जब भी गाड़ी चलाने की नौबत आए तो सड़क के हर नियमों का पालन जरूर करें अगर दो पहिया वाहन में चलाते हैं तो हेलमेट पहन कर अवश्य चलाएं और चार पहिया वाहन चलाते है तो सिट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें साथ ही गाड़ी के सभी कागजात लेकर चलें। साथ ही उन्होंने यह भी बताया की शराब का सेवन कभी न करें और घर मौहल्ला में अगर कोई व्यक्ति शराब का सेवन करता है तो उन्हें अवश्य रोकें।

### पैराडाइज संस्था ने जिला प्रशासन को दिये चार ब्लड डोनर चेयर

**खूंटी।** पैरेडाइज संस्था के सहयोग से बुधवार को जिला प्रशासन को चार ब्लड डोनर चेयर उपलब्ध कराए गए। सभी प्रखंडों में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। ब्लड डोनेशन कैंप में ब्लड डोनर चेयर की उपयोगिता है, जिसकी सहायता से सुगम रूप से रक्तदान कार्य सम्पन्न हो सकेगा। ब्लड डोनर को आसानी से मोड़ा जा सकता है और सुगमता पूर्वक प्रति घण्टे एक चेयर में चार रक्तदाता ब्लड डोनेट कर सकते हैं। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों निर्देशित किया कि जिले में समय-समय पर ब्लड डोनेशन कैंप लगाऐ जाएं। शिविर का आयोजन सुदूर क्षेत्रों में भी किया जाएगा। साथ ही बिरसा कॉलेज व अन्य संस्थान में शिविर लगाए जाएंगे। इसके लिए मासिक कैलेंडर तैयार किया जाएगा। डढीसी ने कहा कि रक्तदान से न केवल राष्ट्रीय आवश्यकता पूरी होती है, बल्कि यह समाज एवं मानवता के प्रति बड़ी सेवा है। उन्होंने कहा कि हमारे द्वारा दिए गए रक्त से कई जिंदगियों को बचाया जा सकता है। इस दौरान पैरेडाइज संस्था के प्रतिनिधि, लाइव सेवर्स संस्था के अतुल गेरा से ब्लड डोनेशन कैंप से संबंधित चर्चा की गई। उपायुक्त ने कहा कि जिले में सिकल सेल एनीमिया जागरुकता अभियान क माध्यम से समुदाय आधारित स्क्रीनिंग, सिकलसेल बीमारी की जागरूकता और रेफरल की दिशा में कार्य किये जाएंगे। उन्होंने कहा कि आवश्यकता है कि सिकलसेल बीमारी के लिए उचित उपचार व प्रबंधन सम्भव हो सके, इसे लेकर जिले में आवश्यक पहल की जाएगी।

# धनबाद बीसीसीएल के ब्लॉक दो में सीबीआई कर रही पूछताछ

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

बीसीसीएल के ब्लॉक दो क्षेत्रीय कार्यालय में धनबाद सीबीआई की टीम ने बुधवार को तीन बजे दबिश दी। टीम कार्मिक विभाग असैनिक भवन में कागजातों की जांच कर रही है। कार्मिक प्रबंधक रत्नाकर मल्लिक को गिरफ्तार करने की बात कही जा रही है। हालांकि, इस संबंध में सीबीआई अभी कुछ भी बताने से इनकार कर रही है। पिछले चार घंटे से भी अधिक समय से सीबीआई की टीम कार्मिक प्रबंधक से पूछताछ कर रही है। साथ ही ब्लॉक दो के एजीएम एसबी कुमार, भूसंपदा पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार, एपीएम के चालक शमसुर अंसारी, क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी सुरेश प्रजापति सहित अन्य लोगों से गहन पूछताछ की गई। सीबीआई की इस कार्रवाई से विभागीय अधिकारियों में खलबली मच गई है। साथ ही इस कार्रवाई का असर बरोरा क्षेत्रीय कार्यालय में भी देखने को मिला। बरोरा एरिया के पदाधिकारी दोपहर बाद अपने कार्यालय में पहुंचे ही नहीं जबकि बाकी दिनों में दोपहर बाद ठेकेदारों का जमावड़ा लग जाता था।




### विकास | सशक्त पंचायत व खुशहाल समुदाय विषय पर 3 दिवसीय कार्यशाला शुरू

# जागरूकता के बिना विकास की बात नहीं

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

देश और राज्य में बदलाव की शुरूआत गांवों से ही हो सकती है। जब गांव का विकास होगा, तभी हम सर्वांगीण विकास की कल्पना कर सकते हैं और इसके लिए पंचायत राज व्यवस्था को सुदृढ़ और पंचायतों को सशक्त बना सकते हैं। ये विचार मंथन युवा संस्थान रांची, विश्व युवा केंद्र नई दिल्ली और लाइव फाउंडेशन द्वारा तोरपा रोड स्थित शैलेश्वरी भवन में सशक्त पंचायत खुशहाल समुदाय विषय पर बुधवार शुरू हुई तीन दिवसीय कार्यशाला में उभर कर आये। इसके पूर्व कार्यशाला का उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला परिषद खूंटी के अध्यक्ष मसीह गुड़िया, मंथन युवा संस्थान के निदेशक सुधीर पाल, विश्व युवा केंद्र के अजीत राय और पंचायती राज विभाग के मास्टर ट्रेनर अनिल भगत ने दीप प्रत्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला परिषद अध्यक्ष ने कहा कि सशक्त पंचायत खुशहाल समुदाय के लिए हमें जागरूक होकर अपने अधिकार कर्तव्य को जानना होगा। उन्होंने कहा कि जब तक हम जागरूक नहीं होंगे, हम विकास की बात सोच भी नहीं सकते। विश्व युवक केन्द्र के अजीत राय ने कहा कि विकास और बदलाव की शुरूआत गांवों से ही होगी। उन्होंने कहा कि जब तक ग्रामसभा सशक्त नहीं होगी, पंचायत के विकास की परिकल्पना नहीं की जा सकती है। मंथन युवा संस्थान के सुधीर पाल ने कहा कि अपने संसाधन को पहचानते हुए विकास की रूपरेखा तैयार कर ग्रामसभा और पंचायत को विकास किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए पंचायत को सशक्त होना पड़ेगा। सुधीर पाल ने कहा कि झारखंड के अनुसूचित क्षेत्र में ग्रामसभाओं के विशेष प्रावधान सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन को गति देंगे। मास्टर ट्रेनर पंचायती राज विभाग के अनिल भगत ने 73वां संविधान संशोधन विधेयक की विशेषता, 15 वां वित्त आयोग की अनुशंसा पर विशेष रूप से चर्चा की। मास्टर ट्रेनर प्रकाश राणा ने त्रिस्तरीय पंचायत राज व्यवस्था पर प्रकाश डाला। कार्यशाला का संचालन मास्टर ट्रेनर अनिल भगत तथा शैलेश्वरी देवी ने किया। कार्यशाला में मुख्य रूप से मुरहू की प्रखंड प्रमुख एलिस ओड़ेया, कर्रा की उप प्रमुख द्वारिका देवी, पूर्व मुखिया निरल तोपनो, मुखिया सुखराम मुण्डा, पंचायत समिति सदस्य बसंत धान सहित कर्द पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# हास्य के नाम पर फूहड़ता परोसने के दोषी कवि और श्रोता, दोनों हैं

**विशेष प्रतिनिधि। रांची**



लगभग पांच दशकों से लोगों को हंसा-हंसा कर लोटपोट करने वाले हास्य कवि पदम अलबेला मानते हैं कि लोक गायिका नेहा सिंह राठौड़ को यूपी में का बा का वर्जन 2 गाने की बहुत जरूरत नहीं थी। सत्ता में, सियासत में बहुत कुछ होता है। उस पर दिल-दिमाग लगाकर एक रचना को समाज के सामने रखने की बहुत जरूरत नहीं थी, खास कर तब जब मां-बेटी जल कर मर गई हों। पर्यावरण मेले में प्रस्तुति देने आए पदम अलबेला ने विशेष चर्चा में कहा कि हास्य का रस अलग है। हास्य के रस को अब कई लोगों ने बिजनेस बना दिया है। यह एक तरीके से ठीक है, एक तरीके से ठीक नहीं है। यह सामने वाले पर निर्भर करता है कि वह इसे कैसे लेता है। यह पूछे जाने पर कि आज से 25 साल पहले कवि सम्मेलन में जो पारिश्रमिक मिला था और आज जो मिल रहा है, उससे आप संतुष्ट हैं, उन्होंने कहाः बहुत ज्यादा। बहुत बड़ा परिवर्तन आया है। पहले हम लोग एक-एक कवि सम्मेलन में कभी सौ तो कभी पचास रुपये पा जाते थे। अब यह धनरासि हजारों में आ चुकी है। लोग बढ़िया सुनने के लिए बढ़िया भुगतान कर रहे हैं। अब पहले वाली स्थिति नहीं रही। कवियों को अब सम्मान के साथ-साथ सुविधाएं भी बढ़िया मिली हैं और पारिश्रमिक भी बढ़िया मिलने लगा है। हास्य के नाम पर फूहड़ता से संबंधित पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि यह गलत हो रहा है। मैं तो साफ-सुथरी रचनाओं पर ही फोकस करता हूं। पर, आपने जिस फूहड़ता से संबंधित प्रश्न को उठाया है, वह भी सही है। लेकिन, इसके लिए अकेले कवि ही जिम्मेदार नहीं है। जो सुनने वाले हैं, वो भी इसके लिए जिम्मेदार हैं।

## 18वीं झारखण्ड राज्य थांग-टा प्रतियोगिता 29 - 30 अप्रैल को

**रांची।** झारखण्ड थांग-टा संघ के तत्वावधान में 8वीं झारखण्ड राज्य ओपन थांग-टा प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 29 - 30 अप्रैल 2023 को धनबाद हीरापुर स्थित अग्रसेन भवन में होगा। इस प्रतियोगिता में सब जूनियर, जूनियर तथा सीनियर वर्ग की सभी भार वर्ग में पुरुष तथा महिला वर्ग की स्पर्धाएं आयोजित होगी जिसमें झारखण्ड के किसी भी जिले से किसी भी मार्शल आर्ट के खिलाडी भाग ले सकते हैं। इस दो दिवसीय ओपन प्रतियोगिता के प्रथम दिन विशेष थांग-टा प्रशिक्षण का कार्यक्रम आयोजित होगा जबकि दूसरे दिन फुनाबाअमा तथा फुनाबा-अनीशिबा की स्पर्धा का सञ्चालन किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के इक्षुक खिलाडी 9031977009 पर संपर्क कर सकते हैं। उपरोक्त जानकारी देते हुए झारखण्ड थांग-टा संघ के अध्यक्ष रंजीत केशरी ने बताया की इस प्रतियोगिता के दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों को 29वीं राष्ट्रीय थांग-टा प्रतियोगिता में झारखण्ड का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त होगा।

# भाजपा विधायकों ने किया प्रदर्शन, कहा युवाओं को रोजगार दो, नहीं तो गद्दी छोड़ दो




**नवीन मेल संवादददाता। रांची**

बजट सत्र के तीसरे दिन भी विपक्ष के विधायकों ने विधानसभा मुख्य द्वार पर प्रदर्शन व नारेबाजी की। युवाओं को रोजगार दो नहीं तो गद्दी छोड़ दो, भीख नहीं रोजगार चाहिए के नारे लगाए गए। विपक्ष के मुख्य सचेतक बिरंची नारायण ने कहा कि सरकार हठधर्मिता पर उतर गई है। इस सरकार को राज्य के नौजवान और युवाओं से कोई मतलब नहीं है। अपनी झोली कैसे भरे इसपर हेमंत सरकार काम कर रही है। अब मुख्यमंत्री राज्य के युवाओं के बीच नियोजन नीति को लेकर सर्वे करा रही है। सर्वे का जो रिपोर्ट आया है उसमें यह साफ है कि राज्य के युवाओं ने पूर्व की रघुवर सरकार की नियोजन नीति को सही करार दिया है। यह सर्वे हेमंत सरकार के मुंह पर तमाचा है। उन्होंनें कहा कि 3 वर्षों तक इस सरकार ने राज्य के युवाओं को झांसे में रखा है। सवाल यह उठता है कि उन युवकों का किया होगा जो 3 वर्ष से नौकरी की आस में अपनी ऐज लिमिट क्रॉस कर गए हैं। बिरंची ने कहा कि भाजपा राज्य सरकार से मांग करती है कि सर्वे में जो रिपोर्ट सामने आई है उसके आधार पर नियोजन नीति लाये और इस दौरान जी युवाओं का एज लिमिट क्रॉस कर गया है, उन्हें भी आयु सीमा का लाभ दे। उन्होनें सरकार से आयु सीमा 40 वर्ष करने की मांग की।

## आवारा कुत्तों के सवाल पर भाजपा विधायक का विवादित बयान

# नागालैंड से लोगों को बुलवा लें, कुत्ते कम हो जाएंगे



**नवीन मेल संवाददाता। रांची।**

राज्य में आवारा कुत्तों के सवाल पर भाजपा विधायक बिरंची नारायण ने विवादित बात कह दी। उन्होनें कहा कि अगर राज्य की सरकार आवारा कुत्तों पर नियंत्रण नहीं लगा पा रही है तो नागालैंड के लोगों को बुला लें महोदय, कुत्ता कम हो जाएगा। सदन में चर्चा के दौरान यह बात कहने का विरोधी कांग्रेस विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने किया। शिल्पी ने कहा कि इस तरह की बात कह विधायक नागालैंड की जनता का अपमान कर रहे हैं, उन्हें इसके लिए नागालैंड की जनता से माफी मांगनी चाहिए। सदन में हिन्दुस्तान में प्रकाशित खबर के आधार पर विधायक ने सदन में अल्पसूचित प्रश्न उठाया थाा कि रांची, बोकारो समेत कई शहरों में पागल कुत्तों के आतंक बढ़ने और डॉग बाइट में बढ़ोतरी की बात कही थी। बिरंची ने सवाल उठाते हुए कहा कि देश मे हर वर्ष 20 हजार से ज्यादा मौतें आवारा कुत्तों के काटने से होती है। झारखंड में भी औसतन 50 लोगों की मौत हो रही है। लेकिन रांची को छोड़कर किसी भी जिले में डॉग स्क्वायड का गठन नहीं हुआ है। उन्होनें सरकार से राज्य के सभी जिले में डॉग स्क्वायड के गठन की मांग की। विधायक बिनोद सिंह ने कहा कि झारखंड में आवारा कुत्ते के काटने से हुई मौत पर कोई मुआवजा पॉलिसी नहीं है। जबकि अन्य राज्यों में मुआवजा पॉलिसी है। विधायक नीरा यादव ने चर्चा के दौरान कहा कि अध्यक्ष महोदय विधानसभा परिसर में भी चार-पांच आवारा कुत्ते घूमते रहते है। जब कभी भी सुबह में विधायक प्रश्नकाल के लिए सवाल डालने आते हैं, कैंपस में कुत्ते घूमते पाए जाते हैं। वहीं विधायक मथुरा महतो ने कहा कि बोकारो जिला के कुत्ते को धनबाद जिला में छोड़ दिया जाता है। एक तो हमलोग हाथी से परेशान है, ऊपर से कुत्ता छोड़ दिया जाता है। जवाब में प्रभारी मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि आवारा कुत्ते से रोकथाम के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होनें कहा कि अभी भी आवारा कुत्ते को टीका लगाया जा रहा है और बंध्याकरण भी कराया जा रहा है।

# न्याय के लिए छठे दिन भी हस्ताक्षर कराए

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




देश के जेलों में बंद राजनीतिक सामाजिक कार्यकर्ताओं और निर्दोष गरीबों की रिहाई की मांग के लिए जारी हस्ताक्षर आभियान आज छठे दिन भी जारी रहा। आज हरमू के इमली चौक, और डोरंडा क्षेत्र में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इमली चौक और डोरंडा बाजार चौक में लगभग 4200 चार हजार दो सौ न्याय पसंद प्रबुद्ध नागरीको और सामाजिक कार्यकताओं ने अपना हस्ताक्षर देकर अभियान के प्रति अपनी एकता व्यक्त किए। हस्ताक्षर आभियान के शुरूआत के पर्व नुक्कड़ मीटिंग को संबोधित करते हुए न्याय मोर्चा से जुडे माले नेता भुवनेश्वर केवट ने कहा कि विरोध की आवाज को साजिशों के बल पर दबाया नहीं जा सकता है। दिल्ली झारखंड, छत्तीसगढ समेत पुरे देश में विरोध की आवाज को जिस तरह साजिशन तरीके से दबाया जा रहा है यह पूरी तरह केंद्र सरकार की अलोकतांत्रिक कदम है। लोकतन्त्र में असहमति और विपक्ष की महत्वपूर्ण भुमिका है इसको दबाना पूरी तरह से तानाशाही कदम है। जो देश न्याय पसंद लोग बर्दास्त नहीं करेंगे। मोर्चा से बगाइच के फॉदर टोनी ने कहा की न्याय की लडाई अंतिम दम तक लड़ी जाएगी। झूठ और दहस्त कुछ देर के लिए धुंध पैदा कर सकते हैं लेकीन अन्तिम जीत सच की ही होगी। हजारों आदिवासी ,अल्पसंख्यक और दलितो के लिए लड़ने वाले फादर स्टैन स्वामी निर्दोष हैं और इसे केंद्र सरकार को मानना होगा, लड़ाई हम जीतेगें। हस्ताक्षर आभियान के माध्यम से राज्यपाल और राष्ट्रपति से मिलने के बाद भी फादर स्टैन स्वामी की हत्या के दोषियों को सजा देने के दिशा में न्याय नहीं मिला तो मोर्चा बडे आंदोलन की दिशा में आगे बढ़ेगी। हरमू और डोरंडा बाजार चौक में चलाए गए हस्स्ताक्षर को बगाईचा के फॉदर टॉम, नंदिता भट्टाचार्य, मजदुर नेता अमल घोष, झारखंड आंदोलनकारी पुष्कर महतो, दलित चेतना मंच की प्रदेश नेत्री रेणु किशोर, अशोक राम, सुखदेव उरांव, अब्दुल रज्जाक, जमील अख़्तर सामाजिक कार्यकर्ता आलोका कुजूर प्रफुल लिंडा, एनामुल हक, मोहम्मद तस्लीम ने किया।


# स्वादिष्ट भोजन कराकर रोटी बैंक ने मनाया तीसरा वर्षगांठ




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बुधवार को रोटी बैंक रांची का तीसरा वर्षगांठ झारखंड रांची के सबसे बड़े रिम्स अस्पताल परिसर मे रोटी बैंक के सेवा केंद्र में जरूरतमंद लोगों को पूड़ी, बुंदिया, रसगुल्ला, आलूदम पोलाव आदि स्वादिष्ट भोजन कराकर मनाई गई।इसके पूर्व मां अन्नपूर्णा जी के चित्र पर पुष्पअर्पित कर एवं दीप प्रज्वलितकर राज्य एवं देश मे अमन चैन,खुशहाली के लिए प्रार्थना की गई साथ ही विशिष्टअतिथि के रूप में उपस्थित अवकाश प्राप्त पूर्व संयुक्त आयुक्त वाणिज्यकर अधिकारी कामेश्वर यादव,पर्वतारोही पंकज, छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा, समाजसेवी संगीता प्रसाद जी आदि को रोटी बैंक संस्था की ओर से मोमेंटो, मां अन्नपूर्णा की तस्वीर एवं अंग वस्त्र भेंटकर स्वागत किया गया। मौके पर संस्था के संस्थापक विजय पाठक ने कहा मानव होकर मानव के काम आए और अपने जीवन को सार्थक बनाएं, सेवा ही धर्म है। रोटी बैंक द्वारा प्रत्येक दिन रिम्स परिसर में जरूरतमंदों को भोजन कराई जाती है इस संस्था से जुड़कर इस अभियान को सफल बनाएं।आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्यरूप से विनोद मेहता,चंपा देवी,रमण नाथ दास,मनोरमा पाठक,पीयूष कुमार, आयुष कुमार,हर्ष कुमार, मनमोहन कुमार, अभिषेक कुमार आदि रोटी बैंक टीम के लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।संस्थापक विजय पाठक ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों एवं गणमान्य लोगों के प्रति आभार जताई।

# आजसू की महिला इकाई की संयोजक मंडली गठित



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के निर्देश पर आजसू पार्टी की अनुषंगी इकाई अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के रांची विश्वविद्यालय के अंतर्गत रांची महिला कॉलेज रांची छात्रा इकाई के संयोजक मंडल का गठन किया गया।

मंडली इस प्रकार है : संयोजकः संजना कुमारी, संयोजक सदस्य : आरती, अंकिता, सुनीता कुमारी, मानसी कुमारी हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज वर्मा उपस्थित थे।उन्होंने नवनियुक्त संयोजक सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि आजसू छात्र संघ स्थापना काल से ही छात्र हितों के प्रति संपूर्ण प्रतिबद्धता के साथ पूरे झारखंड में छात्रहित में कार्य करती आ रही है और छात्रों की समस्याओं के समाधान के लिए आंदोलन तथा अन्य गतिविधियां इसके द्वारा समय-समय पर राज्य के सारे विश्वविद्यालय में चलाई जाती है। नीरज वर्मा ने आगे कहा की आजसू शुरू से ही आधी आबादी को सशक्त बनाने के साथ साथ नेतृत्व के लिए आगे लाने को कटिबद्ध है इसी क्रम में आज रांची महिला कॉलेज रांची के दर्जनों छात्राओं को संगठन की जिम्मेदारी

# टीटीपीएस मामले को लेकर सीएम से मिले विधायक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर ललपनिया स्थित तेनुघाट थर्मल पावर स्टेशन ( टीटीपीएस) का विस्तारीकरण करने की मांग की है। साथ ही उन्होंने विषय को आज विधानसभा के बजट सत्र के दौरान शून्यकाल में भी उठाया। गोमिया विधायक ने मुख्यमंत्री को इस बात से अवगत कराया कि टीटीपीएस में 1550 मेगावट का सुपर थर्मल पावर स्टेशन बनना था , 1550 मेगावाट के लिए पर्याप्त मात्रा में भूमि अधिग्रहण, रोड रेल लाइन, टाउनशिप सीडब्ल्यू पंप हाउस एवं कोल हेंडलिंग प्लांट का निर्माण किया जा चुका है। विस्तारीकरण में बहुत ही कम खर्च में निर्माण किया जा सकता है। इससे पूरे राज्य में बिजली की समस्या से निजात पाया जा सकता है। साथ ही बेरोजगारी की समस्या को भी कम किया जा सकता है। परंतु स्थापना के करीब 40 वर्ष बीत जाने पर भी टीटीपीएस का विस्तारीकरण नहीं हो पाया है। मात्र 420 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है। उन्होंने सदन में भी राज्य सरकार से टीटीपीएस फेज टू की प्रशासनिक स्वीकृति देने की भी आवाज उठाई। उन्होंने शून्य काल में कहा कि ऊर्जा विभाग के अधीन टीवीएनएल द्वारा टीटीपीएस ललपनिया की स्थापना लगभग 35 वर्ष हुआ तथा उत्पादन 1996 से शुरू हुआ। संप्रति टीटीपीएस काफी पुराना एवं जर्जर हो चुका है। उन्होंने कहा कि इसकी उत्पादन क्षमता अब मात्र 350 मेगावट रह गया है।इसकी दयनीय स्थिति को देखते अविलंब टीटीपीएस का विस्तारीकरण फेज टू की प्रशासनिक स्वीकृति आवश्यक है ताकि राज्य ऊर्जा संकट से बच सके एवं ललपनिया एवं आसपास के लाखों लोगों की रोजी रोजगार की व्यवस्था हो सके।

**प्रशिक्षण** बीएयू : कृषि वैज्ञानिकों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

# कृषि विकास में किसान हित सर्वोपरि : डॉ. केएस रिसम

नवीन मेल संवाददाता। रांची






बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) अधीन कार्यरत निदेशालय प्रसार शिक्षा द्वारा किसानों की आय दोगुनी करने के लिए संस्था, हस्तक्षेप और प्रौद्योगिकी का अभिसरण विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ बुधवार को हुआ। विवि परिसर स्थित कृषक भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्रों (केवीके) के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान एवं वैज्ञानिक तथा बीएयू अधीनस्थ विभिन्न महाविद्यालयों के सहायक प्राध्यापक सहित कुल 45 प्रतिभागी भाग ले रहे है। कार्यक्रम का उद्‌घाटन निदेशक प्रसार शिक्षा एवं कोर्स कोऑर्डिनेटर डॉजगरनाथ उरांव ने किया। अपने संबोधन में कहा कि कृषि विकास में राज्य एवं केंद्र सरकार, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् (आईसीएआर) नई दिल्ली, राज्य कृषि विश्वविद्यालय एवं स्वयं सेवी संस्थान (एनजीओ) सीधे किसानों से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि कृषि तकनीकी हस्तक्षेप और प्रौद्योगिकी प्रसार के लिए सबों का ध्यान केवीके संस्थानों पर केन्द्रित है। केवीके वैज्ञानिक निरंतर किसानों के बीच तकनीकी हस्तांतरण पहुंचाने के लिए तत्पर रहते हैं। किसानों को अद्यतन एवं उपयुक्त तकनीकी के हस्तक्षेप और प्रौद्योगिकी के अभिसरण से किसानों की उपयुक्त मांग और उनकी आवश्यकताओं की अधिकतम पूर्ति की जा सकती है। ताकि स्थानीय स्तर पर कृषि विकास को विराम नहीं लगे और कृषि तकनीकी हस्तक्षेप एवं प्रौद्योगिकी प्रसार के अभिसरण से कृषि विकास को गतिशील बनाये रखते हुए अधिकाधिक किसान लाभान्वित हों। मौके पर अपर निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. केएस रिसम ने कहा कि कृषि विकास में किसान के हितों को सर्वोपरि रखने की जरुरत है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् (आईसीएआर) के माध्यम से पुरे देश में केवीके वैज्ञानिकों के समक्ष कृषि प्रसार क्षेत्र में बेहतर संभावना मौजूद है। उन्होंने कहा कि नवीनतम कृषि प्रौद्योगिकी के अभिसरण से किसानों को कम लागत में, सही समय पर आसानी से बेहतर लाभ का अवसर मिलेगा। मौके पर डॉ केएस रिसम ने अभिसरण की अवधारणा, सिद्धांत, आवश्यकता एवं लाभ, सामुदायिक विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. रेखा सिन्हा ने मिलेट आधारित मूल्य उत्पादों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार के अवसर, आईएआरआई, हजारीबाग के विशेष कार्य पदाधिकारी डॉ. विशाल नाथ ने उच्च घनत्व बाग प्रबंधन और पुरानी बाग प्रौद्योगिकी का नवीनीकरण तथा दिव्ययान केवीके, रांची के प्रधान डॉ. अजित कुमार सिंह ने हाइड्रोपोनिक खेती के सिद्धांत और वर्त्तमान परिदृश्य में उनका महत्त्व के बारे में बताया। स्वागत भाषण एवं संचालन केवीके, चतरा के प्रभारी डॉ. रंजय कुमार सिंह ने किया। मौके पर डॉ. ललित दास, डॉ. संजय कुमार, डॉ. राजीव कुमार, डॉ. एसपी कुमार, निर्मल कुमार, अनंत नलय टोप्पो एवं राजेश कुमार सिंह भी मौजूद थे।

# अबीर-गुलाल की होली मनाने की तैयारियां जोरों पर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



स्वामी सदानंद जी महाराज का हिन्दुओं के महापर्व होली के सुअवसर पर आज रांची आगमन हो रहा है। बृहस्पतिवार को विधा देवी अग्रवाल के निवास स्थान शिवगंज,हरमु रोड स्थित सत्संग भवन मे होली मिलन का कार्यक्रम भव्य रूप से मनाया जाएगा। इस अवसर पर परमपूज्य भागवताचार्य श्री श्री 1008 संत शिरोमणी सदानंद जी महाराज के सानिध्य मे आज होली के शुभ अवसर पर फुलो अबीर-गुलाल की होली खेली जायेगीं।उसके पश्चातं सत्संग, संकीर्तन प्रवचन के कार्यक्रम होने के पश्चात होली के अवसर पर आये हुए सभी सुन्दरसाथ एव श्रद्धालुओ को अपना आशीर्वाद प्रदान करेगें। गुरू जी सदानंद जी महाराज को सड़क मार्ग से रांची लाने के लिए संस्था के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, नन्द किशोर चौधरी रांची से सुन्दरगढ के लिए चले गये है। कल सड़क मार्ग से गुरू जी महाराज को सुन्दरगढ से लेकर अपराह्न 4 बजे तक राँची सत्संग भवन पहुँचगे। होली मिलन महोत्सव की सभी तैयारीयां पुरी करने मे संस्था के सह- संरक्षक बसंतकुमार गौतम,अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल सचिव मनोज कुमार चौधरी उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, बिष्णु सोनी,नन्द किशोर चौधरी,ओमप्रकाश सरावगी, पुर्णमल सर्राफ, सज्जन पाडिया,सुरेश चौधरी तन मन धन से लगे हुए है। यह सभी जनकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल (राजु अग्रवाल) ने दी।

NEWS इन ब्रीफ

## युवक पर केस दर्ज

**कुडू - लोहरदगा।** कुडू थाना क्षेत्र के एक गांव में बीते पांच वर्षों से लिव इन रिलेशनशिप में रहे एक युवक पर गंभीर आरोप लगाते हुए लड़की ने मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने लड़की की शिकायत पर कांड संख्या 27/23 धारा 376, 313 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## शांति समिति की बैठक 03 को

**कुडू (लोहरदगा)।** होली त्योहार को लेकर कुडू थाना परिसर में तीन मार्च को प्रखण्ड स्तरीय शांति समिति की बैठक होगी। अंचलाधिकारी प्रवीण कुमार सिंह ने बताया की तीन मार्च 3 बजे अपराह्न को कुडू थाना परिसर में होली एवम शब ए बरात के दौरान शांति व्यवस्था रखने के लिए शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में हर समाज एवम हर पंचायत से गणमान्य जनप्रतिनिधि लोग उपस्थित रहेंगे।

## जंगली हाथी दो घरों को किया क्षतिग्रस्त

**ठेठईटांगर।** क्षेत्र में लगातार जंगली हाथियों का आतंक कम होने का नाम नहीं ले रहा है जंगली हाथियों के झुंड से बिछड़े हाथियों के द्वारा लोगों को निशाना बनाने के साथ-साथ घर में रखे अनाज मकान सहित अन्य चीजों को भी तहस-नहस कर रहे हैं पिछले दिनों कई बार जंगली हाथियों का आतंक जारी रहा एक बार फिर से बीती रात ठेठईटांगर प्रखंड अंतर्गत कोंनपाला के गढ़ियाबहार गांव में बीती रात जंगली हाथियों के झुंड से बिछड़े हाथी के द्वारा प्रीतम प्रधान एवं माटिल्डा बा नामक किसान परिवार के घर को नष्ट करते हुए घर में रखे अनाज सहित अन्य सामानों को पूरी तरह से तहस-नहस कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद बुधवार की सुबह क्षेत्र के जिप सदस्य अजय एक्का,मुखिया फ्रांसिसिका एक्का,पूर्व उप मुखिया दीपक लकड़ा, पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात करते हुए हालचाल जाना जहां पर बताया कि शाम होने के साथ ही जंगली हाथी का झुंड गांव में पहुंच जाता है।

### पल भर में शादी की खुशियां मातम में हुई तब्दील

# एक बाराती की मौत, दर्जन भर गंभीर






**नवीन मेल संवाददाता कुडू - लोहरदगा**
कुडू में बुधवार को हुई दर्दनाक सड़क हादसे के बाद शादी की खुशियां पल भर में मातम में तब्दील हो गयी। डीजे की धुन पर नाच रहे लोगो का शोरगुल चीत्कार में बदल गया। मामला कुडू थाना क्षेत्र के फुलसुरी कोठी टोला में बुधवार एक मार्च की दोपहर करीब 12 बजे हुआ। मिली जानकारी के अनुसार लातेहार जिले के किता निवासी पांडु उरांव के पुत्र मनोज उरांव की बारात फुलसुरी गांव निवासी सुखदेव उरांव के यहां आयी थी। शादी को लेकर चारो ओर उत्साह का माहौल था। परीक्षण के लिए बारात लड़की के घर जा रही थी। नए नए परिधान में महिलाएं, पुरुष और बच्चे टाटा सवारी गाड़ी में बंधे डीजे की धुन पर थिरकते हुए गाड़ी के आगे - आगे शादी की का जशन मनाते चल रहे थे। इसी बीच सवारी गाड़ी का चालक गाड़ी खड़ा कर नीचे उतर गया। तभी चालक के बगल में बैठे किसी लड़के ने गाड़ी का गेयर बदल दिया और फिर बिना चालक के मौत बनकर दौड़ी पिकअप सामने नाच रहे बारातियों को कुचलते हुए आगे बढ़ने लगी। लोग कुछ समझ पाते तब तक दर्जनों बारातियों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में किता गांव निवासी स्व कारू उरांव के 33 वर्षीय पुत्र सूरज उरांव की मौके पर ही मौत हो गयी, वहीं गांव के श्याम जी उरांव, सूरज उरांव, रौशन उरांव, अमर लोहरा, सिरिस उरांव, रंजन उरांव, संदीप उरांव और लातेहार जिले के सोंस निवासी कुमारी सहित दर्जन भर लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन फानन में सभी को कुडू अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद इलाज कर रहे चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल अमर लोहरा और रौशन उरांव की स्थिति नाजुक देख रिम्स रेफर कर दिया है।

## बाइक मोपेड में टक्कर, चार लोग घायल

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के बक्सीडीपा स्थित एकागुड़ी मोड़ के समीप टीवीएस चैम्प एवं पल्सर बाइक के टक्कर में चार लोग घायल हो गये घटना की सूचना स्थानीय ग्रामीणों द्वारा सेन्हा थाना को देते हुए सभी घायल को इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जाता है कि एकागुड़ी मोड़ के समीप हुई सड़क दुर्घटना में पल्सर बाइक चालक की लापरवाही के कारण हादसा हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि टीवीएस चैम्प सवार व्यक्ति चितरी से लोहरदगा जा रहे थे। उसी दौरान सेन्हा की ओर से तेज रफ्तार में आ रही पल्सर बाइक जेएच 08 जे 1599 के चालक लापरवाही से मोड़ में टीवीएस चैम्प को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे टीवीएस चैम्प चालक व्यक्ति गम्भीर रूप से घीयल हो गया। घायल की पहचान चितरी निवासी भरत साहू के रूप में किया गया जबकि पल्सर सवार तीनो का पहचान नही हुआ।

# पुलिस ने चलाया जांच अभियान, दो बाइक जब्त



**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
सेन्हा थाना के समीप गुमला लोहरदगा मुख्य मार्ग पर बुधवार को वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान पुलिस द्वारा 2 बाइक को जप्त कर अग्रतर कारवाई हेतु परिवहन विभाग को सूचनार्थ किया गया। पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के निदेर्शानुसार थाना प्रभारी के निर्देश पर सआनि पवन सोरेन द्वारा शास्त्र बल के सहयोग से सघन वाहन जाँच अभियान चलाया गया। वाहन जाँच के दौरान बाइक चालकों का हेलमेट पहनने का सख्त निर्देश दिया गया। साथ ही वाहन सम्बन्धित कागज, डिक्की, थैला का जांच किया गया। जांच के दौरान बिना हेलमेट पहने वाहन चलाने वालों का तथा वाहन का कागजात नही रहने के कारण 2 बाइक को जप्त कर सेन्हा थाना में सुरक्षित रखा गया। वहीं थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने कहा कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सेन्हा थाना के समीप सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान बिना हेलमेट के बाइक चलाते हुए 2 लोगों का वाहन को जप्त कर नियम संगत कारवाई हेतु परिवहन विभाग को सूचनार्थ किया गया है। साथ ही उन्होंने कहा सेन्हा थाना क्षेत्र में सघन वाहन जांच अभियान लगतार चलाया जाएगा और हेलमेट नही पहनने वालों पर सख्त कारवाई जारी रहेगा। मौके पर ए एस आई पवन सोरेन दल बल के साथ मौजूद थे।

### चिकित्सकों ने हड़ताल का किया समर्थन

# अस्पताल बंद रहने से मरीजों के परिजन रहे दिन भर परेशान



**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा-लोहरदगा**
झारखंड राज्य के अलग अलग जिलों में डॉक्टर के साथ हो रहे अत्याचार को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा में दिखा हड़ताल का असर। ओपीडी सहित सभी विभाग रहा बन्द मरीज हुए परेशान इमरजेंसी सेवा बहाल रखा गया है। सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित संचालित समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में कार्यरत सभी डॉक्टर एक दिन के लिए ओपीडी बन्द कर हड़ताल का समर्थन में रहे और सभी डॉक्टर कार्य बंद कर अपनी मांग को जगजाहिर किया है। जानकारी के अनुसार बता दें कि झारखंड राज्य के अलग अलग जिला में 15 दिनों के अंदर डॉक्टरों से जो व्यवहार किया गया है। उससे राज्य के सभी डॉक्टर एक दिन के लिए कार्य बंद कर हड़ताल पर चले गए है। जिससे मरीजों के बीच समस्या उतपन्न हो रही है। इस संदर्भ में सहायक चिकित्सक डॉक्टर अनुज रौशन मिंज ने जानकारी देते हुए कहा कि झारखंड राज्य में आईएमए और झासा के आवाह्न पर ओपीडी को बंद कर डॉक्टर द्वारा सुरक्षा एक्ट की मांग सहित विभिन्न बिंदुओं को लेकर चिकित्सा सेवा ठप रखा गया है। साथ ही उन्होंने कहा राज्य के कई ऐसे जिले है। जहां डॉक्टरों के साथ अधिकारी से लेकर ग्रामीणों का अत्याचार बढ़ रहा है। ऐसा ही एक मामला लोहरदगा जिला सिविल सर्जन से जुड़ा हुआ है। जिससे डॉक्टर अपने आपको असुरक्षित महसूश कर रहें है। जिस पर जनकारी देते हुए कहा कि फिलहाल एक दिन के लिए डॉक्टर हड़ताल पर है। आगे एशोसियन जो निर्णय लेगी उसी के अनुसार कार्य आरम्भ किया जाएगा। सेन्हा समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हड़ताल के बाबजूद इमजेन्सी सेवा बहाल रखा गया है।

## विकास योजनाओं की हुई समीक्षा बैठक

**कैरो / लोहरदगा।** प्रखंड सभागार में बुधवार को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो के अध्यक्षता में बीएलबीसी एवं प्रखंड विकास योजना का समीक्षा बैठक की गई। बैठक में उपस्थित डीडीएम नाबार्ड के पदाधिकारी रविंद्र प्रसाद ने बैंको के द्वारा केसीसी ऋण योजना के तहत उपलब्ध फॉर्म रिपोर्ट उपलब्ध कराने , आधार सीडिंग एवं लाभुको का पासबुक अपडेट को दुरुस्त करने का निर्देश दिया वंही प्रखंड कर्मियों को हर संभव सहयोग करने की बात कहा। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने प्रखंड में संचालित विकास योजना का समीक्षा करते हुए 10 मार्च तक अपूर्ण प्रधानमंत्री आवास को पूर्ण कराने, पोटो हो खेल के तहत पूर्ण कार्य का अभिलेख बन्द करने,पेंशन धारियों का आधार सिडिंगी कूप निर्माण का कार्य पर तेजी लाने का निर्देश दिया। मौके पर झारखंड ग्रामीण बैंक शाखा प्रबंधक रूपेश कुमार आकाश कुंवर, अजय साहू, शतिष उरांव आदि उपस्थित थे।

# मारवाड़ी महिलाओं ने मनाया श्याम महोत्सव



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
फागुन माह के फागुन महोत्सव पर मारवाड़ी समाज की महिलाओं के द्वारा श्री श्याम महोत्सव मनाया गया। जिसमें कि निमार्णाधीन श्री राणी सती दादी मंदिर परिसर पर श्री श्याम जी के तस्वीर का अलौकिक श्रृंगार करते हुए कई प्रकार के व्यंजनों से भोग लगाया गया,एवं सभी महिलाएं एक दूसरे को आपस में गुलाल लगाकर फागुन की बधाइयां दी, ठाकुरबारी मंदिर परिसर गुदरी बाजार से सभी महिलाएं श्री श्याम जी का ध्वजा अपने- अपने हाथों में लेकर पैदल श्याम जी के नारे लगाते हुए शोभायात्रा निकाली गई और निमार्णाधीन श्री रानी सती दादी मंदिर परिसर पर पहुंच कर,वहां श्री श्याम जी का भजन कीर्तन किया गया,श्याम जी के मधुर भजनों से सरा वातावरण भक्तिमय हो उठा,उसके उपरांत आरती करते हुए प्रसाद वितरण कर समापन की गई। इस फागुन श्याम महोत्सव पर लोहरदगा जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने सभी को बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी !आज इस महोत्सव पर शकुंतला राजगढ़िया,कल्याणी पोद्दार,मंजुला केडिया,ममता बंका,अनीता पोद्दार, अंजलि सर्राफ, प्रीति बंका, सीमा केडिया, रेनू सर्राफ, मंजू मोदी, वर्षा पोद्दार, अंकिता बंका, मंजू पोद्दार, अनीता पोद्दार, रज्जू मोदी, रिशु पोद्दार, नेहा अग्रवाल, नीतू मित्तल, दीपा पोद्दार, संगीता मित्तल, निधि पोद्दार, रितु शर्मा, दीप्ति शर्मा, रेखा बंका, राजश्री मोदी आदि उपस्थित थे।

### पाइपलाइन लीकेज होने गड्ढे में तब्दील हुई सड़क

# शिकायत के बावजूद सुनने को तैयार नहीं



**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा**
प्रखंड के पतिअम्बा पीपल पेड़ मोड़ के पास जलडेगा लचरागढ़ मेन रोड पर बीच सड़क में गड्ढा होने से वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क के बीच गड्ढा दुर्घटना को आमंत्रित कर रही है। शिकायत करने के बावजूद भी पीएचईडी विभाग अब तक मौन पड़ी है। हालांकि उस रास्ते से हर कोई गुजरता है लेकिन यह किसी को नहीं दिख रहा है। सब एक दूसरे पर जिम्मेदारी डाल अपना पल्ला झाड़ रहे हैं। टूट रही सड़क को लेकर प्रशासन गंभीर नहीं होने से आमजन को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। बीच सड़क पर सप्लाई पानी पाइप लीकेज से गड्ढा बना हुआ है, लगातार शिकायतों के बाद भी अभी तक लीकेज को ठीक नही किया गया।पेयजल लाइन के पाइप टूट जाने से रोजाना उसमें से हजारों लीटर पानी सड़क से होकर खेत पर बह रहा है। सप्लाई खोलने के दौरान बहने वाले पानी से सड़क भी क्षतिग्रस्त हो गई है, जिसको लेकर वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। राहगीरों ने बताया कि बीच सड़क में टूटी पेयजल लाइन एक घुमावदार मोड़ के पास होने के कारण सड़क मे बना गड्ढा वाहन चालकों को दिखाई नहीं देता है।

**क्या कहते हैं सीओ :** मामले पर सीओ डॉ खगेन महतो ने कहा की संवेदक की लापरवाही और कार्य में अनियमितता के कारण आए दिन हमेशा पानी लीकेज की शिकायत सुनने को मिलती है। लेकिन यहां पानी लीकेज से मुख्य सड़क टूट रहा है, जो गंभीर मामला है, उन्होंने कहा की विभागीय अधिकारियों और संबंधित जेई एई से बात कर के मामले की जानकारी दिया जायेगा जिससे पानी लीकेज की समस्या खत्म हो सके।

## हनुमान मंदिर वार्षिक महोत्सव के मौके पर कलश यात्रा

**पाकरटांड़।** पाकरटांड थाना परिसर स्थित हनुमान मंदिर की वार्षिक महोत्सव के मौके पर बुधवार की सुबह भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं एवं युवतियां भगवा वस्त्र धारण करते हुए नदी से जल लेकर नगर भ्रमण करते हुए थाना स्थित हनुमान मंदिर पहुंचे जहां पर कलश यात्रा का समापन हुआ किधर कलश यात्रा में यजमान के रूप में अंचलाधिकारी अमित कुमार सपत्नीक शामिल हुए हैं इधर कलश यात्रा के समापन के पश्चात अधिवास पूजन के साथ ही 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन प्रारंभ हुई अखंड हरिकीर्तन में पाकरटांड, कोबांग, तामड़ा, सिकरियाटाड, भेलवाडीह बसतपुर सहित आसपास के दर्जनों गांव की टीम शामिल है।

# बुनियादी उच्च विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
देश के महान वैज्ञानिक सी बी रमन के जन्म दिवस के अवसर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर बुनियादी उच्च विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घन प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रामकरण द्विवेदी, बीपीओ प्रकाश रंजन, प्रधानध्यापिका रेणु मिश्रा द्वारा द्वीप प्रज्वलन का शुभारम्भ किया गया। आयोजित प्रदर्शनी कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चे सोनिका कुमारी, निखिल यादव, विशाखा कुमारी, शोएब अन्सारी, रंजन कुमार, नफीसा प्रवीण, अंजनी उराँव, सिमरन निशी, सुनीता कुमारी, जीसान अकरम, शशि बखला, नीरज पन्ना, नुरजंहा खातुन, सैफ अन्सारी, खुशी कुमारी, दुर्गेश्वरी कुमारी, अयान अन्सारी, प्रीति कुमारी सहित छात्र छात्राओ द्वारा भिन्न भिन्न मॉडल तैयार किया गया था। जिसे बच्चों द्वारा बनाया गया मॉडल के माध्यम से नशा से होने वाले हानि,हरा साग सब्जी खाने से लाभ,दूषित जल को साफ करने का विधि,रेल में वृद्ध व्यक्तियों को उतरने चढ़ने के साधन,खेल कूद का जीवन मे महत्व के बारे बताया गया। मौके पर शिक्षक मेराज आलम,चाँदनी शाहदेव,डॉक्टर बैजयंती उराँव,रंजू साहु के अलावे विद्यालय के छात्र छात्राएँ उपस्थित थे।

## अज्ञात बीमारी से कोलमडेगा में 20 बकरियों की मौत

**जलडेगा।** जलडेगा के कोलमडेगा में अज्ञात बीमारी के कारण लगभग बीस बकरियों की मौत का मामला सामने आया है। इधर, एक साथ बड़ी संख्या में बकरियों की मौत के बाद बकरी पालक परिवारों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। हजारों रुपए की बकरियां मौत का शिकार हो चुकी हैं, लेकिन बीमारी थमने का नाम नहीं ले रही। वहीं कई अन्य बकरियां भी बीमारी से ग्रसित है। जिसके कारण पशुपालकों में इस बीमारी को लेकर काफी चिंता नजर आ रही है। पशुपालको ने बताया की अज्ञात बीमारी के कारण बकरियों की हो रही मौत के कारणों का अभी तक पता नहीं लग पाया है। इस कारण पशुपालक काफी चिंतित नजर आ रहे हैं। लोगों ने पशुपालन विभाग से मदद की गुहार लगाई है।

अवसर

### कर्नल का झारखंडी रीति रिवाज हुआ स्वागत

# वर्दी के महत्व को समझें : कुमार



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय सिमडेगा में कर्नल नवीन कुमार का भव्य स्वागत झारखंडी पारंपरिक रीति रिवाज से किया गया। मौके पर अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी बादल राज उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुरूआत दीप प्रज्वलित कर किया गया। कमान अधिकारी ने अपने संबोधन की शुरूआत जय हिंद का नारा लगवा कर किया। उन्होंने बच्चों से कहा तुम्हें आज जितनी मौके और अवसर प्राप्त है उसके महत्व को समझ कर काम करना है। एनसीसी कैडेट्स को कहा वर्दी के महत्व को समझो और उसके अनुरूप अपना क्रियाकलाप करना है समाज आपको औरों से हटकर सम्मान देती है। उन्होंने यह भी कहा जीवन में कभी भी भेड़ की चाल में नहीं चलना अपितु सोच समझकर अपने लक्ष्य को निर्धारित कर आगे बढ़ना यदि समझ में नहीं आए तो अपने माता-पिता और गुरुजनों की सलाह लेना। अपने अभिभाषण में हिंदी और मातृभाषा पर विशेष बल देते हुए कहा अंग्रेजी जानना ज्ञान की परिभाषा नहीं हो सकती है हमें अपने भाषा संस्कृति रीति रिवाज को विशेष महत्व देना चाहिए इसी में हम सब का कल्याण है और हमारे देश का विकास भी संभव है।वही अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी बादल राज ने भी छात्र छात्राओं को मिलिट्री लाइफ के विषय में बताते हुए कहा लक्ष्य निर्धारित करो और अनुशासन के साथ आगे बढ़ो ताकि अपना और समाज दोनों का नाम रोशन कर सको। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अब्राहम केरकेट्टा के द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। कर्नल नवीन कुमार को एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर सत्यजीत कुमार एवं अब्राहम केरकेट्टा द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया सूबेदार ओंकार सिंह एवं बीएचएम संजीव कुमार को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

## मरीज को मिला पोषण किट

**सिमडेगा।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत बीरु में कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में चिन्हित दो टीबी मरीजों के बीच पोषाहार का वितरण निक्षय मित्र डा पदम् प्रकाश साह, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, सिमडेगा एवं डॉ योगेंद्र चौधरी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डा. पदम प्रकाश साह, संतोष कुमार पंडा, वरीय चिकित्सा पर्यवेक्षक, सिमडेगा उपस्थित थे।मौके पर गाँव में चिन्हित दो टीबी मरीजों अनुप लकड़ा एवं सुनील बाः के बीच पोषण आहार का वितरण किया गया उन्हें पोषण आहार के रूप में आटा दाल, तेल, पाउडर दूध इत्यादि वितरित किया गया। कार्यक्रम में डा० पदम् प्रकाश साह, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, सिमडेगा द्वारा बताया गया कि टी० बी० मरीजों को पोषण आहार लेना बेहद जरूरी है। उन्होने कहा कि पौष्टिक भोजन से शरीर में इम्युनिटी पावर बढ़ती है जो टीबी बीमारी के इलाज में काफी सहायक होती है। उन्होने कहा कि सही देखभाल और उचित उपचार से टीबी बीमारी को जड़ से समाप्त किया जा सकता है। उन्होने कहा कि टी बी० बीमारी को दूर भगाने के लिए निक्षय मित्रों को आगे आना होगा।

# होली को लेकर बानो थाना में शांति समिति की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। बानो**
होली महा पर्व को लेकर बानो थाना में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में कहा गया कि होली का पर्व आपसी प्रेम का पर्व है मेल जोल के साथ खेले जो रंग नही लगाना चाहता हो उसे न लगाएं वही जिला परिषद बिरजो कंडुलना ने कहा ये पर्व आपसी द्वेष को भुला कर खेले।प्रमुख सुधीर डांग ने कहा रंग खरीदने के समय अच्छी कम्पनी रंग ही खरीदे जिससे त्वचा को कोई हानि न हो । थाना प्रभारी फिलिप मिंज ने कहा होली रंगों का त्योहार है।आपसी सहयोग से होली खेले। ध्यान रखें कि कोई हुड़दंग न करें।किसी को तकलीफ न हो जबरजस्ती न लगाएं, बृद्ध व बच्चों को रंग न लगाए कीचड़ का उपयोग करने से रोकें। इस समय पुलिस वाहन चेकिंग अभियान चला रही हैं ।आप सब हेलमेट पहने।और लोगो को भी हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करें। वही थाना प्रभारी ने कहा कि पर्व के दौरान माहौल खराब ना हो इस को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र में लगातार गस्ती अभियान के साथ-साथ सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखी जाएगी ताकि कोई भी व्यक्ति संप्रदायिक हिंसा भड़काऊ वाली पोस्ट ना कर पाए।बैठक में होली मिलन समारोह में नागपुरी गायक रूपेश बड़ाईक के गीत के साथ एक दूसरे को रंग लगाया। लोग एक दूसरे को रंग लगा कर बधाई दिया ।मौके पर चिकित्सा प्रभारी संजय कुमार रवि, एस आई जितेश कुमार, बीस सूत्री प्रखण्ड अध्यक्ष बिदेशिया बड़ाईक, बानो मुखिया विश्वनाथ बड़ाईक, सीता कुमारी, गोपाल सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

**NEWS इन ब्रीफ**

### विक्षिप्त 14 वर्षीय लड़की लापता

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के हॉस्पिटल चौक स्थित आरपी सिंहा क्लिनिक के बगल की एक विक्षिप्त लड़की अंगिता कुमारी 26 फरवरी से अपने घर से लापता है। इस संबंध में गुमशुदा लड़की की बहन सुमित्रा देवी ने बताया कि अंगिता कुमारी 26 फरवरी की शाम से अचानक अपने घर से लापता हो गई। लापता हो जाने के बाद परिजनों ने उसके सगे संबंधित सहित अन्य जगहों पर उसे ढूंढा। लेकिन अभी तक उसका कुछ भी अता पता नहीं चल पाया है। वही परिजन थक हार कर अंगिता कुमारी की गुमशुदा का मामला शहर थाना में दर्ज करा दिया है। थाना में मामला दर्ज होने के बाद शहर थाना की पुलिस गुमशुदा की तलाश के लिए हर जगह पता लगाया। लेकिन फिर भी अभी तक कुछ नहीं पता चल पाया है। यदि कोई भी व्यक्ति इस गुमशुदा लड़की को कहीं देखे या कुछ पता चले तो शहर थाना के मोबाइल नंबर 9431706249 पर संपर्क करें।

### अलग-अलग बाइक दुर्घटना में दो घायल

**मेदिनीनगर।** नावा बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम बाना गांव के पास मंगलवार की रात बाइक दुर्घटना में मनोज भुइयां गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल मनोज को स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया। जहां इलाज के बाद भी मनोज की स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं दूसरी ओर भंडरिया थाना क्षेत्र के ग्राम सरईडीह निवासी अखिलेश कुमार अपने घर से बिश्रामपुर जाने के क्रम में रास्ते में बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के बाद वह खतरे से बाहर।

### आपात मदद ही हमारी प्राथमिकता : अविनाश

**मेदिनीनगर।** पोखराहा खुर्द स्थित सुरेंद्र साव के घर में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। मालूम हो कि कुछ दिन बाद ही उनकी बेटी की शादी होनी थी, शादी की तैयारी को लेकर जेवर और अन्य सम्बंधित सामान से घर भरा पड़ा था। ऐसी स्थिति के बीच आग लग जाने से पूरी संपत्ति जलकर स्वाहा हो गई। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मामले को संज्ञान में आते ही संत मरियम स्कूल के चेयरमैन, सदस्य माटी कला बोर्ड झारखंड सरकार सह झामुमो के वरिष्ट नेता अविनाश देव ने देर रात को घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और परिजनों से मिलकर ढाढस बंधाया। उन्होंने यथासंभव मदद का भरोसा दिया। सम्बंधित अधिकारियों से वार्ता कर मिलने वाले मुवावजे के लिए निर्देश दिया। मौके पर अविनाश देव ने कहा कि यह बहुत ही दुखद घटना है। हम सभी स्थिति पर नजर बनाये हुए है। हमारी पार्टी पीड़ित परिवार के साथ सदैव खड़ी है। साथ ही उन्होंने आम आवाम से अपील की है कि जरूरतमंदों की मदद ही सच्ची इंसानियत है। हम सभी को यथाशक्ति अपने आस पड़ोस वाले लोगों की मदद करनी चाहिए।

## किसानों व छात्रों को दी गई कृषि से संबंधित जानकारी




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चियांकी क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र में शुष्क भूमि कृषि परियोजना और बिरसा कृषि विश्वविद्यालय रांची से आये कृषि वानिकी के अंतिम वर्ष के छात्र और दारूडीह एवं बकोरिया से आये किसानों के बीच प्रशिक्षण सह-बीज का वितरण किया गया। संस्थान के मुख्य वैज्ञानिक डा0 डी एन. सिंह ने कहा कि बदलते जलवायु के साथ खेती पर सीधा असर पड़ रहा है। इस चुनौती से निपटने के लिए वैज्ञानिको द्वारा कम वर्षा, कम समय में अधिक उपज देने वाली किस्मों का विकास किया जा रहा है। जिसमें सुखा सहने के साथ ही रोग व्याधि से लड़ने की क्षमता ज्यादा होती है। संस्थान के सह-निर्देशक डा. अखिलेश साह ने कृषको को बैज्ञानिक विधि से गरभा मूंग लगाने के बारे में बताया। गरभा मूँग प्रभेद विराट अच्छा उत्पादन देने वाला है। यह 65 दिन में तैयार हो जाता है। यह प्रति हेक्टेयर15 क्विटल देने वाला उपज है। संस्थान के वैज्ञानिक प्रमोद कुमार ने गरभा भिण्डी लगाने के तरीके भी किसानो को बताया। उन्होंने बताया कि भिण्डी प्रमेद सुपर ग्रीन की उपज सबसे अच्छा है। निक्रा परियोजना के यंग प्रोफेशनल अभिषेक पटेल ने भी गरमा मूँग की सिचाई, उर्वरक एवं रोग प्रबंध के बारे में विस्तार से ग्रामीणों को समझाया। प्रशिक्षण में आये अंतिम वर्ष के छात्रों ने क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र चियाकी का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान डा. अनील कुमार ने छात्रों को विस्तार से बताया। साथ ही 50 किसानों के बीच मूंग का बीज और 30 किसानों के बीच भिण्डी बीज का वितरण किया गया। मौके पर लिंकमैन अजय ठाकुर और संस्थान के अमित कुमार विश्वकर्मा, श्रवण यादव और किसान विश्वनाथ राम, मनोज राम, गीता देवी, नगमा देवी सहित 50 किसान और 30 छात्र मौजूद थें।

## भाजपा नेता ने मोटर शीघ्र लगाने की मांग की



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भाजपा नेता परशुराम ओझा ने उपायुक्त और नगर आयुक्त को पत्र लिखकर बेलवाटीका पम्पू कल में लगाये गये दो नया मोटर खराब हो जाने के कारण बेलवाटीका, जेलहाता, मजिस्टेट कॉलोनी आदि जगहों पर पानी सप्लाई बंद हो जाने की बात कही है। उन्होंने कहा है कि पिछले कई वर्षो से दोनों मोटर खराब पड़ा था। जिसके जगह नया मोटर लगाया गया जो पुनः खराब हो गया। मोटर खराब हो जाने के कारण स्टेशन रोड स्थित पानी टंकी में पानी नहीं चढ़ाया जा रहा है। इस पानी टंकी से सीआरपीएफ, फायर बिग्रेड को भी पानी दिया जाता है। किन्तु तीन दिनों से पानी नहीं मिल रहा है। श्री ओझा ने नये मोटर के खराब होने के मामले की जांच की मांग की है। साथ ही शीघ्र मोटर बनवा कर पेयजल आपूर्ति करने की मांग की है।

## अभाविप ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अभाविप के द्वारा जिला संयोजक अभय वर्मा के नेतृत्व में पलामू जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा गया कि जिले के साहित्य समाज चौक स्थित जिला पुस्तकालय का जीर्णोद्धार कर नवीन पाठ्यक्रम के अनुसार पुस्तके उपलब्ध कराए जाने और मुख्य शहर के बाहर दो अन्य पुस्तकालय चैनपुर और बारालोटा में निर्माण करने की विषय सम्मिलित थी। परिषद के कार्यकर्ताओं के द्वारा परिषद के कार्यकर्ताओं ने उपायुक्त से आग्रह किया कि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को पुस्तकालय का लाभ भी सुलभता से मिल सके। इसके लिए पुस्तकालय का निर्माण करना अति आवश्यक है। मौके पर उपस्थित नगर मंत्री रामा शंकर पासवान ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे शहर में आकर पुस्तकालय का लाभ नहीं उठा पाते हैं। ऐसी स्थिति में जिला प्रशासन के द्वारा और दो जगहों पर पुस्तकालय की व्यवस्था करनी चाहिए। मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनीत पांडे, नगर सह मंत्री अभिषेक रवि, रोहित गुप्ता, जीएलए कॉलेज के गणित विभाग प्रमुख सचिंद्र सिंह, जिला कला मंच प्रमुख अंकित लाल उपस्थित थे।

### जिला समिति की बैठक, लिए कई निर्णय

## योजनाओं का लाभ उठाएं : उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आंजनेयुलू दोड्डे ने बुधवार को जिला समन्वय समिति की बैठक की। समाहरणालय के सभागार में आयोजित इस बैठक में डीसी श्री दोड्डे ने जिला समन्वय समिति की अध्यक्षता करते हुए केंद्र व राज्य सरकार की ओर से संचालित योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में डीसी ने विभागवार पदाधिकारियों से विभाग की ओर से संचालित योजनाओं की अद्यतन स्थिति से अवगत हुए। साथ ही पदाधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिया।

### खाता नहीं खोलने वाले बैंको के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करें : उपायुक्त

बैठक में शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान बताया गया कि बच्चों का बैंक खाता खोलने में कई बैंक रुचि नहीं ले रहें हैं। इसपर डीसी ने संबंधित प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को ऐसे सभी बैंकों पर एफआईआर दर्ज करवाने की बात कही। बैठक में पाया गया कि चैनपुर के कटुवल एसबीआई ब्रांच द्वारा कोई रुचि नहीं लिया जा रहा है। इस पर उपायुक्त श्री दोड्डे ने ऑन स्पॉट एसबीआई के रीजनल मैनेजर को फोन कर मामले में उचित कार्रवाई करने की बात कही।

### स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करने का दिया निर्देश

बैठक में उपायुक्त ने सभी बीडीओ को उनके क्षेत्र अंतर्गत स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करने की बात कही। इस दौरान कहीं कोई शिक्षक अनुपस्थित पाया जाता है या मिड डे मिल के संचालन में कोई गड़बड़ी करता पाया जाता है, तो ऐसे सभी लोगों की सूची बनाते हुए कार्रवाई हेतु शिक्षा अधीक्षक/शिक्षा पदाधिकारी के पास प्रस्ताव भेजने की बात कही। बैठक में डीसी ने डीएसओ को फर्जी राशन कार्डधारियों को चिन्हित करते हुए उन्हें डिलीट करने की कार्रवाई करने की भी बात कही। साथ ही आधार सीडिंग कार्य में तेजी लाने पर बल दिया। इसी तरह उपायुक्त ने राजस्व, जिला समाज कल्याण, पंचायती राज, आपूर्ति विभाग, लघु सिचाई, चिकित्सा, कल्याण, मत्स्य, पशुपालन, जेएसएलस और पेयजल विभाग समेत अन्य विभाग की समीक्षा कर ससमय योजनाओं का लाभ लाभुकों को मिले, इसे सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं पीएम आवास ग्रामीण की समीक्षा करते हुए अधूरे आवास को पूर्ण कराने में तेजी लाने का आदेश दिया। वहीं स्वीकृत आवासों के प्रथम किश्त के भुगतान पर विलंब नहीं करने की बात कही। साथ ही इस योजना पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। मौके पर उपरोक्त के अलावे उप विकास आयुक्त रवि आनंद, अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, सभी बीडीओ, सीओ, शिक्षा विभाग के अधिकारी व कर्मचारी समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## झोला छाप डॉक्टर ने युवक को पीटकर किया घायल, भर्ती



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नावाबाजार थाना क्षेत्र के ग्राम रबदा निवासी स्वर्गीय मुरारी राम के पुत्र हरि दर्शन कुमार राम को झोलाछाप डॉक्टर रवि मेहता ने ईट से मारकर सिर फोड़ दिया। गौरतलब है कि घायल हरि दर्शन कुमार राम ने कुछ दिन पहले झोलाछाप डॉक्टर रवि मेहता के द्वारा अपने स्वर्गीय पिता और बच्चा का इलाज करवाया था। जिसमें झोलाछाप डॉक्टर का पैसा हरिदर्शन के पास बाकी रह गया था। वहीं बुधवार की सुबह झोलाछाप डॉक्टर हरिदर्शन कुमार राम के घर पहुंच कर पैसे की मांग करने लगा। पैसा नहीं देने पर झोलाछाप डॉक्टर रवि मेहता और हरिदर्शन के साथ मारपीट हो गई। जिसमें डा. रवि मेहता ने ईट चलाकर उसका सिर फोड़ दिया। जिसमें हरिदर्शन कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना की जानकारी नावा बाजार थाना प्रभारी दीपक कुमार दास को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही दीपक कुमार दास घटनास्थल पर पहुंचकर घायल को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया। सदर अस्पताल में इलाज के बाद भी हरि दर्शन की गंभीर स्थिति बनी हुई है। वही इस घटना के बाद से पुलिस घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुड़ गई है।

## भाकपा ने बढ़ी घरेलू गैस के दामों को लेकर की चिंता व्यक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भाकपा के जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी ने भाजपा सरकार के द्वारा रसोई गैस सिलेंडर एवं कमर्शियल गैस सिलेंडर के मूल्य में वृद्धि पर चिंता व्यक्त किया है। देश में बढ़ रही लगातार महंगाई के बाद यह सिलेंडर के दाम में वृद्धि करना और भी खाद्य पदार्थों के दाम में वृद्धि होने का संकेत है। विदित है कि देश के प्रधानमंत्री महंगाई को खत्म करने का वादा किया था। लेकिन उनके गद्दी पर बैठने के बाद देश में महंगाई तेजी से बढ़ती गई। यहां तक कि खाद्य पदार्थों में भी आटा किरासन तेल जैसे तेलों के दामों में भी भारी वृद्धि हुई। उन्होंने देश में घूम घूम कर उज्वला योजना के तहत गैस बांटने का नाटक किया। ढिंढोरा पीटा मुफ्त सिलेंडर का सब्सिडी के नाम पर आज लगातार गैस का दाम बढ़ने से 1000 के पार होने के बाद से ही आम महिलाएं गैस सिलेंडर को एक कोना में रखकर उस पर सामान रखने का काम कर रही है। यह देश की महिलाओं के साथ अन्याय है। हमारे देश की महिलाएं बहन बेटियां सिलेंडर की बढ़ती कीमतों के बाद लकड़ी पर खाना बनाने को विवश है। उनको धुआ में झोंकने की साजिश की जा रही है।

### नगर समिति की बैठक में धर्म रक्षा निधि समर्पण अभियान पर समीक्षा

**मेदिनीनगर।** विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल पलामू के जिला कार्यालय में गुरूवार को एक संयुक्त बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता विभाग मंत्री कुमार गौरव और संचालन जिला मंत्री सूबेदार दामोदर मिश्रा ने किया। बैठक के दौरान जिला में चलाए जा रहे धर्म रक्षा निधि समर्पण अभियान की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान पिछले 12 फरवरी से 24 फरवरी तक चलाए गए धर्म रक्षा निधि समर्पण अभियान में जिला के द्वारा कराए गए समर्पण निर्धारित लक्ष्य से काफी पीछे है। इसलिए धर्म रक्षा निधि समर्पण अभियान की तिथि को 05 मार्च 2023 तक बढ़ा दिया गया है। आज के इस बैठक में विश्व हिंदू परिषद के पलामू विभाग मंत्री कुमार गौरव, जिला मंत्री सूबेदार दामोदर मिश्र, उपाध्यक्ष महेंद्र नाथ, जिला बजरंग दल संयोजक विवेक कुमार चौबे, गौ रक्षा प्रमुख भोला अग्रवाल, बलो पासना सह प्रमुख विकाश कुमार कश्यप, गौ रक्षा प्रमुख राकेश सिंह हिंदू, नगर बजरंग दल संयोजक संदीप कुमार गुप्ता, अंकित हिंदू, दीपक कुमार, सूर्यकांत सोनी, इत्यादि की सहभागिता रही।

### भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष ने किया प्रेस कॉन्फ्रेंस

**मेदिनीनगर।** भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी ने बुधवार को पांकी में बीते दिनों हुई घटना को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों को बताया कि महाशिवरात्रि पर्व को लेकर पांकी में जो घटना घटी वह काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। क्षेत्र में आपसी सौहार्द बिगाड़ने की जिसने भी कोशिश की है उसे प्रशासन अविलंब गिरफ्तार करे। वही बेवजह निर्दोष लोगों को प्रशासन के लोग परेशान नहीं करें, नहीं तो भाजयुमो के कार्यकर्ता सड़क से सदन तक आंदोलन करने के लिए तैयार हैं। झारखंड में इस तरह की घटना अभी वर्तमान में पांकी और रांची में जो हुई। इसमें सरकार की विफलता स्पष्ट रुप से दिखाई दे रही है। अभी आने वाले होली, रामनवमी जैसे त्योहार शांतिपूर्वक मनायें। इसमें बाधा उत्पन्न करने वाले को हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रशासन जिन्हें भी गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी है या जिसके ऊपर एफआईआर दर्ज की गई है। उनके न्यायिक सहयोग के लिए जिला कोर्ट से लेकर हाईकोर्ट तक भाजयुमो के लोग सहयोग करेंगे। साथ ही उन्होंने पुलिस प्रशासन से यह भी मांग की है कि पुलिस के खौफ में कोई भी त्योहार ना बीते इसके लिए प्रशासन के लोग त्योहार मनाने में सहयोग करें। मौके पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में शत्रुघ्न सिन्हा, साधु मांझी, सत्य प्रकाश पांडे, मंटू शर्मा, अखिलेश ठाकुर, कुंदन सिंह, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### वार्ड नं. 33 में रोड व नाली का शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** वार्ड नंबर 33 में विवेकानंद चौक पर गुरूवार को महापौर अरुणा शंकर, उपमहापौर मंगल सिंह, वार्ड पार्षद चंचला देवी ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। पार्षद चंचला देवी ने कहा कि मेरी कोशिश है कि मेरे वार्ड का कोई भी रोड, नाली या बिजली व्यवस्था नहीं बचे। मैं हर संभव कोशिश करती रहती हूं कि मेरे वार्ड क्षेत्र में किस चीज की कमी है, उसको मैं पूरा कर सकूं। आज उसी कड़ी में मेरा यह कार्य धीरज जायसवाल के घर से रामकेवल शर्मा के घर तक रोड, नाली तथा बिहारी सेठ के घर से उरांव के घर तक रोड और नाली को जोड़ा जा रहा है। बचे हुए जितने भी रोड हैं। उसके लिए मेरी कोशिश रहेगी कि उसे भी जल्द से जल्द पूरा कर सकूं। मौके पर उपस्थित विजय चंद्रवंशी, जितेंद्र गुप्ता, साबिर खान, धीरज जायसवाल, रीना जयसवाल, संजय जयसवाल, राकेश अग्रवाल, मुन्ना चंद्रवंशी, राजेंद्र चंद्रवंशी, मुनीर आलम, पप्पू अहमद साहब अलाउद्दीन कुरेशी, प्रताप तिर्की सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## जमस ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जनता मजदूर संघ के संयोजक राकेश कुमार सिंह ने उपायुक्त पलामू व पड़वा थाना प्रभारी को आवेदन सौंपते हुए आग्रह किया है कि पलामू जिला, पड़वा प्रखंड अन्तर्गत कठौतिया कोल माइन्स, हिण्डालको इण्डस्ट्रीज को तथाकथित जनप्रतिनिधियों एवं छुटभैया नेताओं द्वारा षड़यंत्र के तहत बन्द कराने एवं निजी स्वार्थ सिद्धि के लिए असंवैधानिक आन्दोलन के नाम पर आम-अवाम को दिग्भ्रमित एवं अशांति फैलाकर निजी स्वार्थ सिद्धि में प्रयन्तशील एवं मशगूल है। विदित हो कि कार्यरत श्रमिक आज विगत एक माह से नो वर्क नो पे के शिकार बने हुए श्रमिक परिवार भूखे मरने के कगार पर खड़े हैं। साथ ही सरकारी राजस्व का भी भारी नुकसान हुआ है। इस तरह की अराजकता एवं मजदूरहित को ताखे पर रख कर निजी स्वार्थ सिद्धि के इस खेल को हमारा संघ कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। इसलिए बाध्य होकर 'मरता क्या नहीं करता' कार्यरत श्रमिकों के रोजगार बचाने, उद्योग एवं राज्यहित में सर्वसम्मति से लिए गए निर्णयानुसार संघ के द्वारा यह मांग की जाती है कि तथाकथित दुर्घटनाग्रस्त पीड़ित परिवार को जिला प्रशासन द्वारा हस्तक्षेप कर कम्पनी द्वारा दिये जा रहे मुआवजा से सीधे तौर पर राहत पहुंचाते हुए निजी स्वार्थ सिद्धि में मशगूल, अराजकता एवं अशांति फैलाने वाले पर अंकुश लगाया जाये। जिससे माइन्स एरिया में शांति बहाल हो सके तथा कार्यरत मजदूरों का रोजगार बच सकें। अन्यथा संघ के द्वारा 02 मार्च 2023 से इस अन्याय एवं अराजक विरोध में चरणबद्ध अनिश्चितकालीन आन्दोलन चलाया जायेगा। जिसकी सारी जवाबदेही संबंधित प्रशासन की होगी।

**जीर्णोद्धार** पलामू सरकारी बस स्टैंड व शिवाजी मैदान को अत्याधुनिक बनाया जायेगा


## दो करोड़ की योजना का मेयर ने किया शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** निगम के महापौर अरुणा शंकर एवं उपमहापौर मंगल सिंह तथा पार्षदों ने मिलकर लगभग दो करोड़ की योजना का शिलान्यास किया। जिसमें प्रमुख सरकारी बस स्टैंड जीर्णोद्धार, शिवाजी मैदान जीर्णोद्धार, पूरे शहर के यात्री शेड का जीर्णोद्धार तथा कई वार्ड के नाली और रोड है। महापौर ने शिलान्यास करते हुए कहा कि वह कई वर्षों से प्रयासरत थी कि सरकारी बस स्टैंड को सुव्यवस्थित किया जाए। इसके लिए सरकार से पत्राचार भी चल रहा था अंततोगत्वा जैसे ही निगम को सरकार ने सरकारी बस स्टैंड हस्तांतरण करते हुए पत्र भेजा। निगम उसका जीर्णोद्धार करने का कारण शुरू कर दी' उन्होंने बताया कि पूरे सरकारी बस डिपो में पॉवर ब्लॉक लगाए जा रहे इसके अलावे उसके बिल्डिंग का रंग रोगन और लाइटिंग की व्यवस्था तथा ठंडे पानी की व्यवस्था भी की जा रही 'उन्होंने कहा कि इसी सरकारी बस स्टैंड से सारे अंतर राज्य बस छूटते हैं। जहां दूसरे राज्य के लोग को काफी दिक्कतें होती थी और स्टैंड की बदतर स्थिति होने के कारण निगम का छवि भी खराब होता था ' इसके अलावा शिवाजी मैदान मैं स्टेज, ग्रीन रूम, शौचालय, पूरे मैदान में वाकिंग ट्रेक, बुजुर्गों महिलाओं को बैठने के लिए बेंच, एवं लाइट की विशेष व्यवस्था की जा रही ताकि कोई भी कार्यक्रम में लोगों को सुव्यवस्थित व्यवस्था मिल सके' शहर के पूरे जर्जर हो चुके यात्री शेड का भी जीर्णोद्धार हो रहा है। जो शहर की खूबसूरती और सुविधा को बढ़ाएगा ' महापौर ने कहा कि मैं और मेरी टीम कोशिश कर रही की शहर को ज्यादा से ज्यादा सुव्यवस्थित करूं। इन सब के साथ अभी मेरी मुख्य प्राथमिकता पानी पर है मेरा प्रयास होगा विपरीत परिस्थिति में भी पानी का किल्लत निगम वासियों को ना होने दिया जाय। मैं एवं उपमहापौर लगातार इस पर बैठक कर रहे। उन्होंने कहा कि निगम वासियों से सहयोग चाहूंगी की पानी की बबार्दी कहीं भी होते देखें तो मुझे सूचना दें, ताकि दूसरों को भी पानी मिल सके।

## 15वां राष्ट्रीय महाधिवेशन 17 से 19 तक




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय जन नाट्य संघ ( इप्टा ) का 15 वां राष्ट्रीय महाधिवेशन झारखंड के पलामू जिला स्थित मेदिनीनगर शहर में आयोजित होगा। 17 से 19 मार्च तक आयोजित महाधिवेशन के दौरान तीन दिवसीय नीलांबर-पीतांबर लोक महोत्सव का भी आयोजन किया जायेगा। जिसमें देशभर के कलाकारों की लोक प्रस्तुति की झलक दिखलाई पड़ेगी। बुधवार को इप्टा राष्ट्रीय सम्मेलन सह जन-सांस्कृतिक समारोह आयोजन समिति की ओर से प्रेस कॉन्फ्रेंस कर उक्त जानकारी दी गई। आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ अरुण शुक्ला ने कहा कि समानता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुत्व की हिफाजत के लिए, समाज मे फैले वैमनस्य को दूर करने के लिए, और प्रेम के संदेश को लेकर यह आयोजन किया जा रहा है। यह पलामू जिले के लिए गर्व की बात है कि देश के सबसे बड़े सांस्कृतिक संगठन का राष्ट्रीय सम्मेलन डालटेनगंज शहर में हो रहा है। जिसमें देश भर से 600 से अधिक कलाकार और संस्कृतिकर्मी हिस्सा लेंगे और भारत की बहुआयामी लोक परंपरा की विविध साझी सांस्कृतिक विरासत को प्रस्तुत करेंगे। इस दौरान इप्टा के राज्य महासचिव उपेंद्र मिश्रा ने बताया कि सम्मेलन के पूर्व संध्या पर 16 मार्च की शाम कर्टेन रेजर के रूप में इंदौर इप्टा की नाट्य प्रस्तुति धीरेंद्र मजूमदार की मां का मंचन गांधी स्मृति टाउन हॉल में संध्या 6 बजे से किया जायेगा। 17 मार्च को 15 नगाड़ो की गूंज और झारखंड समेत अलग-अलग राज्यों की विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच जन सांस्कृतिक मार्च (रंग यात्रा) के साथ तीन दिवसीय महाधिवेशन का आगाज होगा। जिसके बाद शिवजी मैदान में आम सभा किया जायेगा। उन्होंने कहा कि भले ही यह सम्मेलन इप्टा का है। लेकिन यह पूरा आयोजन शहरवासियों का है।

हमें किसी के उपकार को कभी नहीं भूलना चाहिए ; और अपने प्रति किए गए अपकार की सदा उपेक्षा करनी चाहिए ; अन्यथा हमारे मन में सात्विक भावों के स्थान पर रजोगुण में वृद्धि होती रहेगी।

– ठाकुरजी



# युवाओं को लेकर कुछ सवाल

**आज** की सदी युवाओं की है। पूरी दुनिया में इनका जलवा देखने को मिल रहा है। लेकिन कहीं -कहीं पर देखने से थकान लगने लगता है। उसका कारण अपने मुल्क के बाशिंदों की अकर्मण्यता देखकर होती है। लेकिन यह भी इसी देश का सच है कि यहां के युवाओं ने हर क्षेत्र में, हर स्तर पर अपनी दक्षता सिद्ध की है। पिछले 10-15 सालों में भारत के युवाओं में एक अहम परिवर्तन की शुरूआत हुई है। उनमें निर्णय लेने की क्षमता का विकास हुआ है। कैरियर हो या जीवन साथी का चुनाव, पहनावा हो या भाषा, जीवन-शैली हो या अपनी बात को रखने का अंदाज। एक बेहद आकर्षक आत्मविश्वास के साथ भारतीय युवा अपनी दक्षता के साथ चमक रहे हैं। इसमें उसे जिद्दी कहना जल्दबाजी होगी, यह जुनून और जोश की दमदार अभिव्यक्ति है। उसे अगर सही दिशा में सही अवसर मिलें, या इसे यूं कहें कि उसे स्वयं को अभिव्यक्त करने का मौका दिया जाये, उस पर विश्वास करने का जोखिम उठाया जाये तो कोई वजह नहीं बनती कि उसमें शिथिलता के लक्षण भी नजर आ जायें। यह भारतीय युवा के कुशल मस्तिष्क की ही तारीफ है कि वैश्विक स्तर पर उस पर विश्वास किया जा रहा है। बड़ी-बड़ी जिम्मेदारियां उसे सौंपी जा रही है। यह इस देश की राजनीति के लिए शुभ और सुखद लक्षण है कि बुजुर्गों की भीड़ में अब युवा चेहरे चमक रहें हैं। चाहे राज्य की बात हो या देश की । युवा राजनीति में अपना अलग पहचान बना रहे है। तेजस्वी यादव हो या अम्बा प्रसाद ही क्यों ना हो। राजनीति के यह चिकने चेहरे सिर्फ मोम के पुतले नहीं है बल्कि समय-समय पर जनता की आवाज बनने में भी यह गुरेज नहीं करते। इनकी उम्र कम लेकिन हौसलें बुलंद हैं। देश की जनता बुजुर्ग नेताओं के कोरे भाषण सुन-सुन कर थक चुकी थी और कहना होगा कि यह बदलाव उन्हें सुहाना लग रहा है। लेकिन एक बात यह कि कहीं-कहीं इन्हें संयम की डोर थामने की आवश्यकता भी है। हालांकि युवाओं पर दोष मढ़ना भी ठीक नहीं है। पल-पल की अव्यवस्था और भ्रष्टाचार को देखते हुए उसका खून खौल उठता है। सही जगह पर आक्रोश व्यक्त नहीं हो पाता है तो फलस्वरूप यह कहीं और किसी और रूप में निकलता है। जिसका शिकार कोई निर्दोष होता है। वर्तमान फिल्मों और टीवी के टीआरपी वाले शो ने उसे दिग्भ्रमित किया है। कम मेहनत और कम समय में करोड़पति बनने का झूठा ख्वाब उसकी आंखों में लगातार बोया जा रहा है। और यथार्थ में जब वह पूरा नहीं हो पाता तो उसकी बौखलाहट कुंठा में बदल जाती है। आज देश के सारे मीडिया का लक्ष्य युवा है। सभी क्षेत्र में युवा की मांग है। चाहे कॉस्मेटिक्स हो या बाइक्स, मोबाइल के नित नये मॉडल हों या महंगी जिन्स आज ये सब फैशन कम और जरूरत अधिक बन गये हैं। ऐसे में इन्हें प्रोत्साहन की जरूरत है।

**भारत के युवाओं में एक अहम परिवर्तन की शुरूआत हुई है। उनमें निर्णय लेने की क्षमता का विकास हुआ है। कैरियर हो या जीवन साथी का चुनाव, पहनावा हो या भाषा, जीवन-शैली हो या अपनी बात को रखने का अंदाज।**

# पाकिस्तान की मदद से पहले सौ बार सोचे भारत





आर.के. सिन्हा

**पाकिस्तान** में आजकल भयंकर हाहाकार मचा हुआ है। महंगाई के कारण आम पाकिस्तानी दाने-दाने को मोहताज हो गया है। बेरोजगारी, अराजकता और कठमुल्लों की करतूतों ने पाकिस्तान को तबाह कर दिया है। यह स्थिति दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है। अब हमारे यहां के कुछ उदारवादी यह कह रहे हैं, कि भारत को चाहिए कि वह पाकिस्तान की मदद करे। भारतीय गुप्तचर एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के पूर्व प्रमुख अमरजीत सिंह दुलत कह रहे हैं कि मुझे लगता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस साल के अंत में किसी समय पाकिस्तान की ओर शांति का हाथ बढ़ायेंगे और पिछले कुछ महीनों से राजनीतिक एवं आर्थिक संकट से जूझ रहे पड़ोसी देश की मदद करेंगे। अब इन महानुभाव से पूछा जाना चाहिए कि जो मुल्क भारत पर 1948, 1965, 1971 और फिर कारगिल पर हमला कर चुका हो उसको लेकर इतना उदारता का रवैया अपनाने का क्या मतलब है। उसी पाकिस्तान की तरफ से मुंबई में 2008 में भीषण आतंकी हमला हुआ। उसके बाद मुंबई हमेशा-हमेशा के लिए बदल गया। 26 नवंबर 2008 को पाकिस्तान के आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकवादियों ने समुद्री मार्ग से मुंबई में प्रवेश किया और मुंबई में कई स्थानों पर अचानक हमला कर दिया। 28 नवंबर तक ताज होटल को छोड़कर सभी हमले किये गये स्थलों को सुरक्षा बलों ने अपने कब्जे में ले लिया था। अगले दिन, एनएसजी कमांडो ने होटल में प्रवेश किया और आतंकवादियों को मार गिराया। पर उस आतंकी हमले में सैकड़ों लोगों की जानें गईं और हजारों करोड़ रुपये की संपत्ति तबाह हो गई। इसके बावजूद पाकिस्तान में उस हमले के मास्टर माइंड खुलेआम घूम रहे हैं। उन्हें पाकिस्तान सरकार और उसकी धूर्त सेना का संरक्षण हासिल है। अगर कोई सोच रहा है कि मुंबई हमलों के बाद सब कुछ शांत हो गया था, तो वे फिर पठानकोट और उसके बाद उरी की घटनाओं को याद कर लें। पाकिस्तान की सरपरस्ती में सरहद पार से आए जेहादियों ने भारतीय सेना के पठानकोट तथा उरी के ठिकानों पर सुनियोजित हमले किये। हमारे यहां से पाकिस्तान को मदद देने की मांग भले ही हो रही है, पर क्या पाकिस्तान ने भारत से किसी तरह की कोई गुजारिश की है? अबतक तो नहीं। वहां के यू-ट्यूब चैनलों को देख लें। सब भारत तथा हिन्दुओं के खिलाफ जहर उगलते हुए मिल जायेंगे। अब भी वहां पर भारत विरोधी शक्तियां हावी हैं। पाकिस्तान के खून में भारत तथा हिन्दू विरोध है। पाकिस्तानी सेना कभी भारत के साथ मैत्री नहीं करना चाहेगी। वहां की सेना पर किसी का जोर नहीं है। पाक सरकार का भी

**पाकिस्तान की तरफ से मुंबई में 2008 में भीषण आतंकी हमला हुआ। 26 नवंबर 2008 को पाकिस्तान के आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकवादियों ने समुद्री मार्ग से मुंबई में प्रवेश किया।**

## इन दिनों

नहीं आप पाकिस्तान आर्मी के गुजरे दौर के पन्नों को खंगाल लें। पता चल जायेगा कि वह किस हद तक भारत विरोधी रही है। पाकिस्तानी सेना पर पंजाबियों का वर्चस्व साफ है। ये भारत विरोधी है। इसके अलावा, पाकिस्तान के हिस्से वाले पंजाब में इस्लामिक कट्टरपन सबसे ज्यादा है। वहां पर हर इंसान अपने को दूसरे से बड़ा कट्टर मुसलमान साबित करने की होड़ में लगा रहता है। इस परिप्रेक्ष्य में इस बात की उम्मीद करना नासमझी होगा कि पाकिस्तान की तरफ से भारत से संकट की घड़ी में किसी तरह की कोई मांग होगी। आखिर हम क्यों बिना वजह उदारवादी बने रहते हैं? किसने हमसे उदारवादी होने के लिए कहा है? हम तो पाकिस्तान मूल के सिंगर अदनान सामी को पदमश्री पुरस्कार तक से सम्मानित करते हैं। सामी श्रेष्ठ गायक हैं। लेकिन उनका इतना सा ही परिचय नहीं है। वे दरअसल पुत्र हैं एक उस पाकिस्तानी एयर फोर्स के फाइटर पायलट के, जिसने भारत पर 1965 की जंग में भारत के विभिन्न इलाकों पर बम बरसाये थे। उनका नाम था फ्लाइट लेफ्टिनेंट अरशद सामी खान। उन्हें पाकिस्तान आज भी अपना सबसे जांबाज फाइटर पायलट मानता है। उनका उल्लेख पाकिस्तान एयरफोर्स की वेबसाइट में भी किया गया है। उनकी कथित बहादुरी का बखान करते हुए कहा गया है, ' फ्लाइट लेफ्टिनेंटअरशद सामी खान ने भारत के खिलाफ 1965 की जंग में शत्रु (भारत) का एक लडाकू विमान,15टैंकों और 12 वाहनों को नष्ट किया। वे रणभूमि में विपरीत हालतों के बावजूद शत्रु की सेना का बहादुरी से मुकाबला करते रहे। फ्लाइट लेफ्टिनेंट अरशद सामी खान को उनकी बहादुरी के लिए सितारा-ए-जुर्रत से नवाजा जाता है।' बेशक, ये तमाम दावे झूठे हैं। वे एयर फोर्स से रिटायर होने के बाद पाकिस्तान के डेनमार्क और नार्वे में राजदूत भी रहे। उन्हें अपने वतन में जितना भी सम्मान मिले, इससे हमें क्या फर्क पड़ता है। पर हैरानी इस बात की है कि उनकी किताब का विमोचन 28 फरवरी, 2008 को दिल्ली में हुआ। उस बुक लांच के कुछ दिनों के बाद एक रोज खबर आई कि अरशद सामी खान का मुंबई के कोकिलाबेन अंबानी अस्पताल में 2009 में निधन हो गया। वे कैंसर से पीड़ित थे। पाकिस्तान और कुछ और देशों में इलाज चला। उसके बाद अदनान सामी अपने पिता को इलाज के लिए मुंबई ले आए।

## बोधि वृक्ष

### *आईए सुनें भगवान नरसिंह की कथा*

**इस** प्रकार भगवान नरसिंह ने हिरण्यकश्यप का अंत कर दिया। किंतु आखिर भगवान विष्णु ने उसको मिले वरदान को विफल कैसे किया? आइये जाने।जब भगवान नरसिंह ने हिरण्यकश्यप का वध किया उस समय ना दिन था व ना ही रात, अपितु संध्या का समय था; उन्होंने उसे ना भवन के अंदर मारा तथा ना ही बाहर अपितु उसकी दहलीज पर मारा; उन्होंने ना उसे भूमि पर मारा तथा न ही आकाश में अपितु अपनी गोद में बिठाकर मारा, ना ही उन्होंने अस्त्र से मारा तथा ना ही शस्त्र से अपितु अपने नाखूनों से मारा। इसके साथ ही भगवान नरसिंह का अवतार ना ही मानव का था, ना पशु का तथा न ही किसी सुर-असुर का; ना ही उनकी उत्पत्ति भगवान ब्रह्मा ने की थी। इस प्रकार उन्होंने हिरण्यकश्यप का वरदान विफल करके उसका वध कर दिया। प्रह्लाद ने किया नरसिंह अवतार को शांत हिरण्यकश्यप का वध करने के पश्चात भी जब भगवान विष्णु का नरसिंह अवतार शांत नही हुआ तो सभी जगह भय व्याप्त हो गया। नरसिंह भगवान अभी भी अत्यधिक क्रोध में थे जिससे सभी देवता व दैत्य चिंता में पड़ गए। तब भक्त प्रह्लाद साहस करके उनके पास गए तथा उन्हें शांत करवाने का प्रयास किया। भक्त प्रह्लाद को अपने सामने देखकर भगवान नरसिंह का क्रोध शांत हो गया तथा उन्होंने उसे बहुत प्रेम दिया। इसके पश्चात उन्होंने प्रह्लाद को अपने पिता का उत्तराधिकारी बनाया तथा पुनः श्रीहरि में समा गए। कुछ मान्यताओं तथा शिव पुराण के अनुसार यह कथा यही समाप्त नही हुई थी। आइये उसके बारे में भी जाने।

*(क्रमशः)*

# होली के रंग में नफरत बदल जाती है प्यार में



ललित गर्ग

**बदलती** युग-सोच एवं जीवनशैली से होली त्यौहार के रंग भले ही फीके पड़े हैं या मेरे-तेरे की भावना, भागदौड़, स्वार्थ एवं संकीर्णता से होली की परम्परा में धुंधलका आया है। परिस्थितियों के थपेड़ों ने होली की खुशी को प्रभावित भी किया है, फिर भी जिन्दगी जब मस्ती एवं खुशी को स्वयं में समेटकर प्रस्तुति का बहाना मांगती है तब प्रकृति एवं परम्परा हमें होली जैसा रंगारंग त्योहार देती है। इस त्योहार की गौरवमय परम्परा को अक्षुण्ण रखते हुए हम एक उन्नत आत्मउन्नयन एवं सौहार्द का माहौल बनाएं, जहां हमारी संस्कृति एवं जीवन के रंग खिलखिलाते हुए देश ही नहीं दुनिया में अहिंसा, प्रेम, भाई-चारे, साम्प्रदायिक सौहार्द के रंग बिखेरे। पर्यावरण के प्रति उपेक्षा एवं प्रदूषित माहौल के बावजूद जीवन के सारे रंग फीके न पड़ पाए। होली एक ऐसा त्योहार है, जिसका धार्मिक ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक-आध्यात्मिक दृष्टि से विशेष महत्व है। पौराणिक मान्यताओं की रोशनी में होली के त्योहार का विराट् समायोजन बदलते परिवेश में विविधताओं का संगम बन गया है, दुनिया को जोड़ने का माध्यम बन गया है। हमारी संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता है कि यहाँ पर मनाये जाने वाले सभी त्यौहार समाज में मानवीय गुणों को स्थापित करके लोगों में प्रेम, एकता एवं सद्भावना को बढ़ाते हैं। वस्तुतः होली आनंदोल्लास का पर्व है। होली शब्द का अंग्रेजी भाषा में अर्थ होता है पवित्रता। पवित्रता प्रत्येक व्यक्ति को काम्य होती है और इस त्योहार के साथ यदि पवित्रता की विरासत का जुड़ाव होता है तो इस पर्व की महत्ता शतगुणित हो जाती है। प्रश्न है कि प्रसन्नता का यह आलम जो होली के दिनों में जुनून बन जाता है, कितना स्थायी है? डफली की धुन एवं डांडिया रास की झंकार में मदमस्त मानसिकता ने होली जैसे त्योहार की उपादेयता को मात्र इसी दायरे तक सीमित कर दिया, जिसे तात्कालिक खुशी कह सकते हैं, जबकि अपेक्षा है कि रंगों की इस परम्परा को दीर्घजीविता प्रदान करते हुए आत्मिक खुशी का जरिया भी बनाये। होली रंगों का निराला एवं अनूठा पर्व है और हमारा जीवन ढ़ेर सारे रंगों का एक पिटारा है। यहां हर रंग जुदा है तो दूसरों से मिला हुआ भी। एक रंग, दूसरे से मिलकर तेजी से नया ही रंग-रूप धर लेता है। किसी एक पर अटके रहकर काम चल ही नहीं सकता। यही जीवन लीला है। पर क्या दूसरों के रंगों को अपने में समा लेना आसान होता है? रंगों को कोई तो कैनवस चाहिए ही ना! संकल्प हो तो कितने रंग खिल सकते हैं? सच यह है कि ना ही दूसरों को अपना बनाना आसान है और ना ही दूसरों का होकर रह पाना। जीवन को हर रंग में जीने और स्वीकारने की कला सबको नहीं आती। उसके लिए जरूरत होती है, एक मस्तमौला नजरिये की। समुद्र से मिलने को तत्पर, मीलों बहती रहने वाली नदी की ऊर्जा की। ऊर्जा और आनंद के इसी मेल का प्रतीक है होली का त्यौहार, जो लगातार बदलते रहने के बावजूद बना रहता है, ध्रुव है, सत्य है। जितने रंग प्रकृति के हैं, उतने ही हमारे हैं और प्रकृति हर पल रंग बदलती है। पुरानी पत्तियां शाख छोड़ती नहीं हैं कि नई खिलनी शुरू हो जाती हैं। पतझड़ और बसंत साथ ही चलते रहते हैं। धरती के भीतर के घुप अंधेरों को चीर कर बाहर निकला बीज, फूल, शाख, पत्तियां और फल के रंग धर लेता है। उगने, डूबने, खिलने, फैलने, मिलने, सूखने, झड़ने, चढ़ने, उतरने और खत्म होने का हर रंग प्रकृति में है और है होली के मनभावन पर्व में। पर प्रकृति हो या होली इनसे उदासीन हम, कुछ ही रंगों में सिमट जाते हैं। गिले-शिकवों, उदासी, तेरे-मेरे, क्रोध और कुंठा में ही अटक जाते हैं। नतीजा, जिंदगी में तनाव और उदासी घिरने लगती है। अर्जेंटीना में तुलनात्मक साहित्य और दर्शन विषय की जानकार प्रो. मारिया ल्यूगोनस कहती हैं, 'अच्छे अर्थो में, स्वीकारने का ही भाव है मस्ती। उसमें तमाम मूर्खताओं की भी जगह है। सही दिशा में खुद को और अपने माहौल को बनाने और बदलने का जोश ही जिंदगी है।'

**हमारी संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता है कि यहाँ पर मनाये जाने वाले सभी त्यौहार समाज में मानवीय गुणों को स्थापित करके लोगों में प्रेम, एकता एवं सद्भावना को बढ़ाते हैं। वस्तुतः होली आनंदोल्लास का पर्व है।**


## होलियाना

लेकिन होली जैसे त्यौहारों के बावजूद जीवन के सारे रंग फिके पड़ रहे हैं। न कहीं आपसी विश्वास रहा, न किसी का परस्पर प्यार, न सहयोग की उदात्त भावना रही, न संघर्ष में एकता का स्वर उठा। बिखराव की भीड़ में न किसी ने हाथ थामा, न किसी ने आग्रह की पकड़ छोड़ी। यूँ लगता है सब कुछ खोकर विभक्त मन अकेला खड़ा है फिर से सब कुछ पाने की आशा में। कितनी झूठी है यह प्रतीक्षा, कितनी अर्थ शून्य है यह अगवानी। हम भी भविष्य की अनगिनत संभावनाओं को साथ लिए आओ फिर से एक सचेतन माहौल बनाएँ। उसमें सच्चाई का रंग भरने का प्राणवान संकल्प करें। होली के लिए माहौल भी चाहिए और मन भी चाहिए, ऐसा मन जहाँ हम सब एक हों और मन की गंदी परतों को उखाड़ फेकें ताकि अविभक्त मन के आइने में प्रतिबिम्बित सभी चेहरे हमें अपने लगें।


## फोटो की दुनिया



## ट्वीट-ट्वीट




## फेसबुक वॉल से




# हिन्दू शब्द भौगोलिक एवं संस्कृति-बोधक है



वीरेंद्र सिंह परिहार

**इन** दिनों देश में ही नहीं बल्कि विदेश में भी बागेश्वरधाम सरकार यानी धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री चर्चा में हैं। उनका दावा है कि वह ब्रिटिश पार्लियामेंट को भी सम्बोधित कर चुके हैं। यही नहीं वहां उपस्थित समुदाय से 'जय श्री राम' का नारा भी लगवा चुके हैं। इस समय सबसे खास बात यह कि वह अपने कार्यक्रमों में जोर देकर यह कह रहे हैं भारत को हिंदू राष्ट्र बनाना है। स्वाभाविक है इस देश में बहुत से लोगों को हिंदू शब्द से ही करंट लगता है। कुछ लोग उनके इस अभियान को साम्प्रदायिक दृष्टि से देखते हैं। शास्त्री जब यह कहते हैं कि दुनिया में सिर्फ सनातनी धर्म ही है। सभी पंथ या मजहब हैं। इस परिप्रेक्ष्य में यह जानना जरूरी है कि भारत की शीर्ष अदालत भी यह कह चुकी है के हिंदू शब्द भौगोलिक एवं संस्कृति-बोधक है। इसका मतलब यह हुआ कि हिंदू शब्द राष्ट्र का पर्याय तो है ही साथ ही वह कोई पंथ एवं मजहब न होकर राष्ट्र की संस्कृति का प्रतीक है। शास्त्री भी कहते हैं कि हिंदू राष्ट्र का मतलब यह नहीं कि देश में वर्णाश्रम व्यवस्था फिर से आ जायेगी, बल्कि हिंदू राष्ट्र का मतलब है कि सभी किस्म के भेदभाव, ऊंच-नीच, बड़े छोटे की भावना समाप्त कर एक समरस एवं समतायुक्त समाज का निर्माण। यह कितना दुर्भाग्यपूर्ण है कि स्वतंत्र भारत में हिंदू शब्द को बहुत से लोग अपने निहित स्वार्थो के चलते कुछ ऐसा परिभाषित करते हैं जैसे वह मुस्लिम और दूसरे पंथों का विरोधी हो। इस कुचक्र के बीच शास्त्री की कई बातें सनातनी व्यक्तियों को प्रभावित करती हैं। यह कौन नहीं जानता कि देश में आए दिन हिंदुओं के त्योहारों पर पत्थरबाजी और हमले होते हैं। इन सब बातों से सनानती आहत होते हैं। उन्हें लगता है कि भारत को क्यों नहीं हिंदू राष्ट्र घोषित कर दिया जाय। संविधान निर्माताओं ने अपेक्षा की थी कि भविष्य में देश में कॉमन सिविल कोड लागू होगा। देश का सर्वोच्च न्यायालय भी कई बार जोर देकर यह कह चुका है कि देश में कॉमन सिविल कोड लागू होना चाहिए, लेकिन जब-जब देश में कॉमन सिविल कोड लागू करने की बात होती है तो कुछ लोगों द्वारा ऐसा प्रलाप किया जाता है, जैसे कि यह देश के मुसलमानों के ऊपर कोई हमला हो रहा हो। यहां तक कि देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून की आवश्यकता को देश का प्रत्येक देशभक्त नागरिक महसूस करता है, लेकिन मुस्लिम समुदाय का एक बड़ा वर्ग विरोध करता है। भारत की कुछ पार्टियां भी और वोट बैंक खिसकने के भय से खामोश रहती हैं। मुस्लिम तुष्टीकरण या अलगाववाद की हद यह है कि असम सरकार ने नाबालिग लड़कियों के विवाह को लेकर कानूनी शिकंजा कसा तो उसे इस्लाम विरोधी बताकर हंगामा किया गया। कहा गया कि कुरान में 15 वर्ष ही लड़कियों की विवाह की सीमा निर्धारित है। कट्टरपंथी सोच की हद यह है कि बहुत से लोगों को वंदे मातरम गाने में भी आपत्ति होती है। इसलिए इसमें कोई दोराय नहीं कि ऐसी प्रवृत्तियों का उन्मूलन हिंदू राष्ट्र से ही हो सकता है। देश में हिंदुओं की जनसंख्या का घटता अनुपात जिस ढंग से देश की डेमोग्राफी में परिवर्तन ला रहा है, उससे देश में एक बार पुनः बंटवारे और गुलामी का खतरा सन्निकट दिख रहा है। इन सभी समस्याओं का समाधान एकमेव भी हिंदू राष्ट्र की आवधारणा में ही है। ऐसे सभी अलगाववादी, प्रतिगामी और देश को कमजोर करने वाले और अलगाववादी प्रवृत्तियों से लड़ने के लिए हिंदू राष्ट्र की आवश्यकता समय की पुकार है। अभी एक अमेरिकन लेखक की किताब आई है, जिसमें यह बताया गया है कि 26/11 की घटना को लेकर अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति बराक ओबामा ने तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह से कहा था, कि वह आतंकी ठिकानों पर हमले करें, लेकिन मनमोहन सिंह ने यह कहते हुए इससे इंकार कर दिया था कि इससे देश का मुस्लिम मतदाता कांग्रेस से नाराज हो जायेगा। वस्तुतः ऐसी ही मनोवृत्तियों को कुचलने के लिए देश को हिन्दु राष्ट की आवश्यकता है। आये दिन यह सुनने को मिलता है कि जैसे इस देश में बहुत सारे रीति-रिवाज है, प्रथाएं और भाषाएं हैं, वैसे ही यह कई संस्कृतियों वाला देश है। इसी के चलते बहुत से लोग भारत को गंगा-जमुनी संस्कृति वाला देश कहते हैं। जबकि यमुना भी गंगा में मिलकर गंगा ही हो जाती है। सच्चाई यही है कि किसी भी राष्ट्र की संस्कृति एक होती है, यानी संस्कार एक जैसे होते हैं, तभी तो वह राष्ट्र कहलाता है। अमेरिका एवं कनाडा की भाषा एक है किन्तु वह अलग-अलग राष्ट्र हैं। कारण उनकी इतिहास की अलग-अलग अनुभूतियां हैं। स्विटजरलैंड में तीन भाषाएं प्रचलित हैं।

**मुस्लिम तुष्टीकरण या अलगाववाद की हद यह है कि असम सरकार ने नाबालिग लड़कियों के विवाह को लेकर कानूनी शिकंजा कसा तो उसे इस्लाम विरोधी बताकर हंगामा किया गया।**

## हिंदीनामा

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : आनंद सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# बरकट्ठा में 10 दिवसीय योग शिविर का आयोजन

### योग के माध्यम से हो रहा रोगों का इलाज




**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड के ऐतिहासिक पर्यटक स्थल सूरजकुंड धाम में पतंजलि योगपीठ के राज्य प्रभारी नवजीवन पांडेय और योग शिक्षक अमित कुमार, योग गुरु महेंद्र प्रसाद, ललिता कुमारी,प्रखंड प्रभारी रविंद्र पांडेय के द्वारा 10 दिवसीय आवासीय योगा कार्यक्रम के आज तीसरे दिन में रोग से बचाव हेतु विभिन्न उपाय और योगाभ्यास करवाया गया ।साथ ही कई लोगों को प्राकृतिक उपचार के माध्यम से घुटना दर्द,शुगर,बीपी समेत अन्य रोगों को ठीक किया जा रहा है।वहीं नवजीवन पांडेय ने बताया कि हमारे साथ शुगर पेशेंट का एक व्यक्ति हैं जिनका इन्सुलिन 12 पॉइंट लेना पड़ता था लेकिन अब योगा करने के बाद इनका इंसुलिन छूट चुका है।प्रत्येक दिन सुबह 5:15 से 7:30 बजे तक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जो निःशुल्क है। किंतु जिनको विशेष उपचार किसी बीमारी का करवाना है उन्हें 24 घंटा परिसर में रहकर योग शिक्षक की देखरेख में उन्हें विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा,जिसमे प्राकृतिक चिकित्सा वेलनेस विधि का प्रशिक्षण एवं रोगी का इलाज भी होगा।

## भाजपा महिला मोर्चा की जिला कार्यसमिति की बैठक

**गिरिडीह।** भाजपा महिला मोर्चा की जिला कार्य समिति की बैठक बुधवार को पार्टी कार्यालय में हुई। बैठक में मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष सरिता पांडेय, जिला प्रभारी आरती कुजूर, रौशनी तिर्की, जिलाध्यक्ष संगीता सेठ, प्रदेश मंत्री विनीता कुमारी, महिला मोर्चा की बबीता जायसवाल, पार्टी के अध्यक्ष महादेव दुबे, पूर्व सदर विधायक निर्भय शाहाबादी, डिप्टी मेयर प्रकाश सेठ भी शामिल हुए। जिला कार्य समिति के बैठक को लेकर मौजूद महिला कार्यकताओं से प्रदेश उपाध्यक्ष सरिता पांडेय ने कहा कि अब पार्टी पूरी तरह से चुनावी मोड में आ चुका है।

# प्रसन्न सागर जी महाराज का रामगढ़ आगमन आज

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** परम श्रद्धेय गुरुदेव अंतर्मना साधना महादधि तपाचार्य प्रसन्न सागर जी महाराज ससंघ का मंगल प्रवेश रामगढ़ में 2 मार्च को होगा। उनकी आगवानी श्री दिंगबर जैन समाज की ओर से शहर के बाजार टांड़ से की जाएगी। यह जानकारी श्री दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष मानिक चन्द जैन पाटनी ने दी। उन्होंने समाज के लोगों से उनके कार्यक्रम में सपरिवार शामिल होकर कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि अंतर मना मुनि श्री



प्रसन्न सागर जी महाराज भगवान महावीर के बाद सिंह निष्क्रिवृत्त की साधना करने वाले ड्डारत के एकमात्र जैन जगत के दिगंबर संत है।

## डीसी ने किया रामगढ़ महाविद्यालय का निरीक्षण

# मतगणना कक्ष में बिना पहचान-पत्र के प्रवेश नहीं



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** 23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के तहत गुरुवार को होने वाली मतगणना के मद्देनजर बुधवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे ने सर्वप्रथम मतगणना के मद्देनजर प्रतिनियुक्त सभी दण्डाधिकारियों/अधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों/कर्मियों को संयुक्त रूप ब्रीफ कर महत्वपूर्ण जानकारियां दी। ब्रीफिंग के दौरान जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने सभी दण्डाधिकारियों/अधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों/ कर्मियों को मतगणना के मद्देनजर जारी संयुक्त जिला आदेश को अच्छी तरह से पढ़ लेने, प्रतिनियुक्ति स्थल एवं स्थल पर किए जाने वाले कार्यों को अच्छी तरह से समझ लेने का निर्देश दिया । अलग-अलग प्रवेश द्वार पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं अधिकारियों को उन्होंने बिना वैध पहचान पत्र के किसी भी व्यक्ति को प्रवेश नही देने का निर्देश दिया। मतगणना के दिन भीड़ भाड़ होने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी दण्डाधिकारियों एवं अधिकारियों को ट्रैफिक व्यवस्था सुदृढ़ रखने का निर्देश दिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों, थाना प्रभारियों आदि को अपने-अपने क्षेत्रों में सजग रहकर हर गतिविधि पर पैनी नजर रखने का निर्देश दिया। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने मतगणना के लिए प्रतिनियुक्त सभी दण्डाधिकारियों/अधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों/ कर्मियों को मतगणना के दिन ससमय अपने-अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर पहुंचकर दायित्वों का निर्वहन करने के संबंध में कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। ब्रीफिंग के दौरान निर्वाची पदाधिकारी 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र सह अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन ने सभी को मतगणना के मद्देनजर जारी धारा 144 के विभिन्न प्रावधानों एवं शांतिपूर्ण तरीके से मतगणना संपन्न कराने को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। ब्रीफिंग के उपरांत जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे ने 23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के तहत मतगणना के मद्देनजर अलग-अलग मतगणना कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों एवं मतगणना के दौरान भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराने को लेकर कई आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए। गौरतलब है कि रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के तहत मतगणना गुरुवार को पूर्वाहन 8:00 बजे से रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ में प्रारंभ होगी। मतगणना के लिए रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ में कुल 3 मतगणना कक्ष बनाए गए हैं। तीनों मतगणना कक्षों को मिलाकर कुल 40 टेबलों पर मतगणना की जाएगी।

## स्थायी लोक अदालत स्पेशल कैंप का आयोजन

# अदालत में 64 एनपीए खाता का हुआ समझौता



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** बैंक ऑफ इंडिया की बरकट्ठा शाखा में बुधवार को जिला अग्रणी प्रबंधक सुधाकर पांडेय के नेतृत्व में स्थाई लोक अदालत स्पेशल कैंप का आयोजन किया गया। इस अदालत में 64 एनपीए खाता का समझौता किया गया। जिसमें कुल 35 लाख रुपए की वसूली की गई। लोक अदालत में केसीसी समेत आदि ऋण का बैंक की आकर्षक योजनाओं द्वारा समझौता किया गया। वहीं ऋण धारकों ने बकाए राशि को जमा किया। मौके पर उपस्थित एरिया मैनेजर विमल कांत झा ने बताया कि इस तरह स्थाई लोक अदालत के आयोजन का मुख्य उद्देश्य वैसे लोगों को लाभ पहुंचाना है जो आर्थिक तंगी एवं सूखा ग्रस्ती के कारण ऋण के बोझ तले दबे हुए हैं।लोक अदालत में जो एनपीए धारक जानबूझकर समझौता नहीं कराये उन पर कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। मौके पर क्षेत्रीय प्रबंधक विमल कांत झा, लोक अदालत के राजन कुमार,दीपक कुमार, शाखा प्रबंधक मनीष कुमार, उप शाखा प्रबंधक कुणाल किशोर, बैंक मित्र बचन देव कुमार भारती, दिलीप कुमार नायक, रूपेश कुमार ,अशोक मंडल समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## हड़ताल में रहे डाक्टर्स

**गिरिडीह।** आईएमए के आह्वान पर बुधवार को गिरिडीह के सरकारी और प्राइवेट डॉक्टर एक दिन के हड़ताल पर रहे। इस दौरान डॉक्टरों ने ना तो किसी मरीज का इलाज किया और न ही सेवा सदर अस्पताल और प्राइवेट नर्सिंग होम में दिखे। गिरिडीह आईएमए के डॉक्टरों की टीम इस दौरान सदर अस्पताल गई। जहां सिविल सर्जन डॉ शिव प्रसाद मिश्रा के साथ डॉक्टर विद्या भूषण, डॉक्टर अमिता रॉय, डॉक्टर, संजय कुमार, रवि महर्षि, मेधा महर्षि, राजेश चंद्रा, डॉक्टर पी सहाय समेत सदर अस्पताल और प्राइवेट नर्सिंग होम के डॉक्टर ने राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। और नाराजगी जाहिर करते हुए कहा की स्वास्थ मंत्री के आश्वासन के बाद भी अब तक राज्य में मेडिकल प्रोटेक्शन बिल लागू नहीं किया गया।

## सड़क हादसे में पति की मौत, पत्नी जख्मी

**हजारीबाग।** बड़कागांव हजारीबाग पथ के लिखलाही घाटी में अनियंत्रित हायवा ने एक मोटर साइकिल सवार पति-पत्नी को रौंद दिया, जिससे पति केदार राम की मौत हो गई जबकि उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल है। गुस्साए लोगों ने हजारीबाग बड़कागांव मार्ग को जाम कर दिया। बताया गया कि बड़कागांव थाना क्षेत्र के लेखलाही घाटी के समीप एनटीपीसी के अधीनस्थ कंपनी थ्रिवेणी सैनिक का हाईवा मोटरसाइकिल सवार पति-पत्नी को रौंद दिया। परिजन और ग्रामीण मुआवजे की मांग को लेकर सड़क जाम किए हुए हैं।

## आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा हिरासत में

**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र के कपका में एक छात्र के साथ अप्राकृतिक यौनाचार करने का मामला प्रकाश में आया है। जिसके बाद ग्रामीणों ने आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं छात्र की मां ने मामले को लेकर थाने में आवेदन देकर मामला दर्ज करवाई है। बताया जाता है कि एक नौ वर्षीया छात्र स्कूल से घर लौटने के क्रम में कपका स्थित पुराना तालाब शौच क्रिया के लिए गया। वहां पर मौजूद तालाब में मछली पालन के मजदूर राजकिशोर पिता नंद यादव, अरवल, जहानाबाद, बिहार निवासी ने छात्र को पकड़कर तालाब पर बने मकान में ले गया। वहां उसका हांथ पैर बांध और मुंह में कपड़ा ठूस कर उसके साथ अप्राकृतिक यौनाचार किया। खून से लथपथ छात्र घर पहुंचा और घटना की जानकारी दी। इसके बाद ग्रामीणों ने आरोपी को पुलिस के हवाले किया। छात्र का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा में किया गया। मामले को लेकर कांड संख्या 33/23 व धारा 377/120आईपीसी & 6 पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को पुलिस ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## आजीविका सखी मंडल की मासिक बैठक

**बरही :** जेएसएलपीएस के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी दीपक कुमार की अध्यक्षता में आजीविका सखी मंडल की मासिक बैठक संपन्न हुई । बैठक प्रखंड कार्यालय स्थित जेएसएलपीएस कार्यलय में संपन्न हुआ । जिसमें वार्षिक समीक्षात्मक चर्चा के साथ नए सखी मंडल निर्माण, आंतरिक अंकेक्षण ग्रेडिंग इत्यादि विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा किया गया । जानकारी देते हुए बीपीएम ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में 50 लक्षित सखी मंडल निर्माण के स्थान पर कुल 162 सखी मंडल बनाए गए । उन्होंने यह भी बताया कि अब तक प्रखंड में कुल 1348 सखी मंडल बनाए जा चुके हैं । जिसमें कुल 16516 परिवारों को जोड़ा गया है । इसके साथ ही चालू वित्तीय वर्ष हेतु 992 अंकेक्षण और 1127 सखी मंडल का ग्रेडिंग किया गया । बैठक में बीपीएम सहित सामुदायिक संकुल समन्वयक चंदन कुमार, राखी कुमारी, नगीना देवी, सुषमा सुमन, एफटीसी राजू पांडे, आईपीआरपी संजू कुमारी, ललिता कुमारी, पुष्पा देवी, महालखी उरांव, एडमिन सत्य प्रकाश, डाटा एंट्री ऑपरेटर राहुल कुमार एवं अन्य शामिल थे ।

## हड़ताल पर रहे डाक्टर्स, ओपीडी सेवा ठप



**बरही ।** चिकित्सकों पर लगातार हो रहे हमले के विरोध में बुधवार को राज्य के सभी चिकित्सक एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल पर रहे । झासा और आईएमए के आह्वान पर प्रखंड के चिकित्सको ने भी हड़ताल का समर्थन किया । हड़ताल के कारण सरकारी और गैर सरकारी ओपीडी बंद रहा । दिनभर मरीज चिकित्सक के लिए इधर से उधर भागते दिखे। आपातकालीन सेवाएं जारी रही । डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने बताया कि मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट नहीं लागू होने से चिकित्सक स्वयं को असहज और असुरक्षित महसूस करते हैं । उन्होंने बताया कि चिकित्सा ऐसी सेवा है कि कभी-कभी अनहोनी घटनाएं हो ही जाते हैं । ऐसे में आए दिन चिकित्सकों के साथ बदसलूकी या मारपीट की घटना देखने को मिलते है । सरकार इसे गंभीरता से लेते हुए एक्ट को शीघ्र लागू करते हुए चिकित्सकों की सुरक्षा का इंतजाम करे । अन्यथा आंदोलन तेज किया जाएगा ।

## मामला : तिलेश्वर साहू हत्याकांड

# मुख्य आरोपी को कोर्ट ने दिया दोषी करार, न्यायिक हिरासत में भेजा

**नवीन मेल संवाददाता। बरही** स्व. तिलेश्वर साहू हत्याकांड के मुख्य आरोपी वर्तमान हजारीबाग कांग्रेस जिला महासचिव विनोद यादव को कोर्ट ने दोषी साबित कर दिया है । बुधवार को हजारीबाग न्यायालय ने दफा 302 के तहत आरोपी साबित करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। 13 मार्च को हत्या की सजा सुनाई जायेगी। जानकारी देते हुए तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अरुण साहू ने बताया कि यह जीत कानून और इंसाफ की जीत है ।उन्हें कानून पर पूरा भरोसा है । कोई भी व्यक्ति चाहे कितने भी रसूखदार क्यों न हो कानून से बढ़कर कोई नही है । कोर्ट ने न्याय देने का काम किया है । वह, उनका



परिवार और कार्यकर्ता इस फैसले से सम्मान करते है । विदित हो कि 8 मार्च 2014 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उनके आवास बरही हाउस पर ही स्व साहू की हत्या कर दी गई थी । इससे बरही सहित पूरे प्रदेश में में जनाक्रोश देखा गया था।

# अलग-अलग सड़क हादसे में दो की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** गिरिडीह में बुधवार को अलग-अलग सड़क हादसे में एक किशोर समेत दो लोगों की मौत हो गई। पहली घटना जिले के बेंगाबाद थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे-114 पर हुआ। जहां नेशनल हाईवे के दामोदरडीह मोड़ में एक तेज गति से गुजर रहे कार ने साईकिल सवार को टक्कर मार दिया। मृतक बोधलाल ओझा बेंगाबाद के दुर्गा मंडप स्थित शिव मंदिर के पुजारी प्रभु ओझा का भाई था। और साईकिल से बेंगाबाद के दूधीटांड से बेंगाबाद स्थित अपने घर जा रहा था। इसी दौरान नेशनल हाईव स्थित दामोदरडीह मोड़ में गिरिडीह की और जा रहे हाई स्पीड कार ने साईकिल सवार को पीछे से टक्कर मारा। टक्कर मारने के बाद कार तो



वहां से फरार होने में सफल रहा। लेकिन घटना के तुरंत बाद ग्रामीणों के सहयोग से भाग रहे कार को गिरिडीह में पकड़ा गया। इधर साईकिल सवार बोधलाल ओझा की मौत बेंगाबाद के स्वास्थ केन्द्र में इलाज के क्रम में हो गया। घटना के बाद ग्रामीणों ने नेशनल हाईवे को जाम भी किया। लेकिन थाना प्रभारी के साथ कई और पदाधिकारियों के समझाने के बाद सड़क जाम हटा लिया गया। इधर दूसरी घटना गिरिडीह के धनवार थाना क्षेत्र के धनवार-सरिया रोड स्थित गंगापुर में हुआ। जानकारी के अनुसार बुधवार की देर शाम ट्रक के चपेट में आने से 18 वर्षीय किशोर वाजिद अंसारी का मौत घटनास्थल पर ही हो गया। इस दर्दनाक हादसे से आक्रोशित ग्रामीणों ने धनवार-सरिया रोड को जाम कर दिया। हालांकि जानकारी मिलने के बाद धनवार और परसनओपी की पुलिस के साथ धनवार सीओ भी घटनास्थल पहुंचे। और ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत किया. तो सड़क जाम हटाया गया। जानकारी के अनुसार धनवार के परसनओपी क्षेत्र के कोडाडीह गांव निवासी नासिर अंसारी का बेटा वाजिद अपने बाइक से गंगापुर गांव स्थित एक ताडी दुकान से मेन रोड पहुंचा। तो विपरीत दिशा से आ रहे मालवाहक वाहन ट्रक ने वाजिद के बाइक को सामने से टक्कर मार दिया।

## गिरिडीह में तीन दिवसीय फागुन महोत्सव की शुरूआत, देर शाम सजा बाबा श्याम का दरबार



**गिरिडीह।** गिरिडीह श्याम सेवा समिति के तत्वाधान में तीन दिवसीय फागुन महोत्सव की शुरूआत बुधवार को हुई। शहर के आइसीआर रोड स्थित श्याम मंदिर में आयोजित फागुन महोत्सव के पहले दिन बुधवार की देर शाम श्याम प्रभु और संकट मोचन हनुमान समेत नीलकंठ महादेव का अखंड ज्योत जलाया गया। जहां मौके पर दीपक मोदी ने सपत्नीक और कई श्रद्धालुओं ने सपरिवार शामिल हो कर पुजारियों के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अखंड ज्योति के समक्ष पूजा-अर्चना की। पूणार्हुति देकर बाबा श्याम से सुख-समृद्धि और निरोगीकाया का आशीर्वाद मांगा। देर शाम शुरू हुए पूजा-अर्चना का दौर रात तक जारी रहा। जिसमें श्रद्धालुओं की भीड़ द्वारा भी पूजा-अर्चना और पूणार्हुति जारी रही। वहीं देर शाम श्याम बाबा के समक्ष भजनों की रसवर्षा शुरू हुई। स्थानीय भजन गायक आकाश दधीच ने मौके पर कई झुमाने वाले भजनों के बीच भक्तों को खूब झूमाया। शुरूआत भजन गायक द्वारा गणेश वंदना कर की गयी। एक के बाद एक कई भजन गायक आकाश द्वारा पेश किये गये। भक्तों की भीड़ भी मौके पर जम कर झूमी। फागुन महोत्सव को लेकर ही आयोजन समिति श्याम सेवा समिति द्वारा बाबा श्याम का भव्य दरबार सजाया गया था। इधर आयोजन को लेकर राकेश मोदी, संजय भूदोलिया, पीयूष मुसद्दी समेत कई सदस्य सक्रिय दिखे। जबकि दूसरे दिन गुरुवार को शहर में भव्य निशान यात्रा निकाला जायेगी। जिसमें करीब साढ़े आठ सौ श्रद्धालुओं का जत्था श्याम मंदिर से निकलने के बाद पूरे शहर का भ्रमण करते हुए श्याम मंदिर में निशान अर्पण करेगा।

**दिशा-निर्देश**

## होली को लेकर शांति समिति की बैठक, फूहड़ गानों पर रोक का निर्देश

# गश्ती तेज करने के साथ सूचना तंत्र को मजबूत करें

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** भाईचारा और रंगो के त्योहार होली को लेकर बुधवार को न्यू समाहरणालय मीटिंग हॉल में गिरिडीह प्रशासन ने महत्पूर्ण बैठक किया। इस दौरान बैठक में डीसी नमन प्रियेश लकड़ा के साथ एसपी अमित रेणु, डीडीसी शशिभूषण मेहरा, उपनगर आयुक्त स्मृति कुमारी, अपर समाहर्ता विल्सन भेंगरा समेत कई प्रशासनिक और पुलिस पदाधिकारी शामिल हुए. तो बैठक में मौजूद पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सिर्फ थाना स्तर पर होने वाले शांति समिति की बैठक तक सीमित नहीं रहकर इसे आगे बढ़कर कुछ बेहतर प्लान करने की जरुरत है। क्योंकि देखा जा रहा है कि शांति समिति की बैठक में तरह की चर्चा होती है। इसके बाद भी सांप्रदायिक घटनाएं होने में देर नहीं लगता। डीसी ने पदाधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए सोशल मीडिया में कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया। और कहा कि समाजिक विद्वेस फेलाने वाले तत्वों पर भी नजर रखना जरुरी है। अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ कार्रवाई तेज करने का निर्देश दिया। और कहा कि हर रोज छापेमारी कर, जब जिन इलाकों से अवैध शराब के कारोबार की जानकारी मिले। उन इलाकों में पुलिस के सहयोग से कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। डीसी ने वक्त पर जिला नियंत्रण कक्ष शुरू करने का सुझाव दिया। तो खराब पड़े सीसीटीवी को भी दुरुस्त करने का निर्देश दिया। और कहा कि हर संवेदनशील और अतिसंवेनदशील इलाकों में गश्ती तेज करने के साथ सूचना तंत्र को मजबूत करें। जबकि त्योहार को देखते हुए मिठाई, दूध, पनीर के साथ खोवा की जांच करने का भी निर्देश दिया गया। और कहा कि पूरे जिले में पर्याप्त संख्या में दडांधिकारी और पुलिस बल की प्रतिनियुक्त किया




जाएगा। इधर बैठक में एसपी अमित रेणु ने कहा कि होली के अश्लील गीत के साथ डीजे के संचालन में पूरी तरह से पांबदी लगा रहेगा। डीजे और फूहड़ गीतों को लेकर कोई थाना किसी सूरत में समझौता नहीं करे। और अगर कोई जबरन बजाता है तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें।

**NEWS इन ब्रीफ**

## एएफसी एशियन कप अगले साल होगा शुरू

**दोहा।** कतर फुटबॉल संघ (क्यूएफए) ने घोषणा की है कि 2023 एएफसी एशियन कप 12 जनवरी से 10 फरवरी, 2024 तक कतर में आयोजित किया जाएगा। क्यूएफए ने एएफसी एशियन कप की स्थानीय आयोजन समिति (एलओसी) की स्थापना की भी घोषणा की और इसके अध्यक्ष अहमद अल-थानी को एलओसी के अध्यक्ष के रूप में नामित किया गया। अक्टूबर 2022 में, टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए कतर को एएफसी द्वारा सम्मानित किया गया, जिसमें 24 टीमें भाग लेने वाली हैं।

## जोकोविच पहले दौर में कड़े सघर्ष में जीते

**दुबई।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी सर्बिया के नोवाक जोकोविच दुबई टेनिस चैंपियनशिप के पहले दौर में चेक गणराज्य के टॉमस मैकहैक के खिलाफ पहले दौर में तीन सेटों के कड़े संघर्ष में जीते। जोकोविच ने चेक खिलाड़ी को मंगलवार को 6-3, 3-6, 7-6(1) से हराया और 2023 में अपना विजय क्रम बरकरार रखा। उनका अगला मुकाबला विश्व के 39वें नंबर के खिलाड़ी हॉलैंड के टेलन ग्रीक्सपुर से होगा। जोकोविच ने मैच में तेज शुरुआत करते हुए पहला सेट जीत लिया लेकिन ग्रीक्सपुर ने दूसरे सेट में गजब के शॉट खेलते हुए इसे जीतकर मैच को निर्णायक सेट में पहुंचा दिया। निर्णायक सेट का फैसला टाई ब्रेक में हुआ।

## संतोष ट्रॉफी नॉक आउट मैचों में इस्तेमाल होगा वार

**रियाद/सऊदी अरब।** भारतीय फुटबॉल के इतिहास में पहली बार फीफा द्वारा स्वीकृत रेफरी फैसला समीक्षा प्रणाली वीडियो असिस्टेंट रेफरी (वार) सिस्टम का इस्तेमाल नॉक आउट मैचों में किया जाएगा। वार का इस्तेमाल रियाध में खेली जा रही संतोष ट्रॉफी के लिए 76वीं राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता के नॉक आउट मैचों में किया जाएगा। पहला सेमीफाइनल पंजाब और सर्विसेस के बीच बुधवार को खेला जाएगा और यह पहला घरेलू मैच होगा जिसमें रेफरी के लिए वार सुविधाओं का इस्तेमाल होगा। वार का इस्तेमाल देश की दो शीर्ष प्रोफेशनल लीग-इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) और आई लीग में नहीं किया गया है।

## डब्ल्यूपीएल में प्रतिनिधित्व करना गर्व की बात : तारा

**नई दिल्ली।** अमेरिकी तेज गेंदबाज तारा नॉरिस उद्घाटन महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में एक एसोसिएट राष्ट्र की एकमात्र खिलाड़ी हैं। नॉरिस को फरवरी में डब्ल्यूपीएल नीलामी में दिल्ली कैपिटल्स ने 10 लाख रुपये में खरीदा था। डब्ल्यूपीएल से पहले नॉरिस ने कहाः मैं निश्चित रूप से सभी सहयोगी देशों को गौरवान्वित करना चाहती हूं। मेरे पास उन खिलाड़ियों के लिए आवाज है। बहुत सारी लड़कियां फंडिंग और सुविधाओं के लिए संघर्ष करती हैं।

# टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे अश्विन

### इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज एंडरसन को पीछे छोड़ा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन बुधवार को आईसीसी की गेंदबाजों की ताजा टेस्ट रैंकिंग में दो स्थान के फायदे से शीर्ष स्थान पर पहुंच गए हैं। अश्विन ने इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन को पीछे छोड़ते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया। वेलिंगटन टेस्ट में न्यूजीलैंड के हाथों इंग्लैंड की हार के बाद एंडरसन दूसरे स्थान पर खिसक गए। 36 वर्षीय अश्विन पहली बार 2015 में टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे थे। अश्विन ने दिल्ली टेस्ट में 6 विकेट हासिल किए थे, जिसका फायदा उन्हें रैंकिंग में हुआ। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में सात विकेट लेने के बाद एंडरसन ने 22 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस को नंबर 1 गेंदबाज के रूप में विस्थापित किया था। 40 साल की उम्र में, वह 1936 में ऑस्ट्रेलियाई लेग स्पिनर क्लैरी ग्रिमेट के बाद सबसे उम्रदराज शीर्ष क्रम के गेंदबाज थे। हालांकि, एंडरसन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में केवल तीन विकेट लिए, जिससे अश्विन को चार्ट में ऊपर आने का मौका मिला। भारत के जसप्रीत बुमराह और पाकिस्तान के शाहीन शाह अफरीदी नवीनतम रैंकिंग अपडेट में एक-एक पायदान ऊपर चौथे और पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं, बावजूद इसके कि पिछले साल जुलाई से दोनों ही गेंदबाज ने कोई टेस्ट नहीं खेला है।



### ऑलराउंडरों की टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर जडेजा

**ऑस्ट्रेलिया** के खिलाफ दिल्ली टेस्ट में भारत के बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा अपने प्लेयर ऑफ द मैच प्रदर्शन (10 विकेट और 26 रन) के बाद टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। वह ऑलराउंडरों की टेस्ट रैंकिंग में भी शीर्ष पर हैं, जिसमें अश्विन दूसरे स्थान पर हैं। इंग्लैंड के जो रूट पिछले हफ्ते वेलिंगटन टेस्ट में नाबाद 153 और 95 रन बनाने के बाद ऑलराउंडरों की रैंकिंग में आठवें और बल्लेबाजों की रैंकिंग में भी तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। मार्नस लाबुशेन और स्टीवन स्मिथ टेस्ट बल्लेबाजों में पहले और दूसरे स्थान पर हैं। हैरी ब्रूक, केवल छह टेस्ट खेलने के बाद, पहले ही विराट कोहली के साथ बल्लेबाजों के बीच 16वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

# क्रिकेट स्टार रसेल मोस्टबेट ब्रांड एंबेसडर टीम में शामिल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दुनिया भर के क्रिकेट प्रशंसकों के बीच पसंदीदा खिलाड़ी आंद्रे रसेल बुधवार को मोस्टबेट के स्टार एंबेसडर की टीम में शामिल हो गए। जमैका के स्टाइलिश ऑलराउंडर आंद्रे को दुनिया की हर क्रिकेट लीग चाहती है। दो बार के टी-20 विश्व चैंपियन, भारत, कैरेबियाई, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश और पाकिस्तान में फ्रें चाइजी लीग के अब तक विजेता, आंद्रे अपनी शानदार बल्लेबाजी और गेंदबाजी प्रदर्शन से अपनी टीम की सफलता पर बड़े प्रभाव छोड़ने के लिए जाने जाते हैं। कई लीगों और प्रतियोगिताओं के अलावा टी-20 मैचों में व्यापक अनुभव के साथ, आंद्रे दुनियाभर में प्रशंसकों के बीच एक पसंदीदा क्रिकेटर हैं। आंद्रे रसेल सबसे बड़े इंटरनेट प्लेटफॉर्म और सोशल नेटवर्क मोस्टबेट के लिए अंतरराष्ट्रीय विज्ञापन अभियान का नेतृत्व करेंगे। आने वाले महीनों में, ब्रांड और खिलाड़ी क्रिकेट सीजन और अन्य प्रमुख कार्यक्रमों के दौरान विशेष प्रचार शुरू करने की योजना बना रहे हैं। आंद्रे रसेल कंपनी के पुरस्कार ड्रॉ में भी मोस्टबेट की सहायता करेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी मूल्यवान उपहार जीतेंगे।

# इंदौर टेस्ट : ऑस्ट्रेलिया ने मैच में बनाई मजबूत पकड़


### पहली पारी के आधार पर ली 47 रनों की बढ़त

**एजेंसी। इंदौर**

बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के तहत यहां के होल्कर स्टेडियम में खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। भारतीय टीम को एक स्पिनिंग ट्रैक पर 109 रन पर समेटने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने दिन का खेल खत्म होने पर 4 विकेट पर 156 रन बना लिए हैं। पहली पारी के आधार पर ऑस्ट्रेलिया की कुल बढ़त 47 रनों की हो गई है। पीटर हैंड्सकॉम्ब 07 और कैमरून ग्रीन 6 रन बनाकर नाबाद हैं।

ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी की शुरुआत खराब रही और केवल 12 रनों के कुल स्कोर पर रवींद्र जडेजा ने ट्रैविस हेड (09) को चलता कर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद उस्मान ख्वाजा और मार्नस लाबुशेन ने दूसरे विकेट के लिए 96 रन जोड़े। 108 के कुल स्कोर पर जडेजा ने लाबुशेन को बोल्ड कर भारत को दूसरी सफलता दिलाई। जडेजा ने इसके बाद ख्वाजा को पवेलियन भेज भारत को बड़ी सफलता दिलाई। ख्वाजा ने 60 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। 146 के स्कोर पर जडेजा ने स्मिथ को आउट कर मैच में अपना चौथा विकेट लिया। इसके बाद पीटर हैंड्सकॉम्ब और कैमरून ग्रीन ने कोई और नुकसान नहीं होने दिया। भारत की तरफ से चारों विकेट रवींद्र जडेजा ने लिए।

**भारत की पहली पारी 109 रनों पर सिमटी :** इससे पहले लंच के बाद भारतीय की पहली पारी केवल 109 रनों पर सिमट गई। भारत के लिए विराट कोहली ने 22 और शुभमन गिल ने 21 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए मैथ्यू कुह्नमैन ने 5 विकेट लिए। इस मैच में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। केएल राहुल की जगह टीम में शामिल किये गए शुभमन गिल ने रोहित के साथ पारी की शुरुआत की। दोनों ने पहले विकेट के लिए 27 रन जोड़े। 27 के कुल स्कोर पर मैथ्यू कुह्नमैन ने कप्तान रोहित शर्मा को एलेक्स कैरी के हाथों कैच आउट कराया। रोहित ने 12 रन बनाए। इसके बाद कुह्नमैन ने गिल को आउट कर अपना दूसरा विकेट लिया। चेतेश्वर पुजारा कुछ खास नहीं कर सके और केवल 1 रन बनाकर नाथन ल्योन की गेंद पर बोल्ड हो गए। जडेजा भी कुछ खास नहीं कर सके और 4 रन बनाकर ल्योन का दूसरा शिकार बने। श्रेयस अय्यर बिना खाता खोले कुह्नमैन की गेंद पर बोल्ड हो गए। मर्फी ने विराट कोहली (22) को एलबीडब्ल्यू कर भारत को छठा झटका दिया। इसके बाद ल्योन ने श्रीकर भरत (17) को पवेलियन भेज भारत को सातवां झटका दिया। 88 के कुल स्कोर पर कुह्नमैन ने अश्विन (03) को एलबीडब्ल्यू कर मैच में अपना चौथा विकेट लिया। अश्विन के बाद बल्लेबाजी करने आए उमेश यादव ने कुछ बड़े शॉट खेले और दो छक्के और एक चौका लगाया। वह 13 गेंदों पर 17 रन बनाकर कुह्नमैन का पांचवां शिकार बने। 109 रनों के कुल स्कोर पर मोहम्मद सिराज के रूप में भारत का आखिरी विकेट गिरा। सिराज बिना खाता खोले रन आउट हो गए। अक्षर पटेल 12 रन बनाकर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलिया के लिए मैथ्यू कुह्नमैन ने 5, नाथन ल्योन ने 3 व टॉड मर्फी ने 1 विकेट लिया।



### इंदौर जैसी पिचें टेस्ट क्रिकेट के लिए ठीक नहीं : मैथ्यू हेडन

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ओपनर मैथ्यू हेडन ने इंदौर के होल्कर स्टेडियम में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट के लिए इस्तेमाल की जा रही पिच की कड़ी आलोचना करते हुए कहा है कि इस तरह की पिचें खेल के लम्बे प्रारूप के लिए सही नहीं हैं। भारत ने टॉस जीतकर सूखी पिच पर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया लेकिन इसके बाद जो हुआ वह हैरान कर देने वाला था। पिच से गेंद को भारी टर्न और असमतल उछाल मिल रहा था और मेजबान टीम ने अपनी आधी टीम 45 रन तक गंवा दी और लंच तक जाते-जाते दो विकेट और गंवा दिए। भारत लंच के बाद पहली पारी में 109 रन पर सिमट गया। हेडन ने पहले सत्र के दौरान कमेंट्री करते हुए कहाः ऐसा होना नहीं चाहिए कि स्पिनर छठे ओवर में ही गेंदबाजी करने आ जाए। यही कारण है कि मुझे ऐसी पिचें पसंद नहीं हैं। पहले दिन गेंद इतनी नीची नहीं रहनी चाहिए और उसे इतना टर्न नहीं मिलना चाहिए। इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि इस टेस्ट को ऑस्ट्रेलिया जीते या भारत। धर्मशाला को तीसरे टेस्ट के लिए अनफिट पाए जाने के बाद इंदौर को इस मैच की मेजबानी सौंपी गयी। औसतन स्पिनर्स के लिए गेंद 2.5 डिग्री टर्न करती है जबकि नयी दिल्ली में यह 3.8 डिग्री था जबकि इंदौर में यह टर्न 4.8 डिग्री पहुंच गया। हेडन ने कहाः यही कारण है कि मुझे ऐसी पिचों के साथ परेशानी है। एक स्पिन गेंदबाज को छठे ओवर में गेंदबाजी करने के लिए नहीं आना चाहिए। 4.8 डिग्री जबरदस्त टर्न है। इतना टर्न आप तीसरे दिन देखते हैं। उन्होंने कहाः आपको बल्लेबाज को भी मौका देना चाहिए। पहला और दूसरा दिन बल्लेबाजी के लिए होना चाहिए। यह स्पिन गेंदबाजों का स्वर्ग नहीं होना चाहिए।

### केएल की जगह गिल को मिला मौका, शमी को आराम

भारत ने यहां बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के तहत खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच में केएल राहुल की जगह शुभमन गिल को शामिल किया है। वहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम में मिचेल स्टार्क और कैमरन ग्रीन की वापसी हुई है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतने के बाद कहाः हम पहले बल्लेबाजी करेंगे। यह काफी अच्छा ड्रेसिंग रूम है और टीम का मनोबल ऊंचा है। खिलाड़ियों को अपने कौशल पर भरोसा है। हमने यहां काफी क्रिकेट खेली है लेकिन यह सतह थोड़ा अलग है। थोड़ा सूखा दिखता है और आपको अपने कौशल को अनुकूलित करना होगा और हर समय इसमें रहना होगा। हम अभी तक डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर सके हैं और हमारा लक्ष्य यह मैच जीतकर क्वालीफाई करना है। हमने दो बदलाव किए हैं- केएल की जगह गिल आए हैं। वहीं, हमने शमी को आराम दिया और उमेश यादव को मौका मिला है।

# हॉकी इंडिया ने तीन लोगों को अंतरिम कोच किया नियुक्त

### बीजे करियप्पा, शिवेंद्र सिंह के साथ ऑस्ट्रेलियाई डेविड जॉन अंतरिम कोच के रूप में करेंगे काम

**एजेंसी। बेंगलुरु**

बीजे करियप्पा और शिवेंद्र सिंह के साथ ऑस्ट्रेलियाई डेविड जॉन भारतीय पुरुष हॉकी टीम के अंतरिम कोच के रूप में काम करेंगे। बता दें कि एफआईएच हॉकी विश्व कप के बाद ग्राहम रीड ने देश के मुख्य कोच के पद से इस्तीफा दे दिया था। फिजियोलॉजिस्ट डेविड जॉन ने हॉकी इंडिया के लिए उच्च प्रदर्शन निदेशक के रूप में कार्य किया है। शिवेंद्र सिंह ने भारतीय पुरुषों की सीनियर टीम के लिए एक फारवर्ड के रूप में खेला और बीजे करियप्पा ने पहले जूनियर भारतीय हॉकी टीम को कोचिंग दी थी। भारत अगले महीने राउरकेला में विश्व चैंपियन जर्मनी और दुनिया की नंबर 4 टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने एफआईएच प्रो लीग 2022-23 मैचों की मेजबानी करेगा। भारत इन दोनों विरोधियों से दो-दो मैचों में भिड़ेगा। ओलंपिक वेबसाइट के अनुसार हॉकी इंडिया ने इसके लिए 20 सदस्यीय टीम की घोषणा भी कर दी है। अनुभवी हरमनप्रीत सिंह भारत के कप्तान होंगे। अमित रोहिदास की जगह हार्दिक सिंह को टीम का उपकप्तान बनाया है। अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश भी टीम के सदस्य हैं। गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक अनुपलब्ध हैं, क्योंकि उनकी शादी की तारीखें एफआईएच प्रो लीग मैचों से मेल खाती हैं।

हरमनप्रीत सिंह और मनप्रीत सिंह भारत के लिए डिफेंस में खेलेंगे, जबकि हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद और राज कुमार पाल मिडफील्ड में खेलेंगे। फॉरवर्ड में एस कार्थी, सुखजीत सिंह, अभिषेक और गुरजंत शामिल हैं। एफआईएच हॉकी प्रो लीग मैचों के लिए भारतीय टीम राउरकेला जाने से पहले 6 मार्च तक साई, बेंगलुरु में अभ्यास करती रहेगी। भारत 10 मार्च और 13 मार्च को जर्मनी से भिड़ेगा। इसके बाद टीम मौजूदा राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया से 12 और 15 मार्च को भिड़ेगी। भारत वर्तमान में एफआईएच प्रो लीग 2022-23 अंक तालिका में केवल ग्रेट ब्रिटेन से पीछे दूसरे स्थान पर है, जिसके चार मैचों के बाद नौ अंक हैं।



# सेंचुरियन टेस्ट : मार्करम ने दो साल बाद लगाया शतक

### अंतिम सत्र में वेस्टइंडीज ने की वापसी

**एजेंसी। सेंचुरियन**

एडन मार्करम के बेहतरीन शतक की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने यहां वेस्टइंडीज के खिलाफ खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के पहले दिन का खेल खत्म होने पर 8 विकेट पर 314 रन बना लिए हैं। मार्करम ने 115 रनों की बेहतरीन शतकीय पारी खेली। मार्करम के अलावा डीन एल्गर ने भी 71 रनों के शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। मार्करम का यह उनके करियर का छठा टेस्ट शतक था। इस मैच में दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। एल्गर और मार्करम ने दक्षिण अफ्रीका को शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 141 रनों की साझेदारी की। इस साझेदारी को अल्जारी जोसेफ ने तोड़ा। अल्जारी ने एल्गर को ब्लैकवुड के हाथों कैच कराकर दक्षिण अफ्रीका को पहला झटका दिया। इसके बाद टोनी डे जॉर्जी ने मार्करम के साथ दूसरे विकेट के लिए 80 रन जोड़े। इस दौरान मार्करम ने अपने दो साल के इंतजार को खत्म करते हुए अपने टेस्ट करियर का छठां शतक लगाया। 221 के कुल स्कोर पर जॉर्जी 28 रन बनाकर रन आउट हो गए। कप्तान तेम्बा बावुमा कुछ खास नहीं कर सके और बिना खाता खोले अल्जारी जोसेफ की गेंद पर एलबीडब्ल्यू हो गए। 236 के कुल स्कोर पर मार्करम भी 115 रन बनाकर अल्जारी जोसेफ का शिकार बने। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका के विकेट नियमित अंतराल पर गिरते रहे और दिन का खेल खत्म होने पर अफ्रीकी टीम ने 8 विकेट पर 314 रन बनाए।



## हॉकी इंडिया ने श्रीजेश और सविता को दी बधाई

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीम के गोलकीपर पीआर श्रीजेश और सविता को मंगलवार शाम मुंबई में स्पोर्टस्टार एसीईएस 2023 पुरस्कार प्राप्त करने पर बधाई दी है। पीआर श्रीजेश को 2022 में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर (टीम स्पोर्ट्स) नामित किया गया था। श्रीजेश ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2021-2022 में भारतीय टीम के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, भारतीय टीम इस टूर्नामेंट में तीसरे स्थान पर रही थी, इसके बाद बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में टीम ने रजत पदक जीता था, इस टूर्नामेंट में भी श्रीजेश की भूमिका काफी शानदार थी। वह भुवनेश्वर में न्यूजीलैंड और स्पेन के खिलाफ एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2022-2023 के घरेलू मैचों में भी टीम के प्रदर्शन के लिए भी महत्वपूर्ण थे। दूसरी ओर, सविता को स्पोर्टस्टार एसीईएस स्पोर्ट्सवुमेन ऑफ द ईयर अवार्ड (टीम स्पोर्ट्स) मिला।

**डब्ल्यूपीएल** | **भारतीय ऑलराउंडर दयालन हेमलता ने कहा**

# हमारा प्रदर्शन और अधिक होगा बेहतर

### युवा महिलाओं को क्रिकेट अपनाने के लिए प्रोत्साहित करेगा डब्ल्यूपीएल

**एजेंसी। मुंबई**

भारतीय ऑलराउंडर दयालन हेमलता को उम्मीद है कि यह मार्की टूर्नामेंट एक ऐसा मंच स्थापित करेगा जो अधिक युवा महिलाओं को क्रिकेट अपनाने के लिए प्रोत्साहित करेगा। हेमलता को अडाणी गुजरात जायंट्स ने 30 लाख रुपये में उद्घाटन महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के लिए नीलामी में चुना है।

**बतौर हेमलता :** घरेलू स्तर से काफी युवा प्रतिभाशाली खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में खेल रही हैं, जो देखकर अच्छा लग रहा है। डब्ल्यूपीएल हमारे प्रदर्शन को और अधिक बेहतर करने में मदद करेगा, क्योंकि यह मंच प्रदान करेगा। इसे लेकर काफी चहल-पहल है। काफी समय हो गया है और अब इंतजार खत्म हुआ। उन्होंने कहाः जब मैं 18 साल की थी तब मैंने क्रिकेट खेलना शुरू किया था और मैं तब गेंदबाजी नहीं करती थी, लेकिन मैं केवल एक क्षेत्ररक्षक थी।

इससे पहले, मुझे यकीन नहीं था कि महिला क्रिकेट के लिए किस तरह के अवसर हैं। लेकिन अब समय बदल गया है। खेल में लैंगिक समानता अधिक है। महिला क्रिकेट आगे बढ़ रहा है और यहां से आगे भी बढ़ता रहेगा। टी-20 में स्पिन के महत्वपूर्ण ओवर डालने वाली मध्यक्रम की बल्लेबाज हेमलता इस सत्र में महिला टी-20 के तीनों घरेलू टूर्नामेंट विजेता, सीनियर टी-20 ट्रॉफी में रेलवे के साथ, मध्य क्षेत्र में इंटरजोनल ट्रॉफी में और चैलेंजर ट्रॉफी में भारत-डी टीम का हिस्सा थीं। 29 वर्षीय हेमलता ने मुंबई में पिचों की स्थिति पर भी बात की।



### कई खिलाड़ी मुंबई में खेलकर होंगे खुश

**हेमलता ने कहा :** मैंने मुंबई में बहुत सारे मैच खेले हैं, इसलिए यह मेरे लिए काफी परिचित है। मुझे लगता है कि कई खिलाड़ी मुंबई में खेलकर खुश होंगे। पिचें अच्छी और हाई स्कोरिंग हैं। मैं हर बार मैदान पर अडानी गुजरात जायंट्स के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए उत्सुक हूं। हेमलता जिन्होंने नवम्बर 2018 में न्यूजीलैंड महिला के खिलाफ महिला टी-20ई की शुरुआत की, अडाणी गुजरात जायंट्स के लिए खेलने के बारे में बात की। मध्यक्रम के इस बल्लेबाज ने कहाः मैं अडाणी गुजरात जायंट्स का हिस्सा बनकर उत्साहित हूं। मैं प्रबंधन को मुझ पर भरोसा दिखाने और मुझे टीम में लेने के लिए धन्यवाद देना चाहती हूं। मैं अपने पहले मैच का इंतजार कर रही हूं। अडाणी गुजरात जायंट्स की टीम 2023 डब्ल्यूपीएल में अपने अभियान की शुरुआत 4 मार्च को मुंबई इंडियंस के खिलाफ करेगी।



# विमान ईंधन चार फीसदी हुआ सस्ता, नई दरें लागू

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में नरमी के चलते देश में विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमत में कटौती की गई है। सार्वजनिक क्षेत्र के तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने एटीएफ की कीमत 4 फीसदी घटा दी है। पिछले महीने एटीएफ के दाम में 4,218 रुपये प्रति किलोलीटर यानी 3.9 फीसदी की बढ़ोतरी की गई थी। नई दरें लागू हो गई हैं। सरकारी तेल कंपनियों की ओर से बुधवार को जारी मूल्य अधिसूचना के मुताबिक विमान ईंधन कीमत में चार फीसदी की कटौती की गई है। इस कटौती के बाद दिल्ली में एटीएफ की कीमत 4,606.50 रुपये प्रति किलोलीटर घटी है, जिसके बाद अब यह 1,07,750.27 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई है। कोलकाता में अब एटीएफ की कीमत कम होकर 1,15,091.33 रुपये प्रति किलोलीटर होगी। इसी तरह मुंबई में इसकी कीमत घटकर 1,06,695.61 रुपये प्रति किलो लीटर हो गई है जबकि चेन्नई में यह 1,12,497.99 रुपये प्रति किलोलीटर मिल रहा है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले नवंबर, 2022 से लेकर फरवरी तक एफटीएफ के दाम तीन बार




घटाए गए थे। एक नवंबर, 2022 को इसकी कीमत में 4.19 फीसदी की कटौती हुई थी, जबकि एक दिसंबर को इसकी कीमत 2.3 फीसदी घटी थी। एक जनवरी, 2023 को इसका दाम 1,17,587.64 रुपये प्रति किलोलीटर से घटाकर 1,08,138.77 रुपये प्रति किलोलीटर किया गया था लेकिन फरवरी में इसकी कीमत में 4,218 रुपये प्रति किलोलीटर यानी 3.9 फीसदी की बढ़ोतरी कर 1,12,356.77 रुपये प्रति किलोलीटर किया गया था।

# सहयोग की तलाश में, बिल गेट्स प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार से मिले

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को समझने और आगे के सहयोग का पता लगाने के लिए बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के सह-अध्यक्ष और ट्रस्टी अरबपति बिल गेट्स ने यहां सोमवार को भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार (पीएसए) अजय के. सूद के कार्यालय का दौरा किया। गेट्स की यात्रा के दौरान, सूद ने पीएसए कार्यालय की व्यापक व्यस्तताओं का अवलोकन किया, जिसमें एक स्वास्थ्य, क्वांटम टेक्नोलॉजीज,



आजीविका, ग्रीन हाइड्रोजन, वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन आदि पर राष्ट्रीय मिशन शामिल हैं। चर्चा प्रमुख रूप से बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के साथ वन हेल्थ मिशन और वेस्ट टू वेल्थ मिशन की प्राथमिकता पर केंद्रित थी। गेट्स ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी पहलों पर ध्यान केंद्रित करने की सराहना की।

# मैकडॉनल्ड्स फॉर यूथ कैंपेन लॉंच




**एजेंसी। नई दिल्ली**

स्थानीय समुदायों में बदलाव लाने और सकारात्मक प्रभाव डालने के अपने प्रयास में, मैकडॉनल्ड्स इंडिया नॉर्थ एंड ईस्ट 2025 तक अपने कर्मचारियों का 50 प्रतिशत यानी 1500 लोगों को गैर-सरकारी संगठनों के माध्यम से नियुक्त करने की योजना बना रहा है। मैकडॉनल्ड्स इंडिया नॉर्थ एंड ईस्ट ने 'मैकडॉनल्ड्स फॉर यूथ' कैंपेन लॉन्च किया है, जिसका उद्देश्य स्थानीय समुदायों, विशेष रूप से कम-विशेषाधिकार प्राप्त लोगों को लाभकारी रोजगार की संभावनाएं प्रदान करके भारत की विकास में सार्थक योगदान देना है। अब तक, ब्रांड ने पिछले साल 500 से अधिक युवाओं को काम पर रखा है, कई प्रतिष्ठित गैर-लाभकारी संगठनों जैसे कि मैजिक बस, टेक महिंद्रा फाउंडेशन, क्वेस कॉर्प फाउंडेशन और तरार्की के साथ साझेदारी की है। 'मैकडॉनल्ड्स फॉर यूथ' पहल के माध्यम से काम पर रखे गए अधिकांश लोगों के लिए यह बेहद महत्वपूर्ण है। उनकी आय का पहला स्रोत होने के अलावा, ये युवा मैकडॉनल्ड्स के वैश्विक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम से लाभान्वित होते हैं, जिसके माध्यम से वे अपने करियर पथ में सफल होने के लिए वांछित कौशल और ज्ञान प्राप्त करते हैं। इसमें खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता प्रथाओं, सुरक्षित भोजन से निपटने, ग्राहक सेवा, संचार, टीम वर्क जैसे कौशल शामिल हैं। मैकडॉनल्ड्स के पास अपने मजबूत प्रशिक्षण कार्यक्रमों के साथ लोगों में सही धष्टिकोण, सहानुभूति और जुनून को आत्मसात करके आतिथ्य पेशेवरों को आकार देने की एक गौरवशाली विरासत है। पहल के बारे में बात करते हुए, मैकडॉनल्ड्स इंडिया-नॉर्थ एंड ईस्ट के प्रबंध निदेशक राजीव रंजन ने कहा, 'मैकडॉनल्ड्स फॉर यूथ' एक अभियान है जिसके माध्यम से हम युवाओं, विशेष रूप से वंचित समुदायों के युवाओं, जिनके पास शिक्षा और रोजगार के सीमित अवसर हैं, के लिए लाभकारी रोजगार की पेशकश करना है। हमारा लक्ष्य इस पहल के तहत अपने प्रवेश स्तर के 50 प्रतिशत कार्यबल को नियुक्त करना है, हमारे विश्व स्तरीय उच्च गुणवत्ता वाले प्रशिक्षण और सीखने के कार्यक्रमों के माध्यम से उनके समग्र विकास में निवेश करना है।

## फरवरी में जीएसटी संग्रह 1.40 लाख करोड़ के पार

**नयी दिल्ली।** माल एवं सेवाकर कर (जीएसटी) का फरवरी 2023 में सकल राजस्व संग्रह 1,49,577 करोड़ रुपये रहा है जो फरवरी 2022 के जीसटी राजस्व 1,33,0266 करोड़ रुपये की तुलना में 12 प्रतिशत अधिक है। यह लगातार 12 वां महीना है जब जीएसटी राजस्व संग्रह 1.40 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है। जनवरी 2023 में जीएसटी राजस्व संग्रह 1.50 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा था। वित्त मंत्रालय द्वारा आज जारी आंकड़ों के अनुसार फरवरी में केंद्रीय जीएसटी 27,662 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी 34,9150 करोड़ रुपये, एकीकृत जीएसटी 75,069 करोड़ रुपये जिसमें आयात पर संग्रिहत 35,689 करोड़ रुपये का कर भी शामिल है। उपकर 11,931 करोड़ रुपये रहा है जिसमें आयातित वस्तुओं संग्रहित कर 792 करोड़ रुपये भी शामिल है। मंत्रालय ने बताया कि केंद्र ने नियमित निपटान के रूप में आईजीएसटी से सीजीएसटी में 34,770 करोड़ रुपये और एसजीएसटी में 29,054 करोड़ रुपये का आवंटन किया है। फरवरी 2023 में नियमित निपटान के बाद केंद्र और राज्यों का कुल जीएसटी राजस्व क्रमशः सीजीएसटी 62,432 करोड़ रुपये और एसजीएसटी 63,969 करोड़ रुपये रहा।

# सोना और चांदी महंगे

**नई दिल्ली।** पिछले कुछ दिनों से लगातार करेक्शन का दौर झेल रहा सरार्फा बाजार भी आज घरेलू शेयर बाजार की तरह ही बाउंस बैक करता नजर आया। आज के कारोबार में सोना और चांदी दोनों चमकीली धातुओं ने मजबूती का रुख दिखाया, जिससे सोने की कीमत एक बार फिर 56 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर को पार कर गई। चांदी का भाव भी आज 64 हजार रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर को पार करने में सफल रहा। पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को सोना का आखिरी बंद भाव 55,550 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा था। आज इसकी कीमत में



535 रुपये प्रति 10 ग्राम का उछाल आ गया। सोने की अलग-अलग श्रेणी में आज 535 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 313 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी दर्ज की गई। इसी तरह चांदी भी आज के कारोबार में 1,400 रुपये प्रति किलोग्राम उछल गई।

# बाजार में लौटी रौनक

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार के लिए आज का दिन रौनक लौटाने वाला साबित हुआ है। बैंक, आईटी शेयरों की बदौलत सेंसेक्स और निफ्टी में जबरदस्त तेजी दर्ज की गई और स्टॉक मार्केट जोरदार उछाल के साथ बंद होने में कामयाब रहा है। आज के दिन शेयर बाजार की क्लोजिंग शानदार तेजी के साथ हुई है। बीएसई का सेंसेक्स 448.96 अंक यानी 0.76 फीसदी की उछाल के साथ 59,411.08 पर जाकर बंद होने में कामयाब रहा है। एनएसई का निफ्टी 146.95 अंक यानी 0.85 फीसदी ऊपर चढ़कर 17,450.90 पर क्लोज हुआ है। सेंसेक्स के 30 में से 28 शेयरों में आज तेजी के साथ कारोबार बंद हुआ है और निफ्टी के 50 में से 45 शेयरों में तेजी रही। सेंसेक्स के 2 शेयर और निफ्टी के 5 शेयर ही आज गिरावट के लाल निशान में बंद हुए हैं। आज बाजार बंद होते समय आईटी, मीडिया, मेटल, फार्मा, पीएसयू बैंक के साथ बैंक निफ्टी के शेयरों में जोरदार तेजी दर्ज की गई।

## पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में तेजी का रुख है। पिछले 24 घंटे में ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़कर 84 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 78 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमत में लंबे समय से कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक बुधवार को दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।

## बिसलेरी की अटक गई टाटा से डील

**मुंबई।** टाटा कंज्यूमर और बिसलेरी के बीच डील पर बातचीत रुक गई है। इसका कारण वैल्यूएशन को बताया जा रहा है। बिसलेरी के मालिक इस डील से करीब 1 बिलियन डॉलर जुटाना चाहते थे। बिसलेरी भारत की सबसे बड़ी पैकेज्ड वाटर कंपनी है। रमेश चौहान ने इसे साल 1969 में करीब 4 लाख रुपए में खरीदा था। ब्लूमबर्ग ने इसे लेकर एक रिपोर्ट पब्लिश की है। पिछले साल अगस्त में खबर आई थी कि सॉफ्ट ड्रिंक ब्रांड थम्स अप, गोल्ड स्पॉट और लिम्का को कोका-कोला को बेचने के लगभग तीन दशक बाद, रमेश चौहान बिसलेरी इंटरनेशनल को बेचने जा रहे हैं।

## भारत में एडब्लूएस लिफ्ट प्रोग्राम लॉन्च

**नयी दिल्ली।** मध्यम उद्योग को डिजिटल सफर शुरू करने में मदद के उद्देश्य से एडब्लूएस ने आज भारत में एडब्लूएस लिफ्ट प्रोग्राम के लॉन्च की घोषणा की। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि यह प्रोग्राम 80 से 625 करोड़ के वार्षिक राजस्व वाले मध्यम एवं बड़े उद्योग का सहयोग करने पर केंद्रित है। इस प्रोग्राम में शामिल होने वाले नए और मौजूदा ग्राहकों को 12 महीनों के लिए एडब्लूएस प्रमोशनल क्रेडिट का एक स्टार्टर पैक मिलेगा।

## रात की धारणा

मुम्बई मूंगफली तेल 1695 से 1700
मुम्बई पाम तेल 955 से 960
मुम्बई सोयाबीन रिफाइंड 1095 से 1100
राजकोट तेलिया 2650 से 2660
गुजरात मूंगफली तेल 1650 से 1675
गुजरात कपास्या तेल 965 से 970
मूंगफली तेल इंदौर 1690 से 1700
सोयाबीन रिफाइंड 1075 से 1080
इंदौर सोयाबीन साल्वेंट 1045 से 1050
इंदौर पाम तेल 1010 से 1015 रुपये प्रति दस किलोग्राम।

# पेज एक के शेष

### पूजा आपकी देन...

मुख्य न्यायाधीश नए आये हैं। राज्यपाल के शपथ ग्रहण समारोह में चीफ जस्टिस ने भी जोहार शब्द से शुरुआत की थी। हम लोगों को क्या दिक्कत हो सकती है जोहार बोलने में? आप खुद ही देखें, आदिवासी लोगों का बड़े-बड़े पदों पर पहुंचना तो दूर की बात है, उन्हें उचित सम्मान तक नहीं मिल रहा है। हमारी सरकार इसी सोच के साथ काम कर रही है कि गरीब, आदिवासी, दलित, मूलवासी को भरपूर सम्मान मिले। हम सबको साथ लेकर चलते हैं। हमारी मंशा साफ है कि सबको न्याय मिले। यही वजह है कि जो कार्यक्रम आदिवासी दलितों के लिए शुरू करते हैं तो अन्य वर्ग भी इसकी मांग करने लगते हैं। हम कोशिश करते हैं कि सभी को जोड़ लें। वही तो हम लोग कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार अपने कार्यों को राज्यपाल के माध्यम से लोगों तक लेकर जाती है। हम सकारात्मक सोच के साथ सरकार चलाने के प्रयास में हैं। हम चाहते तो अभिभाषण में अपनी तारीफ लिखे हैं तो उनकी (भाजपा की) नाकामी को भी लिख सकते हैं। लेकिन हम लोगों ने ऐसा नहीं किया। 20 सालों में इनको पहली बार ट्रेनिंग मिल रही है कि कैसे सवालों को उठायें। हम तो अभी सत्ता में आये हैं। ये तो लंबे वक्त तक सत्ता में ही रहे हैं। बाल विवाह, भ्रूण हत्या की वजह गरीबी और अशिक्षा है। सावित्री बाई फुले योजना से इस पर अंकुश लग रहा है। आने वाले दिनों में हालात और बेहतर होंगे। इस योजना से हम बालिकाओं को शिक्षित कर रहे हैं। बच्ची पढ़ेगी तो आनेवाली पीढ़ी भी शिक्षित होगी। सीएम ने कहा कि राज्य बनने के बाद ज्यादातर समय इन लोगों (भाजपा और सहयोगी दलों) ने सरकार चलाई। अब ये इस बात को लेकर चिंतित हैं कि ये सत्ता में वापस कैसे आयेंगे? यही वजह है कि ये लगातार भ्रष्टाचार, लॉ एंड आर्डर की बात उठा रहे हैं। यह एक दिन में नहीं हुआ है। सारा कुछ इनका किया हुआ है। हम तो इस कीचड़ को साफ कर रहे हैं। आप रिकॉर्ड उठा कर देख लें, कितने आदिवासी, दलित आईएएस, आईपीएस, जज हैं? योजनाबद्ध तरीके से आये विपक्ष ने झारखंड को चारागाह बना कर छोड़ दिया है। इन लोगों को झारखंड को झारखंड नहीं, बल्कि लूटखंड बना डाला है। जीएसटी से सालाना सरकार को 5 से 6 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है। ऐसी नीति बना डाली कि राज्यों को ही नुकसान हो रहा है।

### खनिजों के अवैध...

समिति को पूरा सहयोग करने हेतु निर्देशित किया जायेगा। खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम की धारा-23 (सी) के अन्तर्गत राज्य में खनिजों के अवैध परिवहन की रोकथाम हेतु झारखंड खनिज (अवैध खनन, परिवहन और भंडारण की रोकथाम) नियम, 2017अधिसूचित किया गया है। अधिसूचित नियमावली के नियम- 9(1) के अनुसार उत्खनित खनिजों का रेल मार्ग से परिवहन भी जिम्स पोर्टल से प्राप्त परिवहन चालान के माध्यम से ही किया जाना है। इस संदर्भ में खान एवं भूतत्व विभाग एवं विभिन्न उपायुक्त/जिलास्तरीय पदाधिकारियों के माध्यम से भी वैध ई-चालान के साथ खनिजों के परिवहन हेतु कई निर्देश निर्गत किये गये हैं। इन सभी प्रयासों के बावजूद भी विभिन्न स्रोतों से सूचनाएं प्राप्त हो रहीं हैं कि रेलवे के माध्यम से बिना वैध चालान के भारी मात्रा में खनिज का परिवहन/प्रेषण किया जा रहा है। इस संदर्भ में उपायुक्त, दुमका द्वारा रेलवे के माध्यम से रेलवे साइडिंग से बिना परमिट/चालान के पत्थर चिप्स के परिवहन करने के संदर्भ में सूचनाएं/आंकड़े भेजे गये हैं। इस अनियमितता में रेलवे के अधिकारियों की संलिप्तता परिलक्षित होती है। अतः राज्य अन्तर्गत विभिन्न खनिजों के अवैध परिवहन में रेलवे के अधिकारियों की भूमिका की जांच एवं रोकथाम के लिए सुझाव देने हेतु एक सदस्यीय एसआईटी गठन करने का निर्णय लिया गया है।

### क्या शिंदे गुट...

ने शिवसेना के विधायकों को तोड़कर अलग पार्टी बना लिया। विधानसभा में शिंदे गुट के विधायकों ने शिवसेना पार्टी व्हिप को नहीं माना और भाजपा के साथ सरकार बना ली। ऐसे में शिंदे गुट के विधायकों की विधानसभा सदस्यता, सांसदों की सदस्यता भी जा सकता है।

इस मामले की सुनवाई के समय एकनाथ शिंदे गुट के वकील एनके कौल की बात सुनने के बाद सर्वोच्च न्यायालय ने कहाः कोई भी विधायक या उनका समूह गवर्नर से यह कहने का अधिकार नहीं रखता है कि वह गठबंधन के साथ नहीं जाना चाहता है। इसका आसान सा जवाब है। जब तक आप सदन के सदस्य हैं आप वहां के अनुशासन से बंधे हुए हैं। आप को अपनी ही पार्टी के साथ मतदान करना होगा। यदि आप नहीं जाना चाहते हैं, तो आप अपने नेता के पास जाइए और राजनीतिक दल के बाहर फैसला लीजिए। न्यायालय को बताया गया कि एक ही दिन में दो राजनीतिक व्हिप नियुक्त किये गये थे। हम पार्टी के जनादेश का पालन कर रहे हैं। महत्वपूर्ण सवाल यह है कि दोनों व्हिप में असली किसे माना जाए। जिस गुट को आधिकारिक तौर पर मान्यता दी गई है, पहले उनके पास बहुमत था। इस दौरान तर्क दिया गया कि विधायकों में असंतोष था और बगावत को देखते हुए फ्लोर टेस्ट का आदेश देना राज्यपाल के लिए सही था। सर्वोच्च न्यायालय ने इस मामले में जो कुछ कहा है उसके मद्देनजर कई वरिष्ठ वकीलों का कहना है कि यदि संविधान पीठ ने शिवसेना विधायकों को चाहे किसी भी तरह से तोड़ने या टूटने के मामले में, यदि मूल पार्टी के व्हिप का उल्लंघन करने पर विधान सभा या संसद की सदस्यता खत्म हो जाने का फैसला सुना दिया और यह फैसला दे दिया कि जन प्रतिनिधि जिस पार्टी से चुन कर आते हैं यदि उसके व्हिप को नहीं मानते हैं तो उनकी विधान सभा या संसद सदस्यता खत्म हो जाएगी, यह हो जाये तो अभी जो चुनी हुई विपक्षी दलों की सरकारों का साम-दाम-दंड-भेद से गिराने का जो अभियान चल पड़ा है, वह बहुत हद तक बंद हो जाएगा। क्योंकि जो व्हिप नहीं मानना चाहता उसे इस्तीफा देकर फिर चुनाव लड़ना पड़ेगा। जिसमें ऐसे ज्यादातर नेता हार सकते हैं। सर्वोच्च न्यायालय की संविधान पीठ के समक्ष मंगलवार को हुई इस मामले की सुनवाई में जो हुआ उसको लेकर राजनीतिक दलों में चर्चा तेज हो गई है। क्योंकि यदि जिस पार्टी से चुने गये उसके व्हिप का उल्लंघन करने वालों की सदस्यता खत्म करने का प्रावधान हो जाए, तब तो महा शक्तिशाली द्वारा जबरा मारे रोवे न दे वाले अभियान को बड़ा झटका लग जाएगा।

### भारत में सोरोस...

फाउंडेशन को 'पूर्व अनुमति' सूची में डाल दिया है, जिसमें उन्होंने भारत जैसे बढ़ते राष्ट्रवाद वाले देशों में शासन परिवर्तन को प्रभावित करने के लिए 1 बिलियन डॉलर का वचन दिया था। सीएए विरोधी और कृषि विरोधी कानूनों के विरोध में ओएसएफ की फंडिंग और भागीदारी की व्यापक रूप से रिपोर्ट की गई है। ओएसएफ इंडिया के उपाध्यक्ष सलिल शेट्टी ने हाल ही में भारत जोड़ी यात्रा के दौरान कांग्रेस के नेता राहुल गांधी के साथ पदयात्रा की।

सोरोस सड़कों से लेकर शेयर बाजारों तक अराजकता पैदा करके भारतीय लोकतंत्र के बार-बार और शानदार फैसले को उलट देना चाहता है। खुले समाज के उनके विचार को उनके संरक्षक, दार्शनिक कार्ल पॉपर, एक साम्यवादी की शिक्षाओं से निकाल दिया गया है, जो बाद में सभी अधिनायकवादी प्रवृत्ति के खिलाफ हो गए और प्लेटो से लेकर हेगेल और मार्क्स से लेकर फ्रायड तक पश्चिमी दार्शनिक दिग्गजों की जमकर आलोचना की। लेकिन सोरोस का विनाश मुख्य रूप से उनके अपने अंतर्विरोधों में निहित है। वह नियंत्रित पूंजीवाद और परोपकार की दृष्टि वाला पूंजीवादी है। लेकिन वह सबसे खराब वामपंथी अराजकतावादियों और यहां तक कि आतंक के आरोपी समूहों के माध्यम से बनाता है और काम करता है। उसका हाथ बीएलएम टू पीएफआई में देखा जा रहा है। उन्होंने इस्लामवाद और साम्यवाद, दो सबसे अधिक सत्तावादी और हिंसक विचारधाराओं को एक अधिक 'खुली' दुनिया बनाने के अपने दृष्टिकोण में सहयोगी बनाया है। ऐसी हिंसक और बंद विचारधाराओं को समर्थन देने वाले समूहों के साथ किस तरह का खुला समाज बनाया जा सकता है? इसके अलावा, सोरोस भारत को नहीं समझते हैं। वह इसे पश्चिमी राष्ट्र-राज्य की अपनी धुंधली धारणा से देखता है। वह एक ऐसे विचार के खिलाफ जोर दे रहा है जो यहां मौजूद नहीं है।

**- (लेखक झारखंड के प्रमुख राजनीतिक विशेषज्ञ और सहकारी नेता हैं। इस लेख में व्यक्त विचार उनके अपने हैं)**

### अपनी जीवनशैली बदलें...

देते हैं। अंतः दीपावली या किसी अन्य मौके पर आप उस शर्ट को लैंडपील्ड में ही फेंक आते हैं। आप किसी भी लैंडफील्ड में चले जाएं, 25 प्रतिशत आपको कपड़े ही नजर आएंगे। ये संसाधन को नष्ट करने के समान ही है। इसका दूसरा इस्तेमाल रीसाइकिल करके हो सकता है। आप पहले के दौर को याद करें। तब माताएं-बहनें कपड़ों को फेंकती नहीं थी। वो कपड़ों को जमा करती थीं। कपड़े जब ज्यादा हो जाते थे तो उसे बर्तन वालों को दे देती थीं। कपड़ों के एवज में दो-तीन स्टील के या पीतल या कांसे के बर्तन मिल जाते थे। यानी, उस कपड़े को लैंडफील्ड में नहीं फेंका गया बल्कि उसका इस्तेमाल बदल कर दूसरा सामान ले लिया गया। अब जिसे आपने कपड़े दिये हैं, वो उसे मार्केट में सेकेंड हैंड में बेच देगा और जो गरीब आबादी है, वो उसे नए सिरे से इस्तेमाल करेगी। यही चेन है। आपने शर्ट को फेंका नहीं और उसी शर्ट के बदले में आपको बर्तन भी मिल गए तथा आपने एक रोजगार भी पैदा कर दिया, एक तीसरे शख्स ने उसे दो पैसे कम देकर खरीद भी लिया। यही चेन है। इसे एडॉप्ट करना ही होगा।

### यह हमें समझना होगा, कोई भी चीज बेकार नहीं होती

यह पूछे जाने पर कि रीसाइक्लिंग को लेकर आम जनमानस में क्या जागरूकता फैलाने की जरूरत है, राजेंद्र शर्मा ने कहाः हमें इस बात को समझना होगा कि कोई भी चीज बेकार नहीं है। उदाहरण के लिए आप मोबाइल को ले लें। एक मोबाइल फोन आपने दो-तीन साल यूज किया। फिर आपने नई ले ली। अब आप पहले वाले हैंडसेट का क्या करेंगे, यह आपके ऊपर निर्भर करता है। अगर आपको पता हो कि आपने मोबाइल हैंडसेट में लोहा, पीतल, तांबा, अल्यूमिनियम, चांदी, सोना (परावर्तित रूप में) मौजूद है तो आप उसे कहां रीसाइकिल करेंगे। आपके पास मशीन नहीं है तो आप ये करें कि उसे किसी बढ़िया दुकानदार को दे दें। खासकर, जो बड़ी कंपनियों के दुकान हैं, उन्हें ही दें। वो आपको मोबाइल हैंडसेट का उचित मूल्य भी देंगे और उसे रीसाइकिल करने के लिए भेज देंगे। इससे फायदा यह होगा कि मोबाइल में जो नुकसानदेह पदार्थ हैं, बैटरी है, केमिकल है, अन्य पदार्थ हैं, उनका समुचित इस्तेमाल हो जाएगा। इससे कम से कम पर्यावरण को कोई खतरा नहीं होगा। इसलिए यह हर आदमी को समझना होगा कि अगर रीसाइकिलिंग के सिस्टम को आज नहीं समझा गया तो आने वाले वक्त में कई समस्याएं खड़ी हो जाएंगी। मानव जीवन पर खतरा यूं ही मंडरा रहा है, यह और बढ़ जाएगा।

## देश की खबरें

# विपक्ष विकास से भटका रहा ध्यान : सीएम योगी



**एजेंसी। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को सदन में विपक्ष को घेरा और कहा कि कहा कि हमने लघु और कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए वन डिस्ट्रिक वन प्रोडक्ट(ओडीओपी) दिया है। आपने 'वन डिस्ट्रिक वन माफिया' दिया था। यूपी के मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वित्तवर्ष 2023-24 के लिए पेश किए गए बजट पर चर्चा कर रहे थे। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि हमने लघु और कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए वन डिस्ट्रिक वन प्रोडक्ट दिया है। आपने 'वन डिस्ट्रिक वन माफिया' दिया था। उन्होंने सपा पर प्रदेश के कलाकारों व लघु उद्यमियों का अपमान करने का आरोप लगाया। कहा कि आपने प्रदेश में माफियाओं को खड़ा किया और प्रदेश को विकास के पैमाने पर पीछे जाने को मजबूर कर दिया। उन्होंने विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव की नामौजूदगी पर निशाना साधते हुए कहा कि हर समस्या के सामने दो रास्ते होते हैं। एक निदान के लिए भाग लो या फिर समस्या देखकर ही भाग लो। जैसे अभी नेता प्रतिपक्ष (अखिलेश यादव) की कुर्सी खाली है वैसे ही प्रदेश की पूर्ववर्ती सरकार समस्याओं से अपना पीछा छुड़ाकर भाग लेती थी। योगी ने कहा कि 2017 से पहले बजट का आकार तीन लाख 40 हजार करोड़ था जबकि इस बार हमने 6 लाख 90 हजार करोड़ रुपये का बजट पेश किया है। उन्होंने सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि आपने यूपी को बीमारू प्रदेश बना दिया था, हम अगले पांच साल में इसे देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाएंगे। आपने प्रदेश में माफियाओं को खड़ा किया और प्रदेश को विकास के पैमाने पर पीछे जाने को मजबूर कर दिया। उन्होंने कहा, "कल नेता प्रतिपक्ष कह रहे थे कि आप दावोस गये होते तो पचास लाख करोड़ का निवेश आ जाता, आखिर मान गए न कि निवेश आया है। हम पचीस करोड़ जनता के लिए इस सदन में बैठे हैं। आज से 6 वर्ष पूर्व उत्तर प्रदेश मे जनता जनार्दन ने सबका साथ, सबका विश्वास के मूलमंत्र को अंगीकार करके सत्ता परिवर्तन किया। 2017 से 2022 तक सरकार ने कार्य किया।"

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## NEWS इन ब्रीफ

### ठग सुकेश ने एलजी को लिखा पत्र



**नई दिल्ली।** ठगी के मामले में मंडोली जेल में बंद सुकेश चंद्रशेखर ने उपराज्यपाल (एलजी) विनय कुमार सक्सेना को एक बार फिर चिट्ठी लिखी है। उसने इस बार एलजी से जेल का वीडियो लीक होने के मामले में शिकायत की है। सुकेश का आरोप है कि दो जेल अधिकारियों ने इस वीडियो को लीक किया है, जिसमें वह धमकी देते और परेशान करते हुए नजर आ रहे हैं। साथ ही सुकेश ने इन दोनों जेल अधिकारियों को 5.50 लाख रुपये रिश्वत देने का भी आरोप लगाया है।

### टीनूबू होंगे नाइजीरिया के अगले राष्ट्रपति

**अबुजा/नाइजीरिया।** अफ्रीका की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था



और सबसे अधिक आबादी वाले देश नाइजीरिया के अगले राष्ट्रपति सत्तारूढ़ पार्टी ऑल प्रोग्रेसिव कांग्रेस (एपीसी) के बोला टीनूबू होंगे। राष्ट्रपति पद के लिए 25 फरवरी को हुए चुनाव में उन्हें निर्वाचित घोषित किया गया है। इस चुनाव में कुल 18 उम्मीदवारों ने किस्मत आजमाई। मुख्य मुकाबला एपीसी के बोला टीनूबू, मुख्य विपक्षी पार्टी पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के अतीकु अबुबकर और लेबर पार्टी के पीटर ओबी के बीच रहा।

### नेपाल में दो पूर्व मंत्री भ्रष्टाचार के दोषी

**काठमांडू।** नेपाल में दो पूर्व मंत्रियों को भ्रष्टाचार का दोषी पाया गया है। नेपाल की विशेष अदालत ने पूर्व मंत्री टेक बहादुर गुरुंग और बद्री प्रसाद न्यौपाने को दोषी करार दिया। विशेष अदालत के अध्यक्ष श्रीकांत पौडेल समेत तीन सदस्यीय बेंच ने मंगलवार को फैसला सुनाया। गुरुंग नेपाल के उत्तरी हिमालयी जिले मनांग से पिछले साल हुए चुनाव में नेपाली कांग्रेस से संसद सदस्य बने थे। हालांकि, उन्हें निलंबित कर दिया गया था।

**ब्रेकिंग दी बैरियर्स : स्टोरीज ऑफ अनकन्वेंशनल विमेन**

# नौसेना की महिला अफसरों ने साझा किए अपने अनुभव

**नौसेना में लैंगिक सशक्तिकरण और समावेशी प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी दी गई**

**महिला अधिकारियों ने नौसेना के प्रयासों को भी समाज के सामने लाने का काम किया**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय नौसेना की महिला अधिकारियों ने मध्य प्रदेश के शहर औरंगाबाद में जी-20 के तत्वावधान में हुई ब्रेकिंग दी बैरियर्सः स्टोरीज ऑफ अनकन्वेंशनल विमेन बैठक में अपने अनुभवों और जुड़ाव को साझा किया। महिला अधिकारियों ने बताया कि भारतीय नौसेना में लैंगिक सशक्तिकरण और समावेशी प्रक्रिया का पूरी तरह पालन किया जाता है। विमेन-20 की शुरुआती बैठक में नौसेना अधिकारियों के पास सुनाने के लिये कुछ न कुछ अनोखे और विशेष अनुभव थे।

औरंगाबाद में 27-28 फरवरी को आयोजित विमेन-20 की बैठक में बातचीत करते हुए महिला अधिकारियों ने अपने विचार और वृत्तांत प्रस्तुत किए। लेफ्टिनेंट कमांडर स्वाति भंडारी ने बताया कि कैसे वह ऊंचाई से लगने वाले डर पर विजय हासिल करके कुशल नेवी पायलट बनीं। उन्होंने संचालन, खोज और बचाव मिशनों में कई बार उड़ान भरी है। उन्हें उनकी उपलब्धियों के लिए पिछले महिला दिवस पर नागर विमानन मंत्रालय ने सम्मानित किया था।

### नौकायन के अनुभवों को कमांडर शाजिया ने किया साझा

स्त्री रोग सर्जन कमांडर शाज़िया खान ने डॉक्टर के रूप में और नौकायन के दौरान होने वाले अनुभवों को साझा किया। उन्होंने हाल में राजस्थान में संपन्न होने वाली कार-रैली के अनुभव भी बताये। उन्होंने कहा कि इन सबने उनके व्यक्तित्व को आत्मविश्वास से भर दिया है। लेफ्टिनेंट कमांडर दिशा अमृत ने गर्व के साथ अपनी उस यात्रा के बारे में बताया, जिसमें उन्होंने एनसीसी गणतंत्र दिवस परेड के दौरान 144 कर्मियों वाले भारतीय नौसेना के दस्ते का नेतृत्व किया।




**जी-20 विदेश मंत्रियों की बैठक**

# रूसी विदेश मंत्री से मिले जयशंकर

**एजेंसी। नई दिल्ली**



जी-20 विदेश मंत्रियों की बैठक के लिए दुनियाभर से मेहमान नेताओं का भारत आगमन हो रहा है। इसी क्रम में रूस और ब्रिटेन के विदेश मंत्री भी भारत पहुंचे हैं जिनसे विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने मुलाकात की। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मुलाकात की जानकारी देते हुए विदेश मंत्री जयशंकर ने ट्वीट कर कहा कि जी-20 विदेश मंत्रियों की बैठक के मौके पर उनके साथ व्यापक चर्चा हुई। आपसी द्विपक्षीय सहयोग और जी-20 विषयों पर विचार साझा किये। इससे पहले जयशंकर ने ब्रिटेन के विदेश मंत्री जेम्स केलेवर्ली से भी मुलाकात की और संबंधों में हुई प्रगति की समीक्षा की। जयशंकर ने विशेष रूप से युवा पेशेवरों से जुड़ी योजना की शुरूआत की सराहना की। वैश्विक स्थिति के साथ-साथ जी-20 की रूपरेखा पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया।

यूरोपीय संघ के एचआरवीपी जोसेप बोरेल फोंटेल्स से विदेश मंत्री की मुलाकात जी-20 की कार्यसूची और यूक्रेन कॉनफि्लक्ट पर केंद्रित रही। साथ ही दोनों नेताओं ने भारत-यूरोपीय संघ के बीच सहयोग की निरंतर प्रगति को भी सराहा। कोमोरोस के विदेश मंत्री और अफ्रीकी संघ के अध्यक्ष दोहीर धोलकमल से मुलाकात में विदेश मंत्री ने सागर नीति के अन्तर्गत, समुद्री पड़ोसियों के प्रति भारत के दृढ़ समर्थन को दोहराया। उन्हें आश्वस्त किया कि भारत की जी-20 अध्यक्षता वैश्विक दक्षिण के विषयों को प्राथमिकता देगी। मेक्सिको के विदेश मंत्री मासेलो एबरार्ड सी. के साथ विदेश मंत्री जयशंकर ने मजबूत बहुपक्षीय सहयोग को सराहा, साथ ही जी-20 एजेंडे पर चर्चा की। साथ ही प्रगति और विकास से संबंधित मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया। नाइजीरिया के विदेश मंत्री ज्योफरी ओनयेमा से मिलकर जयशंकर ने उन्हें वैश्विक दक्षिण और अफ्रीकी संघ के हितों के लिए भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। इसके अलावा कनाडा, अर्जेंटीना, नीदरलैंड, सिंगापुर के विदेश मंत्रियों का भी भारत आगमन हो चुका है।

# फिनलैंड ने रूस सीमा पर 200 किमी. बाड़ का निर्माण शुरू किया

**बाड़ के कुछ हिस्सों में नाइट विजन कैमरे, लाइट और स्पीकर लगाए जाएंगे**

**एजेंसी। हेलसिंकी**



फिनलैंड ने देश की सुरक्षा के मद्देनजर रूस के साथ अपनी सीमा पर 200 किमी. लम्बी बाड़ का निर्माण शुरू कर दिया है। फिनलैंड रूस के साथ सबसे लंबी यूरोपीय संघ 1,340 किलोमीटर सीमा साझा करता है। मौजूदा समय में नॉर्डिक राष्ट्र की सीमाएं मुख्य रूप से हल्की लकड़ी की बाड़ से सुरक्षित हैं। फिनलैंड के बॉर्डर गार्ड के अनुसार यह बाड़ कंटीले तार के साथ 10 फीट ऊंची होगी। रूस के यूक्रेन में हमले के बाद बड़ी संख्या में रूस के नागरिक फिनलैंड की ओर भाग रहे हैं। अभी लकड़ी की बाड़ मुख्य रूप से पशुओं को सीमा पार करने से रोकने के लिए है। इसलिए कंटीले तार की बाड़ का निर्माण अपरिहार्य हो गया है। बॉर्डर गार्ड ने कहा कि इमात्रा सीमा चौकी पर बाड़ का निर्माण करने का काम मंगलवार को शुरू हो गया। बाड़ के कुछ हिस्सों में नाइट विजन कैमरे, लाइट और लाउड स्पीकर लगाए जाएंगे।

फिनलैंड ने मजबूत बाड़ के निर्माण की अनुमति देने के लिए पिछले साल जुलाई में अपने सीमा रक्षक अधिनियम में नए संशोधन पारित किए थे। अक्टूबर, 2022 में रूस से लगी सीमा पर बाड़ लगाने के प्रस्ताव को संसद में सभी पार्टियों का व्यापक समर्थन मिला था। प्रधानमंत्री सना मारिन ने बाड़ के निर्माण के विचार पर चर्चा की थी। चर्चा के बाद उन्होंने कहा था कि इस बाड़ के पूरा होने में चार साल लगेंगे। निर्माण के पहले वर्ष में 140 मिलियन यूरो (138 मिलियन डॉलर) की लागत आएगी। फिनलैंड ने यूक्रेन पर आक्रमण के मद्देनजर रूस के खिलाफ कई उपायों की घोषणा की थी।

## भारतीय मूल के प्रो. बालाकृष्णन माकोर्नी पुरस्कार से सम्मानित

**एजेंसी। न्यूयॉर्क**

भारतीय मूल के अमेरिकी प्रोफेसर हरि बालाकृष्णन को 2023 के माकोर्नी पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। माकोर्नी पुरस्कार को संचार प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में शीर्ष सम्मान माना जाता है। यह पुरस्कार वायर्ड और वायरलेस नेटवर्किंग, मोबाइल सेंसिंग और वितरित सिस्टम में मौलिक खोज में महत्वपूर्ण योगदान के लिए प्रदान किया जाता है। बालकृष्णन एमआईटी के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और कंप्यूटर साइंस विभाग में फुजित्सु प्रोफेसर हैं। साथ ही एमआईटी कंप्यूटर साइंस एंड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस लेबोरेटरी में प्रमुख अन्वेषक हैं। माकोर्नी सोसाइटी के अध्यक्ष विंट सेर्फ ने कहा है कि हरि बालाकृष्णन के अद्वितीय योगदान ने कई क्षेत्रों में अनुसंधान और खोज को आकार दिया है।

## ग्रीस में ट्रेन और मालगाड़ी की टक्कर, 32 की मौत

**एजेंसी। एथेंस/ग्रीस**

ग्रीस में एक यात्री ट्रेन और मालगाड़ी के बीच बुधवार तड़के हुई में 32 लोगों की मौत हो गई, वहीं हादसे में 85 से ज्यादा लोग हुए हैं। यह हादसा एथेंस से लगभग 380 किलोमीटर उत्तर में टेम्पे के पास हुआ है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर के बाद यात्री ट्रेन में आग लग गई। ग्रीस रेलवे के अधिकारियों का कहना है कि राहत और बचाव कार्य तेज कर दिया गया है। दमकल विभाग के मुताबिक घायलों की संख्या बढ़ सकती है। एक यात्री ने सरकारी समाचार प्रसारक ईआरटी को बताया कि वह अपने सूटकेस से ट्रेन की खिड़की तोड़कर बाहर निकलने में सफल रहा। ट्रेन में करीब 350 लोग यात्रा कर रहे थे। घायलों को लारीसा शहर के अस्पताल में भेजा गया है।




## 'चंद्रमुखी 2' के सेट पर लौटीं कंगना

**एक्ट्रेस** कंगना रनौत अपनी अपकमिंग फिल्म 'इमरजेंसी' के पोस्ट-प्रोडक्शन में काफी बिजी हैं। फिल्म में कंगना रनौत ने एक निर्देशक के रूप में और एक अभिनेता के रूप में दो मोर्चों पर काम किया है। 'क्वीन' की एक्ट्रेस ने 'चंद्रमुखी 2' के लिए शूटिंग शुरू कर दी हैं। कंगना ने बुधवार को सोशल मीडिया पर वैनिटी वैन से तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें उन्हें फिल्म के सीन के लिए तैयार होते हुए देखा जा सकता है। उन्होंने पोस्ट में लिखा, अपनी टीम के साथ अपकमिंग फिल्म चंद्रमुखी 2 के सेट पर वापसी। हम इसे लेकर बहुत उत्साहित हैं।' इससे पहले एक्ट्रेस ने शेयर किया था कि वह 'चंद्रमुखी 2' के लिए क्लाइमैक्स सॉन्ग के लिए हिंसल कर रही थी। इसे कला मास्टरजी द्वारा कोरियोग्राफ किया गया है, जिसमें गोल्डन ग्लोब अवार्ड विनर एम.एम. कीरावनी द्वारा कंपोज किया गया।



## ऑस्कर में नजर आएगी 'नाटू नाटू'



एसएस राजमौली की फिल्म 'आरआरआर' इस साल के ऑस्कर समारोह में नजर आएगी। इस फिल्म के गाने 'नाटू नाटू' को ऑस्कर 2023 के लिए नॉमिनेट किया गया है। अब जब गाने को नॉमिनेट किया गया है तो फैंस भी एक्साइटेड हैं। फैंस की इस उत्सुकता की बड़ी वजह यह है कि इस साल ऑस्कर के मंच पर 'नाटू नाटू' गाने पर डांस भी किया जाएगा। इस गाने पर राहुल सिप्लिगुंज और काल भैरव परफॉर्म करेंगे। ऑस्कर के मंच पर परफॉर्म कर रहे 'आरआरआर' के आइकॉनिक सॉन्ग को सुनकर फैंस काफी खुश हैं। 95वें ऑस्कर अवॉर्ड समारोह जो 12 मार्च की रात से शुरू होगा। इस समारोह में 'नाटू नटू' गाने की परफॉर्मेंस पूरी दुनिया देखेगी। पूरी दुनिया की निगाहें ऑस्कर समारोह पर टिकी हैं। जब से यह खबर सामने आई है, 'आरआरआर' के फैंस खुशी से झूम उठे हैं। इतना ही नहीं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर भी इसी गाने की चर्चा हो रही है और 'नाटू नटू' ट्रेंड कर रहा है। फिल्म 'आरआरआर' ने दुनिया भर के सभी बेस्ट अवार्ड जीते हैं। ऐसे में इस फिल्म के गाने 'नाटू नटू' को ऑस्कर 2023 में नॉमिनेट किया गया है और अनुमान लगाए जा रहे हैं कि यह गाना इस साल ऑस्कर अवॉर्ड लेकर आएगा। ट्विटर पर भी 'नाटू नटू' का उत्साह देखने को मिल रहा है। ट्विटर पर 'नाटू नटू' के लाइव परफॉर्मेंस को लेकर काफी दिलचस्पी है। फैंस कह रहे हैं कि 'आरआरआर' के 'नाटू नटू' गाने ने पूरी दुनिया को एक कर दिया है। ऐसे में पूरी दुनिया में फैंस इस गाने पर थिरकते नजर आ रहे हैं।

## अक्षय कुमार की 'सेल्फी' का बुरा हाल

**अक्षय** कुमार की पिछली कई फिल्में बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रहीं। ऐसे में अक्षय को नए साल की अपनी पहली रिलीज 'सेल्फी' से काफी उम्मीदें थीं, लेकिन दर्शकों ने फिल्म से मुंह मोड़ लिया है। अक्षय की फिल्म 'सेल्फी' ने पांच दिनों में बेहद कम कमाई की है। बताया जाता है कि इस फिल्म को बनाने में 150 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। लेकिन कमाई वैसी होती नजर नहीं आ रही है। फिल्म ने पांच दिनों में बॉक्स ऑफिस पर केवल 10 करोड़ का आंकड़ा पार किया। एक बड़े स्टार की फिल्म को इतना कम रिस्पॉन्स मिलना हैरानी की बात है। 'सेल्फी' ने रिलीज के पहले दिन 2.55 करोड़ बटोरे। दूसरे दिन 3.80 करोड़ और तीसरे दिन 3.90 करोड़ रुपये की कमाई की। चौथे दिन 1.3 करोड़ और पांचवें दिन 1.10 करोड़। पांच दिनों में 'सेल्फी' ने कुल 12.70 करोड़ बटोरे हैं। यानी पांच दिनों में यह फिल्म 20 करोड़ रुपये भी नहीं पहुंच पाई है। फिल्म में अक्षय और इमरान के साथ बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस नुसरत भरूचा और डायना पेंटी भी हैं।




## सलमान की नई फिल्म के गाने 'बिल्ली बिल्ली' का टीजर रिलीज

बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' की रिलीज की तैयारी में व्यस्त हैं। सलमान खान का लेटेस्ट गाना 'बिल्ली बिल्ली' का टीजर रिलीज हो गया है। इस गाने में सलमान खान ने अपने डांसिंग अंदाज से अपने फैंस का ध्यान खींचा है। ऐसे में अब इस गाने का टीजर फैंस के लिए उपलब्ध हो गया है। 'बिल्ली बिल्ली' गाने के टीजर में सलमान खान और पूजा हेगड़े के अलावा फिल्म की बाकी स्टार कास्ट की झलकियां भी दिखाई गयीं हैं। 'किसी का भाई किसी की जान' का गाना 'बिल्ली बिल्ली' का टीजर सामने आने के बाद अब हर कोई इस गाने के लिए बेताब है।

**संबंध** | **अमेरिकी कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल की मोदी से मुलाकात**

# भारत का साथ जरूरी : चार्ल्स शूमर

**चीन को पछाड़ने के लिए अमेरिका और पश्चिमी देशों को भारत के साथ रखना होगा गहरा संबंध**

**एजेंसी। वाशिंगटन**



पिछले सप्ताह भारत की यात्रा करने वाले अमेरिकी कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख सदस्य न्यूयॉर्क के सीनेटर चार्ल्स शूमर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हुई मुलाकात में बातचीत का मसौदा साझा किया। उन्होंने कहा कि अगर हम इस सदी में चीन की कम्युनिस्ट पार्टी को पछाड़ना चाहते हैं, तो अमेरिका और पश्चिमी देशों को भारत के साथ अपने संबंधों को गहरा करने का प्रयास जारी रखना होगा। शूमर के साथ भारत पहुंचे अमेरिकी कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल में सीनेटर रॉन विडेन, जैक रीड, मारिया कैंटवेल, एमी क्लोबुचर, मार्क वार्नर, गैरी पीटर्स, कैथरीन कॉर्टेज-मस्तो और पीटर वेल्च शामिल थे। ये सभी सीनेटर सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक पार्टी के हैं। संवाददाता सम्मलेन में शीर्ष अमेरिकी सीनेटरों के इस समूह ने कहा कि उन्होंने यूक्रेन युद्ध के विषय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से कहा कि यह निरंकुशता और लोकतंत्र के बीच लड़ाई है। यूक्रेन को और मदद मुहैया कराने के लिए लोकतांत्रिक देशों को एकजुट होना चाहिए।

चार्ल्स शूमर ने कहा कि हमने यह भी तर्क दिया कि यह निरंकुशता और लोकतंत्र के बीच की लड़ाई है। हमने प्रधानमंत्री मोदी के समक्ष यह मामला उठाया। हमने कहा अगर रूस जैसी निरंकुशता प्रबल होती है तो चीन जैसी निरंकुशता को और बल मिल सकता है। यह सिर्फ ताइवान का मसला नहीं है। वर्षों से चीन और भारत के बीच सीमा विवाद रहा है। हाल ही में वहां संघर्ष हुआ था। शूमर ने कहा कि यूक्रेन में लड़ाई का प्रभाव भारत में भी होगा। हमने इस बात पर जोर दिया कि अमेरिका को जापान, ऑस्ट्रेलिया जैसे अन्य प्रशांत सहयोगियों के साथ सहयोग और समन्वय करना चाहिए। भारत को सहकारी विकास और सह उत्पादन प्रणाली के बारे में सोचना शुरू करना चाहिए, ताकि हम अपने रक्षा औद्योगिक आधार का विस्तार कर सकें।

### अमेरिका ने भारत से संबंध मजबूत किए

अमेरिकी पॉलिटिकल मिलिट्री ब्यूरो की सहायक विदेश मंत्री जेसिका लुईस ने कहा कि अमेरिका ने भारत के साथ अपने संबंधों को प्रगाढ़ और मजबूत किया है। भारत सुरक्षा संबंधों के लिहाज से हमारे लिए अविश्वसनीय रूप से महत्वपूर्ण देश है। लुईस ने 'डिफेंस राइटर्स ग्रुप' के साथ चर्चा में जोर देकर कहा-'अमेरिका ने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के साथ अपने संबंधों को प्रगाढ़ और मजबूत किया है। यह सिलसिला जारी रहेगा।' लुईस ने कहा-' अमेरिका, सुरक्षा संबंधों पर भारत के दृष्टिकोण से संतुष्ट है। अमेरिका और भारत इस मोर्चे पर लगातार प्रगति कर रहे हैं।'